राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 220
लखनऊ, सोमवार 13, अप्रैल 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





रखा दरगाह में 23 अप्रैल को होगा विशाल उर्स 10

रक्षामंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के शहीद परिवार का जाना हाल, प्रतिनिधि मंडल से मिले 03


# आशा भोसले की सांसों की वीणा हुई शांत, सातों सुर शोक में डूबे

## 92 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

**एजेंसी, (मुंबई)।**



मशहूर गायिका आशा भोसले का रविवार को यहां ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। उनकी उम्र 92 साल थी और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थता के कारण उन्हें यहां भर्ती कराया गया था।

ब्रीच कैंडी अस्पताल के डॉ. प्रतीत समदानी ने बताया कि कई अंगों के काम करना बंद कर देने के कारण उनका निधन हो गया। उनके बेटे आनंद भोसले ने उनके निधन की पुष्टि की है उन्होंने बताया कि श्रीमती भोसले का पार्थिव शरीर लोगों के दर्शनार्थ कल सुबह 11 बजे उनके आवास पर रखा जायेगा और अपराह्न चार बजे शिवाजी पार्क में उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। श्रीमती भोसले को शनिवार शाम छाती में संक्रमण और कमजोरी की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी पोती जनाई भोसले ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए लिखा था, मेरी दादी, आशा भोसले, बहुत कमजोरी और छाती में संक्रमण की वजह से अस्पताल में भर्ती हैं। हम आपसे उनकी निजता का सम्मान बनाए रखने की अपील करते हैं। पद्म विभूषण और दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित श्रीमती भोसले 50, 60 और 70 के दशक के बॉलीवुड के संगीत के सुनहरे दौर की आखिरी जीवित हस्ती थीं। इस दौर में लता मंगेशकर, मोहम्मद रफ़ी, किशोर कुमार, मुकेश, मन्ना डे और खुद भोसले जैसी हस्तियां शामिल थीं। वह अपनी सुरीली आवाज़ और बहुमुखी प्रतिभा के लिए मशहूर थीं। उन्होंने फ़िल्मी संगीत, पॉप, ग़ज़ल, भजन, पारंपरिक भारतीय शास्त्रीय संगीत, लोकगीत, क़व्वाली और रवींद्र संगीत जैसे कई अलग-अलग तरह के संगीत में अपनी कला का प्रदर्शन किया। उन्होंने 20 से ज़्यादा भारतीय और विदेशी भाषाओं में गाने गाए हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे एवं राहुल गांधी सहित विभिन्न दलों के नेताओं और प्रमुख हस्तियों ने मशहूर गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है और कहा है कि उनकी बहुमुखी प्रतिभा आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगी।

## निधन पर शोकाकुल हुआ भारत, राजनेताओं ने दी श्रद्धांजलि



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को प्रख्यात पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि आशा भोसले जी के निधन से संगीत जगत में खालीपन आ गया है। प्रख्यात गायिका के रूप में उनके शानदार करियर ने भारत में संगीत के एक युग को परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि उनके पास भोसले के साथ व्यक्तिगत रूप से हुई बातचीत की सुखद यादें हैं। राष्ट्रपति ने कहा, उन्होंने एक कलाकार और एक व्यक्ति के रूप में अपनी शर्तों पर अपना जीवन जिया। अपनी मधुर और सदाबहार आवाज से उन्होंने दशकों तक भारतीय संगीत को समृद्ध किया। मुर्मू ने कहा, उनका संगीत अमर रहेगा। उनका निधन संगीत प्रेमियों के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मैं उनके परिवार और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं।



उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने महान गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। श्री राधाकृष्णन ने रविवार को अपने शोक संदेश में कहा, ष्महान गायिका आशा भोसले जी के निधन से मैं अत्यंत दुखी हूं। उनके परिवार, प्रशंसकों और संगीत प्रेमियों के प्रति मेरी संवेदनाएं। उन्होंने कहा कि आशा भोसले की बहुमुखी आवाज ने उन्हें विभिन्न संगीत शैलियों में सहज रूप से पारंगत बनाया, जिसमें गजल और भजन जैसी विधाएं भी शामिल हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उनकी अमर आवाज और संगीत विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी और करोड़ों लोगों के दिलों में गूंजती रहेगी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वर सम्राज्ञी भोसले को याद करते हुए शोक संदेश में कहा, देश की एक अद्वितीय और बहुमुखी आवाजों में से एक, आशा भोसले जी के निधन से मैं अत्यंत दुखी हूं। दशकों तक उनके असाधारण संगीत यात्रा ने हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया और दुनिया भर में अनगिनत दिलों को छुआ। चाहे उनकी भावपूर्ण धुनें हों या जीवंत रचनाएं, उनकी कालातीत आवाज हमेशा याद की जाएगी। उनके साथ हुई अपनी मुलाकातों को मैं हमेशा संजोकर रखूंगा।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आशा भोसले का निधन संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है और उनके सुमधुर गीतों की गूंज सदैव बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि भारत की सुर साम्राज्ञी आशा भोसले जी का निधन मेरे लिए अत्यंत पीड़ादायक है। पार्श्व गायिका के रूप में उन्होंने हजारों फिल्मों एवं संगीत एल्बम्स में अपनी आवाज दी। उनके गाए हुए गीतों को भारत की कई पीढ़ियों ने सुना और गुनगुनाया है। उनके सुमधुर गीतों की गूंज सदैव बनी रहेगी। आशा भोसले जी का निधन संगीत और जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। दुख की इस घड़ी में उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

# अमेरिकी सेना तत्काल प्रभाव से होर्मुज की करेगी पूर्ण घेराबंदी : डोनाल्ड ट्रंप

**एजेंसी, वाशिंगटन।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर जबरन वसूली का आरोप लगाते हुए घोषणा की है कि अमेरिकी नौसेना तत्काल प्रभाव से होर्मुज जलडमरूमध्य की पूर्ण घेराबंदी शुरू करेगी और यह घेराबंदी तब तक नहीं खुलेगी जब तक ईरान अपनी परमाणु महत्वाकांक्षाएं नहीं त्याग देता।

श्री ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रूथ सोशल पर कहा कि ईरान ने इस अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग को खोलने का वादा किया था, लेकिन जानबूझकर उन्होंने ऐसा नहीं किया। इससे दुनिया भर के देशों और लोगों को चिंता और परेशानी का सामना करना पड़ा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान अपनी परमाणु महत्वाकांक्षाओं को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। लेकिन उसके पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं होगा।

श्री ट्रम्प के अनुसार, ईरान पानी में माइन्स (सुरंगों) होने का डर दिखाकर दुनिया को डरा रहा है, लेकिन अमेरिका ऐसी किसी भी जबरन वसूली के आगे कभी नहीं झुकेगा।

अमेरिकी नौसेना को निर्देश दिए गए हैं कि वे उन सभी जहाजों को अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में रोकें जिन्होंने ईरान को अवैध टोल (कर) का भुगतान किया है। अवैध टोल देने वाले किसी भी जहाज को सुरक्षित रास्ता नहीं दिया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि यदि किसी ईरानी ने अमेरिकी सेना या शांतिपूर्ण जहाजों पर गोलीबारी की, तो उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस घेराबंदी में अन्य देश भी शामिल होंगे। श्री ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की नौसेना, वायु सेना और रडार सिस्टम पहले ही बेकार हो चुके हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सेना लॉक्ड एंड लोडेड है और वह ईरान के बचे हुए हिस्से को भी खत्म करने के लिए तैयार है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बताया कि पाकिस्तान के इस्लामाबाद में फील्ड मार्शल असीम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व में ईरान के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक करीब 20 घंटे तक चली। श्री ट्रंप ने बताया कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुश्नर ने ईरानी प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा की, लेकिन बैठक में कई बिंदुओं पर सहमति नहीं बन पाई।

### ईरान-अमेरिका के बीच 2 - 3 महत्वपूर्ण मुद्दों पर मतभेदों के कारण समझौता नहीं : ईरान

ईरान और अमेरिका कई मुद्दों पर सहमत हुए लेकिन दो-तीन महत्वपूर्ण मुद्दों पर असहमति होने के कारण इस्लामाबाद में हुई बातचीत के बाद समझौता नहीं हो सका। यह जानकारी ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने दी। मेहर समाचार एजेंसी के अनुसार, श्री बगाई ने कहा कि हमारे बीच कई मुद्दों पर सहमति बनी लेकिन दो-तीन महत्वपूर्ण मुद्दों पर हमारे विचार अलग-अलग थे और अंतत: वार्ता किसी समझौते पर पहुंचने में विफल रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आठ अप्रैल की रात ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते की घोषणा की थी जिसके बाद, ईरान और अमेरिका ने शनिवार को इस्लामाबाद में वार्ता की।
रविवार सुबह अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख और उपराष्ट्रपति जे.डी. वैंस ने कहा कि ईरान और अमेरिका लंबी बातचीत के दौरान किसी समझौते पर पहुंचने में विफल रहे हैं और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल बिना किसी समझौते के वापस लौट रहा है।

# बंगाल बदलाव के मोड़ पर, भाजपा ही दे सकती है नई दिशा : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पश्चिम बंगाल सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए राज्य की मौजूदा स्थिति पर सवाल उठाए। बीरभूम जिले के सोनमुखी में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बंगाल इस समय एक निर्णायक दौर से गुजर रहा है और यहां बदलाव केवल भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में ही संभव है।

योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में पश्चिम बंगाल की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का जिक्र करते हुए कहा कि यह वही भूमि है जिसने देश को सुभाष चंद्र बोस, खुदीराम बोस और स्वामी विवेकानंद जैसे महान व्यक्तित्व दिए। उन्होंने कहा कि कभी यह राज्य कला, संस्कृति और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में अग्रणी था, लेकिन अब हालात बेहद चिंताजनक हो गए हैं। सीएम योगी ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान शासन में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और असामाजिक गतिविधियां बढ़ी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल में सिंडिकेट राज और लूट का माहौल है, जिससे आम जनता परेशान है।



योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ साल पहले यूपी की स्थिति भी खराब थी, लेकिन डबल इंजन सरकार आने के बाद कानून-व्यवस्था में बड़ा सुधार हुआ। उन्होंने दावा किया कि अब प्रदेश में दंगे और कर्फ्यू की घटनाएं समाप्त हो चुकी हैं और विकास तेजी से हो रहा है। मुख्यमंत्री ने जनता से भाजपा को सत्ता में लाने की अपील करते हुए कहा कि इससे राज्य में शांति और विकास का नया दौर शुरू होगा। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल रहा है और वे कर्ज के बोझ तले दबे हैं, जिसे भाजपा सरकार ही दूर कर सकती है। अपने भाषण में योगी आदित्यनाथ ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय और 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जिस बंगाल ने देश को राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया, आज वही राज्य भ्रष्टाचार और अव्यवस्था से जूझ रहा है। योगी ने अंत में कहा कि बंगाल में बदलाव तय है और जनता इस बार विकास और सुशासन के लिए निर्णायक फैसला करेगी।

## अरुणाचल के कुछ स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयासों को भारत ने बताया शरारतपूर्ण व तथ्यहीन



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने चीन द्वारा भारतीय क्षेत्रों को कथित तौर पर नए नाम दिए जाने की कोशिशों को सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने इसे शरारतपूर्ण और तथ्यहीन बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि चीन की ओर से भारत के हिस्से वाले क्षेत्रों को काल्पनिक नाम देने के प्रयास स्वीकार्य नहीं हैं। इस तरह के कदमों का कोई आधार नहीं है। रणधीर जायसवाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश सहित ये सभी क्षेत्र भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं। ये पहले भी भारत का हिस्सा थे, आज भी हैं और आगे भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि चीन की ऐसी हरकतें झूठे दावे और मनगढ़ंत नैरेटिव को बढ़ावा देती हैं। इससे जमीनी सच्चाई नहीं बदल सकती। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों को प्रभावित करती है। उन्होंने चीन से अपील की कि वह ऐसे कदमों से बचे, जो द्विपक्षीय संबंधों में नकारात्मकता लाते हैं और आपसी समझ को कमजोर करते हैं।

### महिला विधेयक पर मोदी का सभी दलों को पत्र, कहा-

## दल को परे रखकर एकस्वर में पारित करें विधेयक

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

महिला आरक्षण विधेयक के समय को लेकर नाराज चल रहे विपक्ष के साथ आम सहमति बनाने की सरकार की कवायदों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा और राज्यसभा में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को पत्र लिखकर विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करने की अपील की है।

श्री मोदी ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से संबंधित इस विधेयक को पारित कराने के लिए गुरुवार से एक बार फिर शुरू होने वाली संसद की बैठक से पहले शनिवार को लिखे पत्र में इस विधेयक पर होने वाली चर्चा को ऐतिहासिक बताते हुए इसे लोकतंत्र को और सशक्त बनाने का अवसर करार दिया है और कहा है कि वह इस बारे में सबकी सामूहिक प्रतिबद्धता की भावना से यह पत्र लिख रहे हैं । उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल से संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित एक ऐतिहासिक चर्चा होने जा रही है। यह विशेष सत्र हमारे लोकतंत्र को और सशक्त बनाने का एक अवसर है। यह एक ऐसा क्षण भी है जब हम सब मिलकर आगे बढ़ने और सभी को साथ लेकर चलने की



अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहरा सकते हैं। मैं इसी भावना और उद्देश्य के साथ आपको यह पत्र लिख रहा हूँ। प्रधानमंत्री ने सांसदों से इस विधेयक को एक स्वर से पारित करने के लिए दलगत राजनीति से उपर उठकर एकजुटता दिखाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि मैं यह पत्र इसलिए लिख रहा हूँ ताकि हम सभी एक स्वर में इस संशोधन को पारित करने के लिए एकजुट हों। यह अच्छा होगा कि अधिक से अधिक सांसद इस विषय पर संसद में अपने विचार व्यक्त करें। यह क्षण किसी एक दल या व्यक्ति से ऊपर है। यह महिलाओं और हमारी आने वाली पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी दिखाने का समय है। चूँकि सभी राजनीतिक दल लंबे समय से राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की इच्छा व्यक्त करते रहे हैं, इसलिए अब उस आकांक्षा को वास्तविकता में बदलने का यह सही समय है।




## मिहींपुरवा में सिस्टम फेलः लापरवाही की भेंट चढ़ा गरीब का घर, दमकल बनी मूकदर्शक

▶ अग्निशमन वाहन मौजूद होने के बावजूद भी मौके पर नहीं पहुंच सका



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

तहसील मिहींपुरवा के ग्राम पंचायत निधिपुरवा के मजरा बिगनपुरवा में घटी आगजनी की घटना ने सरकारी तंत्र की नाकामी को बेनकाब कर दिया है। सुरेश पुत्र राम आधार का पूरा घर चंद पलों में जलकर राख हो गया, और साथ ही उनकी एक एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल भी आग की लपटों में समा गई। यह सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि सिस्टम की शर्मनाक विफलता का जिंदा उदाहरण है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि मिहींपुरवा में अग्निशमन वाहन मौजूद होने के बावजूद भी मौके पर नहीं पहुंच सका। आखिर क्यों? क्या दमकल विभाग सिर्फ कागजों में ही सक्रिय है? जब पूरा गांव आग की तबाही देख रहा था, तब जिम्मेदार विभाग आखिर किस नींद में सो रहा था? अप्रैल का महीना, भीषण गर्मी और हर साल बढ़ती आगजनी की घटनाएं–इन सबके बावजूद प्रशासन की तैयारियां सिफर साबित हुई।

# भाजपा का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

▶ वक्ता बोले : भाजपा सामूहिकता के आधार पर करती है निर्णय और कार्य



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का सफल समापन जिले के विभिन्न मण्डलों में नानपारा, ऊर्रा, मटेरा, रिसिया, धनुही, अयोध्या, तेजवापुर, चितौरा, रूपईडीहा में मुख्य उद्देश्य पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यशैली एवं केंद्र तथा राज्य सरकार की उपलब्धियां को कार्यकर्ताओ तक पहुंचना है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का दो दिवसीय प्रशिक्षण 11 अप्रैल व 12 अप्रैल को संपन्न हुआ। 11 अप्रैल को कार्यक्रम की शुरुआत पंजीकरण और वर्ग गीत के साथ शुरु हुआ प्रथम दिवस का प्रशिक्षण तीन सत्र में चला। वक्तओ ने उपस्थित होकर सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित करके सत्र का प्रारम्भ किया अपने उद्धबोधन में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा की कार्य पद्धति के विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सामूहिकता के आधार पर निर्णय और कार्य करती है। कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं में निखार लाने और उनको संगठन कार्य करने का विधिवत ज्ञान देने में प्रशिक्षण वर्ग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा निरंतर संवाद और सम्पर्क संगठन को गतिशीलता प्रदान करता है। कहा कि प्रत्येक स्तर पर सक्रिय टोली और कार्य योजना का निर्माण, कमजोर शक्ति केंद्रों और बूथों की पहचान कर विशेष ध्यान दिया जाना, प्रत्येक बूथ पर समिति, मन की बात जैसे संगठनात्मक कार्यक्रम नियमित रूप से हों इसकी चिंता किया जाना चाहिए। उन्होंने समाज के उन वर्गो को चिन्हित कर अपने साथ जोड़ना, जहां पर जहां पर संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता हो उसे करना भाजपा कार्यकर्ताओं का कार्य है। वक्ताओं ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की यात्रा भारतीय जनसंघ से शुरू होकर आज एक मजबूत राष्ट्रीय संगठन के रूप में स्थापित हुई है, जिसमें समर्पित कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही है। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी संगठन की सफलता उसके विचारों के प्रति निष्ठावान, अनुशासित और समाज के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं पर निर्भर करती है।पहले दिन सत्र के समाप्ति के बाद कार्यकर्ता वही भोजन करके रात्रि प्रवास किया दूसरे दिन पुनः सत्र प्रारम्भ हुआ। वक्ताओं ने सम्बोधन में बताया की आधुनिक तकनीक के उपयोग, सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन विस्तार पर विशेष जोर दिया गया। मंडल स्तर पर आयोजित इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर सक्षम कार्यकर्ताओं का निर्माण करना है।

समापन में सभी कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षण सर्टिफिकेट दिया गया।

# एसपी की अध्यक्षता में समस्त थानों के साइबर हेल्प डेस्क की समीक्षा बैठक संपन्न

## शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करें सुनिश्चित, पीड़ितों को शीघ्र उपलब्ध कराएं राहतः विश्वजीत श्रीवास्तव



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** रविवार को पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जनपद के थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी सहित जिला साइबर टीम- साइबर क्राइम थाना/सेल के अधिकारी/कर्मचारी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान साइबर अपराधों की रोकथाम, प्राप्त शिकायतों के निस्तारण, तकनीकी जांच की गुणवत्ता एवं विभिन्न पोर्टलों के उपयोग की स्थिति की समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि सभी साइबर हेल्प डेस्क कर्मी प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा पीड़ितों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराएं। विशेष रूप से वित्तीय साइबर अपराधों (जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, यूपीआई/नेट बैंकिंग धोखाधड़ी आदि) के मामलों में तत्काल रिस्पॉन्स देते हुए संबंधित बैंकों एवं नोडल एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर अधिकतम धनराशि होल्ड/रिकवर कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही 1930 हेल्पलाइन एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि डिजिटल साक्ष्यों का वैज्ञानिक एवं विधिक रूप से संकलन सुनिश्चित करें, जिससे विवेचना सुदृढ़ हो सके। आईटी एक्ट एवं संबंधित धाराओं के अंतर्गत विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु स्कूल, कॉलेज, ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, पोस्टर/पम्पलेट/ सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार बढ़ाने तथा 'सतर्क नागरिक-सुरक्षित समाज' की अवधारणा को मजबूत करने पर बल दिया। इसके अतिरिक्त प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा, प्रगति रिपोर्टिंग, इकाइयों के मध्य समन्वय एवं उच्चाधिकारियों को समय-समय पर अवगत कराते रहने के निर्देश दिए गए।

## तेंदुए के हमले में 8 वर्षीय बालक घायल, पिता ने बच्चे को बचाया

▶ तेंदुए ने अंधेरे का फायदा उठाकर किया हमला



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में एक तेंदुए ने 8 वर्षीय बच्चे पर हमला कर दिया। यह घटना शनिवार शाम 7 बजे सुजौली रेंज के अयोध्यापुरवा गांव में हुई। बच्चे के पिता ने बहादुरी दिखाते हुए तेंदुए से अपने बेटे को बचाया, हालांकि बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। अयोध्यापुरवा निवासी अजमत अली अपने बेटे फरजान (8) के साथ पड़ोस में एक शादी की दावत में जा रहे थे। वे खेतों के बीच सड़क से गुजर रहे थे, तभी गांव में पुलिया के पास खेत से निकलकर तेंदुए ने फरजान पर हमला कर दिया। अजमत अली ने अपने बेटे का हाथ नहीं छोड़ा और उसे बचाने के लिए तेंदुए से भिड़ गए। उन्होंने बताया कि संघर्ष के दौरान उन्होंने तेंदुए को दूर धकेल दिया, जिससे वे बच्चे को उसके चंगुल से छुड़ा पाए। हमले में फरजान के गले, गर्दन और सिर में गहरे घाव हुए हैं। परिजनों ने उसे तुरंत पीएचसी सुजौली में भर्ती कराया, जहां से उसे सीएचसी मिहींपुरवा रेफर कर दिया गया। इस घटना से ग्रामीण सहमे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हमले के समय बिजली नहीं थी, जिससे चारों ओर अंधेरा था। तेंदुए ने इसी अंधेरे का फायदा उठाकर आबादी क्षेत्र में प्रवेश किया और बच्चे पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने बिजली कटौती रोकने की कई बार मांग की है, लेकिन बिजली विभाग की कथित लापरवाही के कारण आए दिन लोग तेंदुए के हमलों का शिकार हो रहे हैं। सुजौली रेंजर रोहित कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वन कर्मियों की एक टीम घटनास्थल पर भेजी गई। एक अन्य टीम सीएचसी मिहींपुरवा भी पहुंची है, जहां घायल बच्चे के परिजनों को 5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### घर से अचानक गायब हुई युवती

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली में चन्द्रपाल शर्मा पुत्र गुरुप्यारे निवासी ग्राम बढई पुरवा मौजा बनवरिया ने तहरीर दिया कि उस की लड़की गीता शर्मा जो लगभग 20 वर्ष की थी जो बीते 2 अप्रैल को घर से कही बिना बताए चली गई है। जिसकी बहुत खोज बीन किया गया लेकिन कही कुछ पता नहीं चल सका है। नगर कोतवाल विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर पर शनिवार के दिन गुमशुदगी का मुकदमा लिखा गया है।

### शादी करने के लिए युवती पर बना रहा दबाव, मना करने पर तेजाब डाल कर मारने की दी धमकी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली नगर में एक युवती ने एक युवक पर छेड़ छाड़ करने और मोबाइल से परेशान करने का मुकदमा दर्ज कराया है। युवती ने में कहा है कि रवि नाम का एक युवक उस के मोबाइल पर फोन कर के शादी करने का दबाओ बनाने के साथ ही धमकी दे रहा है कि अगर शादी करने से इनकार किया तो तुम्हारे ऊपर तेजाब फेक देंगे । इस पर उस का नंबर ब्लाक कर दिया फिर उसने नया नम्बर लेकर मुझे काल करने लगा। उस को भी ब्लॉक कर दिया। फिर वो अलग अलग नम्बर से परेशान कर रहा है और बोलता है कि मेरे साथ शादी करो नहीं तो मैं तुम्हारे ऊपर तेजाब फेंक दूंगा या तुम्हें जान से मार दूंगा। उसने मेरी इन्स्ताग्राम आईडी से मेरी फोटो निकालकर गन्दी गन्दी फोटो बनाकर बदनाम कर रहा है और कुछ फोटो में मांग में सिन्दूर भरकर अपने साथ फोटो लगाकर कहता है कि तुम मेरी पत्नी हो, जबकि मैने उसके साथ कोई शादी नहीं की है। वह धमकी देता है कि मैं तुम्हारे घर वालो को जान से मार दूंगा, अगर तुम मेरे साथ शादी नही करोगी। जिस से युवती काफी परेशान हो गाई । शुक्रवार के शाम को रवी मेरे घर आया और मुझे जान से मारने की धमकी देकर कहने लगा कि यदि तुमने अपने पिता से दो लाख रूपया नहीं दिलवाया तो तुम्हारे परिवार को जान से मार दूंगा और जब तक मुझे रुपया नही मिलेगा तुम्हारा पीछा नहीं छोड़ूंगा। तहरीर पर युवक रवि के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### अस्पताल परिसर से बाइक हुई चोरी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली में जुबेर अहमद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी महरानी गंज घोसियाना बड़गांव ने तहरीर दिया कि शनिवार के दिन उस की पत्नी का आपरेसन जिला महिला अस्पताल में हुआ है । इस लिए रात में जिला महिला अस्पताल में रुका था। बाइक अस्पताल परिसर में खड़ी थी। जिस को अज्ञात चोर उठा ले गए। तहरीर पर पुलिस ने बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।

### वन विभाग की 24 घंटे पेट्रोलिंग और वन विभाग ने जनता के लिए जारी की 'एडवाइजरी'

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** दिनांक 10.04.2026 को जनपद बलरामपुर के पचपेड़वा ब्लाक के अर्न्तगत पड़ने वाले भांभर रेंज के रेहरा ग्राम में मानव वन्य जीव संघर्ष की दुखद घटना के बाद वन विभाग द्वारा रेंज स्तर पर युद्ध स्तर पर वन क्षेत्र से सटे एंव निकटवर्ती क्षेत्रों में 24 घंटे गश्त एंव वन्य जीवों की नियमित रूप से ट्रैकिंग की जा रही है। दिनांक 11 एंव 12 अप्रैल 2026 को भांभर रेंज के अर्न्तगत प्रतिदिन प्रातः 6.00 बजे से 9.00 बजे तक तक वन क्षेत्र के निकट रेहरा, बेलभरिया, परसरामपुर व पिपरा सडवा ग्राम तक तेन्दुआ के पगमार्ग की लगभग 4-6 किमी0 पैदल ट्रैकिंग की गयी। परन्तु पगमार्ग की पुष्टि नही पायी गयी। भांभर रेंज के फील्ड स्टाफ श्री नूरूलहुदा खां, वन दरोगा, श्री मयंकर सिंह, वन दरोगा, श्री विजय चौधरी, वन रक्षक, श्री रचित गौतम, वनरक्षक, श्री सतीश सिंह, वन रक्षक व श्री सूरज कुमार पाण्डेय, वन दरोगा द्वारा वन क्षेत्र के समीपवर्ती गांवों (रेहरा, छोटका-बड़का भुकुरवा, परसरामपुर, गिद्धहवा आदि) ग्रामों में गश्त/पेट्रोलिंग करते हुए वन्य जीव के उपस्थिति की जानकारी चाही गयी। मानव वन्य जीव संघर्ष के दृष्टिगत लगातार गश्त/पेट्रोलिंग हेतु भांभर रेंज के अर्न्तगत अतिरिक्त स्टाफ की ड्यूटी में भी लगा दी गयी है। भांभर रेंज के वन क्षेत्र के सटे व निकटवर्ती क्षेत्रों/गांवों में बैनर, पोस्टर एवं ई-रिक्शा व लाउडस्पीकर के माध्यम से 'क्या करें, क्या न करें' के तहत जागरूक करते हुए लगातार गश्त करते हुए जल सामान्य को बचाव हेतु जागरूक करते हुए वन क्षेत्र में प्रवेश न करने हेतु सचेत किया जा रहा है। साथ ही साथ संवेदनशील गांवों/क्षेत्रों (रेहरा, परसुरामपुर) में ड्रोन के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है। सायंकाल अंधेरा होने पर पूर्व के भांति वन क्षेत्र के निकटवर्ती एंव संवेदनशील ग्रामों में पटाखा भी फोडे जाने के निर्देश दिये जा चुके हैं, ताकि हिंसक वन्य जीव आवाज के भय से आबादी वाले क्षेत्र की ओर अग्रसर न हो सकें।



## नदी में डूबकर बच्चे की मौत

पानी पीने के दौरान पैर फिसलने से हुआ हादसा



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के हरदी इलाके में मवेशी चराने गए एक 10 वर्षीय बच्चे की घाघरा नदी में डूबने से मौत हो गई। गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे नदी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना हरदी इलाके के चहलारी घाट पर हुई। मृतक बच्चे की पहचान अखिलेश नामक ग्रामीण के बेटे सनी (10 वर्ष) के रूप में हुई है। सनी मवेशियों को चराने के लिए चहलारी घाट गया था। बताया जा रहा है कि प्यास लगने पर वह नदी के किनारे पानी पीने गया, तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गया। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने सनी को बचाने का प्रयास किया, लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण वे सफल नहीं हो सके। लोगों ने तत्काल घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे, जिसके बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद ली गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने सनी को नदी से बाहर निकाला। हालांकि, जब तक उसे बाहर निकाला गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हरदी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

# वन अनुसंधान संस्थान देहरादून का औद्योगिक भ्रमण छात्र-छात्राओं ने हासिल किया व्यावहारिक ज्ञान

▶ वन अनुसंधान और औषधीय पौधों की जानकारी से समृद्ध हुए फार्मेसी के विद्यार्थी




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** डॉक्टर सर्वेश कुमार शुक्ला इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने तीन दिवसीय औद्योगिक भ्रमण के अंतर्गत उत्तराखंड स्थित Forest Research Institute (वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून) का शैक्षिक दौरा किया। भ्रमण के प्रथम दिवस आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने वन विज्ञान और औषधीय पौधों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने संस्थान के विभिन्न संग्रहालयों का अवलोकन करते हुए वन अनुसंधान, जैव विविधता संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। विशेषज्ञों द्वारा उन्हें औषधीय पौधों के महत्व, उनके उपयोग तथा संरक्षण के तरीकों के बारे में भी बताया गया, जिससे विद्यार्थियों की विषयगत समझ और अधिक सुदृढ़ हुई। संस्थान के विशाल, हरित एवं ऐतिहासिक परिसर ने छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से आकर्षित किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह और जिज्ञासा स्पष्ट रूप से देखने को मिली। संस्था के चेयरमैन डॉ. सर्वेश शुक्ला (शल्य चिकित्सक), निदेशिका पल्लवी शुक्ला, प्रबंधक आस्था शुक्ला, प्रशासनिक प्रबंधक विनोद त्रिपाठी व एकाउंट मैनेजर नीलेश तिवारी ने बताया कि इस प्रकार के औद्योगिक एवं शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। इससे उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त होता है, जो उनके भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार त्रिपाठी, संकाय सदस्य शिवमूर्ति सिंह, शिक्षिका शालू त्रिपाठी सहित अन्य स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मोबाइल टावर पर चढ़ी किशोरी, पारिवारिक कलह के चलते उठाया कदम



▶ पुलिस और फायर ब्रिगेड ने एक घंटे बाद सकुशल नीचे उतारा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

जिले के रामगांव थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोरी परिजनों की डांट से नाराज होकर मोबाइल टावर पर चढ़ गई। सूचना मिलने पर नगर कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद किशोरी को सकुशल नीचे उतार लिया गया। यह घटना देर रात तमाचपुर ग्राम की रहने वाली रूमाना (17) के साथ हुई। वह परिवहन कार्यालय के पास स्थित एक मोबाइल टावर पर चढ़ गई थी।

घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के सदस्य और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। नगर कोतवाल और परिवार के लोग लगातार उसे नीचे उतरने के लिए समझाते रहे। किशोरी को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए अग्निशमन अधिकारी पुलकित चौधरी भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे तक चले बचाव अभियान के बाद किशोरी को टावर से नीचे उतार लिया गया। परिजनों ने बताया कि किशोरी मानसिक रूप से बीमार चल रही है। टावर से नीचे उतरने के बाद उसे तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## विकासखंड मुजेहना में भ्रष्टाचार की आई बाढ़

▶ नव्वागांव में पीले ईटों व सफेद बालू से बन रही है सड़क



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** मनरेगा योजना के तहत ग्राम के प्रधानों ने सरकार को पलीता लगाने की कसम खाई है सड़क निर्माण में धांधली का मामला प्रकाश में आया है विगत दिवस समृद्धि न्यूज़ की टीम ने मौके पर जाकर देखा तो केवल चार मजदूरों के द्वारा सीमेंटेड ईंट से सड़क बनाने का कार्य चल रहा था जो मानक के बिल्कुल विपरीत था क्योंकि जहां सड़क का किनारा अव्वल ईंटों एवं सीमेंट से बनाया जाना था वहां पीले ईटों का प्रयोग किया गया है सीमेंट की मात्रा ना के बराबर है सफेद बालू ही दिखाई दे रही है साथ ही साथ सड़क पर जो गिट्टी डाली गई है वह मात्रा से कम है और वह भी पीले ईंटों का हीं दिखाई देती है सड़क पर गिट्टी के ऊपर सफेद बालू बिछाया गया है और इस पर सीमेंट का ईंटा लगाया जा रहा है ऐसे में इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि उक्त सड़क कितने दिन चलेगी और ग्रामीणों को कितने दिन वह आराम देगा जिले में कोई भी विकासखंड हो भ्रष्यचार चरम पर है क्योंकि चाहे मुख्य विकास अधिकारी हो या खंड विकास अधिकारी हों पत्रकारों का फोन उठाना मुनासिब नहीं समझते हैं ऐसे में जब शिकायत नहीं होगी तो कार्य में सुधार नहीं होगा और घटिया काम का बढ़िया दाम ग्राम प्रधान निकाल सकेंगे।

## नारी शक्ति वंदन अभियान को लेकर अटल भवन में बनी रणनीति

**बलरामपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के तहत रविवार को अटल भवन कार्यालय में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने की, जिसमें भाजपा पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की।

अभियान की जिला संयोजिका एवं जिला महामंत्री बिंदु विश्वकर्मा ने बताया कि 15 से 20 अप्रैल तक जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इन कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी को विशेष महत्व दिया जाएगा।

## 15 अप्रैल से पूर्व किसान कराएं फार्मर रजिस्ट्री : ए.के. सिंह



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड कुंदरखी चीनी मिल के महाप्रबंधक ए.के. सिंह ने चीनी मिल क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर वसंतकालीन गन्ना वुवाई के तहत बोई जा रही गन्ने की फसलों का अवलोकन किया। महाप्रबंधक श्री सिंह ने सोहना, पेड़राही, मझगंवा, पिकौरा व रामपुर सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण एव मीटिंग करके कृषकों से उन्नतिशील प्रजाति का गन्ना लगाने का अनुरोध किया। इस मौके पर कृषक सैरभ सिंह के गन्ने के प्लाट का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गन्ने की फसलों में टॉप बोरर व अरली शूट बोरर कीट का प्रकोप देखने को मिल रहा है, टाप बोरर का प्रभाव पाये जाने पर मेकैनिकल नियन्त्रण विधि को अपनाए और पौधे के शूट की कटाई करें। इस दौरान उन्होंने किसान गोष्ठी भी किया। श्री सिंह ने किसानों से अपील किया कि अस्वीकृत अथवा अज्ञात प्रजातियों के गन्ने की बुवाई कदापि ना करें। साथ ही यह भी कहा कि आगामी पेराई सत्र में वैरायटी डाउन ग्रेड करके गन्ने की तौल नहीं होगा। उन्होंने किसान भाइयो से अनुरोध किया कि यदि गन्ना प्रजाति ठीक प्रकार अंकित नही है और उसमे अन्तर है, तो अपने गन्ने की सही प्रजाति में संशोधन कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में महाप्रबंधक चीनी मिल परिक्षेत्र के ग्राम पिकोरा पहुंचे, जहां कृषक शिवपूजन वर्मा द्वारा पावर ट्रिलर मशीन से अपने गन्ने की फसल की गुड़ाई कर रहे थे, उसका जायजा लिया।

## मारवाड़ी युवा मंच द्वारा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**गोन्डा, समृद्धि न्यूज़।** रविवार को शहर के एससीपीएम हॉस्पिटल में मारवाड़ी युवा मंच द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 54 यूनिट का रक्तदान हुआ। रक्तदान करने से पहले बीपी शुगर की जांच हुई। स्वस्थ पाये जाने वाले व्यक्तियों का रक्तदान किया गया। इसमें मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा भी शामिल हुई। अस्पताल के ब्लड बैंक में एससीपीएम हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ ओ.एन. पांडेय को मारवाड़ी युवा मंच शाखा द्वारा दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। डॉ पांडेय ने कहा कि एक यूनिट रक्त देने से तीन लोगों को जीवनदान दिया जा सकता है। ब्लड बैंक में रक्तदान कराने में एससी पीएम हॉस्पिटल ब्लड बैंक के डायरेक्टर के .के.मिश्रा, बी.पी.तिवारी, सिद्धनाथ पांडेय,सकीना बानो, सरस्वती वर्मा,भरत जी ओझा का विशेष योगदान रहा। रक्तदान के दौरान मंच के अध्यक्ष राम मनोहर अग्रवाल,महामंत्री पवन कुमार अग्रवाल, रक्तदान संयोजक अमित गर्ग ( विक्की), देवेश जालान, निखिल अग्रवाल, दर्शिका अग्रवाल, प्रांतीय सदस्य विकास जैन,विकास अग्रवाल, सचिन खेमका,महिला मंडल की प्रांतीय सदस्य नीलम जैन, अध्यक्षा अनीता मनीरामका, महामंत्री वर्षा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सोनम अग्रवाल,बेनू अग्रवाल,सीमा अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल,शिव शंकर सोमानी, पीयूष मित्तल, गोपाल मित्तल, अविनाश तुलस्यान,सचिन पचेरिया, सुरेश भावसिंहका सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रक्षामंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के शहीद परिवार का जाना हाल, प्रतिनिधि मंडल से मिले

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के 3 दिवसीय लखनऊ दौरे का आज दूसरा दिन है। उन्होंने विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मंडलों से 5 ए कालिदास मार्ग आवास पर भेंट की। प्रतिनिधियों ने लखनऊ में कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

क्षेत्र की अन्य आवश्यकताओं के संबंध में भी चर्चा की और अनुरोध पत्र सौंपे। राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर में शहीद सुनील कुमार की पत्नी सुजाता कुमारी, बेटे सौरभ, शिवेश, निशांत, सुशांत , अखिलेश और परिवार के अन्य सदस्यों से भेंट किया। परिवार का हाल चाल जाना।

राजनाथ सिंह से 5 ए कालिदास मार्ग आवास पर भेंट के दौरान भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, महामंत्री धनश्याम दास अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



नवनियुक्त नामित पार्षद प्रतिनिधि मंडल ने भी भेंट कर आभार व्यक्त किया।

उत्तर प्रदेश साहित्य सभा का डॉ. सर्वेश अस्थाना, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ एवं कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा प्रतिनिधि मण्डल से संजय शुक्ला, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय गुप्ता, राजाजीपुरम परिक्षेत्र उद्योग व्यापार मण्डल का प्रतिनिधि मण्डल उमेश कुमार शर्मा, सौरभ शर्मा भी राजनाथ सिंह मिले। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद प्रतिनिधि मण्डल अध्यक्ष सुरेश रावत, महामंत्री अतुल मिश्रा, उत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष महेन्द्र मोहन भट्ट, उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, सदस्य राज्य महिला आयोग से राजेश सिंह एवं ऋतु सहाय, लखनऊ गेस्ट हाउस एवं रेस्टोरेंट ओनर एसोसिएशन से सुरेन्द्र शर्मा ने भी मुलाकात की।

राष्ट्रीय सहारा प्रतिनिधि मण्डल से कलानिधि मिश्र, प्रशांत दीक्षित, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल का प्रतिनिधि मण्डल से प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा, डायोसिस आफलखनऊ क्राइस्ट चर्च हजरतगंज, लखनऊ का प्रतिनिधि मण्डल से सचिव राकेश मैसी, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष शादाब आलम, वाल्मीकि समाज से राम सिंह रक्षामंत्री से मिले।

जैन समाज से विशाल जैन, प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष मुकुट बिहारी वर्मा, मनीष शुक्ला, मोहन भागवत, राघवेंद्र पाण्डेय, पुनीत आरोही ने भी मुलाकात की। इन लोगों ने क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक कार्यों को कराए जाने का अनुरोध किया। रक्षामंत्री ने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## 24 साल बाद विधानसभा पहुंचे राजनाथ सिंह, आधुनिकीकरण व डिजिटल नवाचारों को सराहा



रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे के दौरान रविवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा पहुंचे। उनके आगमन पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। करीब 24 वर्षों बाद विधानसभा पहुंचे राजनाथ सिंह ने यहां किए गए आधुनिकीकरण और व्यवस्थाओं की सराहना की। दोपहर करीब 12 बजे विधानसभा पहुंचे रक्षा मंत्री ने सबसे पहले डिजिटल गैलरी का अवलोकन किया। यहां उन्होंने विधानसभा के गौरवशाली इतिहास पर आधारित एक विशेष फिल्म देखी, जिसमें प्रदेश की लोकतांत्रिक परंपरा, ऐतिहासिक फैसलों और विधायी यात्रा को दर्शाया गया है। उन्होंने इसे युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताया और कहा कि ऐसे नवाचारों से विधायी कार्यों में पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ेगी। इसके बाद राजनाथ सिंह ने विधानसभा परिसर में विकसित विभिन्न आधुनिक सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने हेलिकॉप्टर अनुभव, आधुनिक गलियारों, समिति कक्ष, टंडन हाल, सुसज्जित दर्शक दीर्घा और मंडप कक्ष का अवलोकन किया। साथ ही गैलरी में प्रदर्शित महापुरुषों के चित्र, नवीनीकृत मीडिया कक्ष और ऐतिहासिक भित्ति चित्रों को भी देखा। उन्होंने कहा कि इन व्यवस्थाओं से विधानसभा की गरिमा और कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। साथ ही उन्होंने परिसर के भव्य प्रवेश द्वार और समग्र सुदृढ़ एवं आकर्षक स्वरूप की भी प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष के साथ एक डिजिटल सेल्फी भी ली। कार्यक्रम के अंत में रक्षा मंत्री को विधानसभा के महत्वपूर्ण भाषणों के संकलन पर आधारित एक विशेष पुस्तक भेंट की गई। उन्होंने इसे उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की। राजनाथ सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से विधानसभा में परंपरा और आधुनिकता का उत्कृष्ट समन्वय स्थापित हुआ है, जो जनहितकारी विधायी कार्यों के लिए एक आदर्श मंच के रूप में विकसित हो रहा है।

# प्रख्यात गायिका आशा भोंसले के निधन पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने जताया शोक

▸ देशवासियों के मन में गूंजते रहेंगे आशा जी के मधुर स्वर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय संगीत जगत की स्वर-साम्राज्ञी एवं महान गायिका पद्मविभूषण आशा भोंसले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इसे कला और संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर अपने शोक संदेश में कहा कि आशा भोंसले की अद्वितीय गायकी ने भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनके मधुर स्वर सदैव देशवासियों के मन में गूंजते रहेंगे और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते



हुए शोक संतप्त परिजनों एवं प्रशंसकों को इस कठिन समय में धैर्य व संबल प्रदान करने की कामना की।

उन्होंने कहा कि आशा भोंसले का योगदान भारतीय संगीत की अमूल्य धरोहर के रूप में सदैव याद किया जाएगा।

आप को बता दें कि मशहूर गायिका आशा भोसले का रविवार को यहां ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। उनकी उम्र 92 साल थी और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थता के कारण उन्हें यहां भर्ती कराया गया था।

## खबरें एक नजर में

### जेद्दा जाने वाले 54-यात्रियों को विमान से उतारा, घर लौटे यात्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सऊदी एयरलाइंस की जेद्दा जाने वाली फ्लाइट एसवी-893 से 54 यात्रियों को लखनऊ एयरपोर्ट पर ही उतार दिया गया। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, ये सभी यात्री लखनऊ से जेद्दा जाते। वहां से दुबई कनेक्टिंग फ्लाइट एसवी-588 से जाना था। लेकिन, कनेक्टिंग फ्लाइट को अचानक रद्द कर दिया गया इस वजह से यात्रियों के टिकट रद्द कर दिए गए और उन्हें लखनऊ में ही रोक दिया गया। यह घटना बीती रात करीब 12.30 बजे हुई। उड़ान का निर्धारित समय तड़के 2.30 बजे था। इस अचानक लिए गए फैसले से यात्रियों में भारी नाराजगी देखी गई। यात्रियों ने आरोप लगाया कि उन्हें समय रहते सूचना नहीं दी गई और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। शुरुआत में रिफंड न मिलने से वो आक्रोशित भी थे। बाद में एयरलाइन अधिकारियों ने रिफंड का आश्वासन दिया, जिसके बाद यात्री घर लौट गए। सूत्रों का यह भी कहना है कि खाड़ी क्षेत्र में चल रहे तनाव और युद्ध जैसी स्थिति के कारण कनेक्टिंग फ्लाइट रद्द की गई। हालांकि, इस संबंध में एयरलाइन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

### भीमराव अंबेडकर की जयंती पर दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश द्वारा पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने की घोषणा की गई है। यह कार्यक्रम 13 अप्रैल की संध्या 5 बजे से प्रारंभ होकर 14 अप्रैल तक लगातार दो दिनों तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 13 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती की पूर्व संध्या पर होगी, जिसमें प्रसिद्ध भीम गीत गायक राम निवास पसवान अपनी पूरी मंडली के साथ प्रस्तुति देंगे। यह भव्य आयोजन गोमती नगर स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क के मुख्य द्वार के सामने पूर्व वर्षों की तरह ही आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन 14 अप्रैल को बाबा साहब के अनुयायियों के बीच 10 कुंतल भोजन एवं फल वितरण किया जाएगा साथ ही मिष्ठान वितरण का कार्यक्रम भी होगा।आज आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति की बैठक में समिति के संयोजकों श्री अवधेश कुमार वर्मा, डॉ. राम सबद जैसवारा, आर.पी. केन पीएम प्रभाकर, प्रेम चंद्र, लेखराम, बन्नी सिंह, नेकी राम, बिंदा प्रसाद अजय कुमार तथा धीरेंद्र कुमार सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बाबा साहब की जयंती के कार्यक्रम की जिम्मेदारियां सौंपी गई। समिति ने सभी आरक्षण समर्थकों से से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

### महासमिति की मांग हर वार्ड में लगे कैंप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंदिरा नगर आवासीय महासमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक देवी शरण त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई इस दौरान गृहकर एवं जलकर की कैंप प्रत्येक वार्ड में लगवाने पर जोर दिया गया। महासमिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने बताया कि इंदिरा नगर के जोन 7 इंदिरा नगर में गृह कर व जलकर जमा होता है यहां पर पूरे वार्डों के निवासीगण अपना अपना-अपना ग्रह कर एवं जल कर जमा करने आते हैं जिससे काफी भीड़ बढ़ती है और जमा करने में काफी मशक्कत उठानी पड़ती है काफी नागरिकों को बिना जमा किए ही लौटना पड़ता है जबकि गृह कर जलकर की छूट जून तक मिलती है जिसके कारण और भी भीड़ बढ़ जाती है। महा समिति ने नगर आयुक्त को पत्र लिखा है की निवासियों की सुविधा के लिए प्रत्येक वार्ड में ग्रहकर एवं जलकर की जमा करने हेतु कैंप लगवाई जाए जिससे निवासी गण अपने-अपने गृह कर एवं जलकर आसानी से जमा कर सके साथ ही जमा हो रही भीड़ से बचा जा सके। बैठक में सुभाष शर्मा, नवीन सिंह, आलोक सक्सेना, कीर्ति चौधरी, हिमांशु पांडे, कैलाश जैन ,आरके यादव, उमराव राम, केवल वर्मा, अच्छे लाल वर्मा, सुनील त्यागी एवं उमाकांत सिंह आदि रहे शामिल।

### कुर्सी रोड महायोजना को लेकर केन्द्रीय रक्षामंत्री से मिलेंगे व्यापारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कुर्सी रोड के व्यापारियों, उद्यमियों, शिक्षण संस्थानों व धार्मिक स्थलों के प्रतिनिधियों एवं भवन स्वामियों ने रविवार को बैठक कर कुर्सी रोड महायोजना-2031 के पुर्नविचार की मांग को लेकर केन्द्रीय रक्षामंत्री व शहर के सांसद राजनाथ सिंह से मुलाकात करने का निर्णय लिया है। इसके लिये मुलाकात करने के लिये अतिशीघ्र प्रतिनिधि मण्डल का गठन किया जायेगा। रविवार को यहां कुर्सी रोड स्थित एसएस ग्रैण्ड होटल में हुयी। बैठक में अंजनी पांडे, राष्ट्रीय अध्यक्ष, संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल, कमलेश यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्रमिक जनशक्ति किसान यूनियन, ऋषि त्रिवेदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखण्ड आर्यावर्त आर्य महासभा, चन्द्रमौलि शुक्ला, पंकज तिवारी, अध्यक्ष जनविकास महासभा सहित उद्यमियों आराधना कुमार, मोहम्मद सलीम सहित काफी संख्या व्यापारी, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों के प्रतिनिधि व भवन स्वामी मौजूद थे।

## 2027 ही नहीं, 2047 तक विपक्ष की सत्ता में वापसी की संभावना नहीं : केशव



**लखनऊ/आगरा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को आगरा में कहा कि सत्ता में वापसी न होने के कारण समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव बौखलाहट में है, लेकिन उत्तर प्रदेश में 2047 तक भाजपा के सामने कोई नहीं टिक पायेगा और भाजपा की डबल इंजन सरकार देश व प्रदेश की सेवा करती रहेगी। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पत्रकार वार्ता में कहा कि विपक्ष 2027 ही नहीं 2047 तक सत्ता से दूर रहेगा। सपा या कांग्रेस किसी भी दल के सत्ता वापसी की कोई उम्मीद नहीं है।

# योगी सरकार ने गर्मी में बिजली व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए कसी कमर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में गर्मी का प्रकोप दिखना शुरू हो गया है। गर्मी बढ़ते ही बिजली की मांग भी बढ़ जाती है। इसे देखते हुए योगी सरकार अलर्ट मोड पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने अधिकारियों को सचेत किया कि गर्मियों में सभी को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिल सके, इसके लिए अभी से पूरी तैयारी कर ली जाय। साथ ही ट्रांसफार्मर खराब न हों, इसके लिए भी पूरी सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं।



▸ यूपीपीसीएल अध्यक्ष ने अधिकारियों को तैयारी पूरी करने के दिए निर्देश

▸ राजधानी में ट्रिपिंग न होने देने के सख्त निर्देश

उप्र पावर कार्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष ने कहा कि ट्रांसफार्मर पर जीरो डैमेज नीति है और विद्युत आपूर्ति में ट्रांसफार्मर की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। लापरवाही के कारण अगर विद्युत आपूर्ति प्रभावित होगी तो जिम्मेदारी तय करके कार्रवाई की जाएगी। राजधानी लखनऊ में बिजली व्यवस्था सुचारु बनी रहे, इसको लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। राजधानी में ट्रिपिंग नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि विद्युत दुर्घटनाओं पर भी जीरो टॉलरेंस नीति लागू है।

### ट्रांसफार्मर फुंकने पर होगी कार्रवाई

डॉ. गोयल ने बताया कि ट्रांसफार्मर के अनुरक्षण के लिए पर्याप्त धनराशि दी गई है। फ्यूज एवं टेललेस यूनिट हर ट्रांसफार्मर पर लगे, इसके लिए निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद अगर ट्रांसफार्मर फुकेंगे तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने अधूरे कामों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जहां पर भी कार्य काफी पीछे हैं, वहां फर्म के खिलाफ कार्रवाई की जाये। साथ ही अधिकारियों और अवर अभियंताओं पर भी जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाय। अध्यक्ष डॉ. गोयल ने अधिकारियों से कहा कि आने वाले दिनों में गर्मी अभी और बढ़ेगी। इसके लिए तैयारी उसी के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पर्याप्त संख्या में कर्मी उपलब्ध हैं। इसलिए कहीं भी आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। सबको शिड्यूल के अनुरूप बिजली प्राप्त हो।

## अम्बेडकर प्रतिमा का आज अनावरण करेंगे पंकज चौधरी

**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर विभिन्न सेवा कार्यों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से संविधान निर्माता बाबा साहेब को कृतज्ञ श्रद्धांजलि अर्पित करेगी। बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी 13 अप्रैल को दोपहर 2.30 बजे कन्नावा बछरावां रायबरेली में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव राव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। सायं 6 बजे लखनऊ में हजरतगंज स्थित भारत रत्न बाबासाहेब भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर 11000 दीपों को प्रज्ज्वलित करके दीपांजलि अर्पित करेंगे।

# विकसित भारत 2047 का सपना महिला नेतृत्व बिना अधूरा : बेबीरानी मौर्य

▸ नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकतांत्रिक इतिहास का ऐतिहासिक निर्णय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य ने शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का ऐतिहासिक और युगांतरकारी निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि अधिनियम महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं बल्कि नीति निर्माण की प्रक्रिया में सशक्त भागीदार और निर्णयकर्ता बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

बेबी रानी मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार द्वारा लाया गया कानून देश की करोड़ों माताओं, बहनों और बेटियों के सम्मान और अधिकारों का राष्ट्रीय संकल्प है। संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने वाला यह संवैधानिक संशोधन लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संवेदनशील और प्रभावी बनाएगा।

भारत में महिलाएं मतदान और सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रही हैं लेकिन राजनीति में उनका प्रतिनिधित्व अपेक्षाकृत कम है। भागीदारी बढ़ी है, लेकिन प्रतिनिधित्व संतुलित नहीं है। इसी अंतर को समाप्त करने के लिए यह कानून आवश्यक है।



वैश्विक और भारतीय अनुभव दर्शाते हैं कि जब महिलाएं नेतृत्व करती हैं, तो नीतियां अधिक संवेदनशील बनती हैं और शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर 46 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व दर्शाता है कि महिलाओं को अवसर मिलने पर वे प्रभावी नेतृत्व प्रदान करती हैं। अब यही मॉडल संसद और विधानसभाओं में लागू होगा, जिससे नीति निर्माण अधिक जन-केंद्रित और जवाबदेह बनेगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 केवल आरक्षण का प्रावधान नहीं है बल्कि यह सामाजिक न्याय, समान अवसर और सशक्त लोकतंत्र की दिशा में एक व्यापक सुधार है। विकसित भारत 2047 का सपना महिला नेतृत्व के बिना अधूरा है। जब नारी सशक्त होती है, तो समाज सशक्त होता है और जब समाज सशक्त होता है, तो राष्ट्र मजबूत होता है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत के उज्ज्वल, समावेशी और सशक्त भविष्य की आधारशिला है।

# विनोद तावड़े पहुंचे लखनऊ, टीम गठन व मंत्रिमण्डल विस्तार को लेकर मंथन जारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े रविवार को लखनऊ पहुँचे। भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुँचने पर केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज व प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला व संजय राय ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद विनोद तावड़े ने प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी,प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी के साथ बैठक की। कुछ नेताओं के साथ उन्होंने अलग-अलग भी बैठकें की है। विनोद तावड़े ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही से मुलाकात की। इसके बाद महिला नेताओं में कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, राज्यमंत्री रजनी तिवारी और महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान से भी बात की।

पार्टी नेता विनोद तावड़े के लखनऊ दौरे का उत्तर प्रदेश में मंत्रिमण्डल विस्तार और भाजपा की नई टीम गठन से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं शनिवार को भी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट हुई थी। तावड़े सोमवार को भी लखनऊ में ही रहेंगे व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से भेंट करेंगे। इसके बाद आलाकमान को रिपोर्ट सौंपेंगे। इसके बाद मंत्रिमण्डल विस्तार व संगठनात्मक बदलाव होंगे। अब कयास लगाये जा रहे हैं कि उत्तर प्रदेश में जल्द ही



मंत्रिमण्डल का विस्तार होगा। मंत्रिमण्डल विस्तार में कुछ नए चेहरों को जगह मिलेगी। वहीं प्रदेश व क्षेत्र कार्यकारिणी का गठन जल्द होगा।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर हम सभी काम करते हैं। पार्टी में संगठनात्मक प्रक्रिया चलती रहती,उसी के तहत बैठक हो रही है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरीब कल्याण योजनाओं की जन-जन तक पैठ बनाने के लिए हम काम कर रहे हैं। योगी के नेतृत्व में यूपी के लॉ एंड ऑर्डर की घर-घर सराहना हो रही है।

2027 में हम प्रचंड बहुमत से फिर से सरकार बनाएंगे। महिला आरक्षण के मुद्दे पर कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव लुका-छिपी का खेल क्यों खेल रहे हैं?उन्हें ऐसा महसूस होता है कि जैसे वसीयत के आधार पर प्रॉपर्टी ट्रांसफर होती है, वैसे ही सत्ता भी ट्रांसफर हो जाती है। लेकिन, ऐसा नहीं है। जनता जिसे आशीर्वाद देती है, वही प्रदेश को चलाता है।

# केजीबीवी में सुविधाओं का विस्तार कर रही योगी सरकार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

योगी सरकार ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) व्यवस्था में व्यापक और ठोस सुधार सुनिश्चित किया है।

हालिया आंकड़े बता रहे हैं कि प्रदेश में एक ओर जहां रिक्त पदों को तेजी से भरने की प्रक्रिया आगे बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर आधारभूत ढांचे और छात्राओं की दैनिक सुविधाओं के विस्तार में भी प्रगति दर्ज की गई है। इतना ही नहीं, टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता लाने के लिए राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। अब बेसिक शिक्षा विभाग खाद्यान्न, दैनिक उपयोग सामग्री एवं स्टेशनरी की आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है।

प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि योगी सरकार की नीतिगत सख्ती, सतत निगरानी और परिणाम आधारित कार्यप्रणाली के चलते केजीबीवी अब आवासीय विद्यालय के साथ-साथ सुरक्षित, सुसज्जित और आधुनिक शैक्षिक परिसरों के रूप में विकसित हो रहे हैं। यह परिवर्तन प्रदेश की बेटियों को बेहतर अवसर, सुविधाएं और सशक्त भविष्य प्रदान करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में केजीबीवी के अंतर्गत एकेडमिक हॉस्टल, अतिरिक्त डॉरमेट्री, कंप्यूटर लैब और टॉयलेट ब्लॉक जैसी आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया गया है। आंकड़ों के अनुसार कई जिलों में इन कार्यों को पूर्ण कर छात्राओं को बेहतर आवासीय एवं शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया गया है।

केजीबीवी के रिक्त पदों में सुधार की प्रक्रिया तेज है। आंकड़े बताते हैं कि प्रयागराज (43), बलिया (42), उन्नाव (39) और एटा (35) जैसे जनपदों में उच्च रिक्तियों को चिह्नित कर उनकी पूर्ति की प्रक्रिया तेज की गई है। ऐसे जनपदों में आवेदकों की स्क्रीनिंग प्रगति पर है।

## भाजपा के पूर्व सांसद हरिनारायण राजभर का निधन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के नेता व घोसी के पूर्व सांसद हरिनारायण राजभर का रविवार को लखनऊ के मैक्स हास्पिटल में निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। शनिवार को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार को इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के.शर्मा ने मैक्स अस्पताल पहुँचकर उनके अंतिम दर्शन किए और परिजनों को ढ़ांढस बंधाया। हरिनारायण राजभर पूर्वांचल के पुराने भाजपा नेताओं में थे। वह एक बार सांसद,दो बार विधायक व प्रदेश सरकार में मंत्री भी रहे। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह व पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह के करीबी थे।

**तैयारी** | **योगी सरकार का बड़ा कदम**

# 49 बस स्टेशनों का होगा विश्वस्तरीय पुनर्विकास

▸ पीपीपी मॉडल पर फेज-2 परियोजना को मंजूरी, यात्रियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

▸ डीबीएफओटी मॉडल पर सरकारी पूंजी के बिना होगा विकास

▸ स्वच्छ, सुरक्षित और डिजिटल सुविधाओं से लैस होंगे बस टर्मिनल

**राज्य ब्यूरो, समृद्धि न्यूज।**

योगी सरकार ने प्रदेश की परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर फेज-2 बस स्टेशन विकास परियोजना को स्वीकृति मिल गई है, जिसके तहत प्रदेश के 49 प्रमुख बस स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा। इन बस स्टेशनों को आधुनिक, विश्वस्तरीय एवं बहुउद्देश्यीय बस टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां यात्रियों को उन्नत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। परियोजना के अंतर्गत शीघ्र ही डेवलपर्स के चयन के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जो पारदर्शी और प्रतिस्पर्धात्मक होगी।



### आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

परिवहन मंत्री ने कहा कि योगी सरकार की इस पहल से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और शहरी विकास को नई गति मिलेगी। साथ ही यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और गुणवत्तापूर्ण परिवहन सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने इसे उत्तर प्रदेश में आधुनिक परिवहन अवसंरचना के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

स्वच्छता, सुरक्षा और डिजिटल सूचना प्रणाली की बेहतर व्यवस्था

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि पीपीपी मॉडल के तहत बनने वाले इन बस स्टेशनों में स्वच्छता, सुरक्षा और डिजिटल सूचना प्रणाली की बेहतर व्यवस्था होगी। इसके साथ ही सुव्यवस्थित पार्किंग, वाणिज्यिक परिसर और सहायक सेवाओं को भी शामिल किया जाएगा, जिससे स्मार्ट और टिकाऊ अवसंरचना विकसित की जा सके।

उन्होंने बताया कि यह परियोजना डीबीएफओटी (डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट एंड ट्रांसफर) ढांचे पर आधारित होगी, जिसमें राज्य सरकार पर कोई प्रत्यक्ष पूंजीगत व्यय नहीं आएगा। निजी निवेश के माध्यम से बस स्टेशनों का विकास किया जाएगा, जबकि भूमि का स्वामित्व निगम के पास रहेगा।

# जनगणना में पूरी गंभीरता से हिस्सा लें : मौ. खालिद रशीद

▸ धर्म और भाषा की जानकारी सही-सही दर्ज कराएं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

इमाम ईदगाह लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने एक बयान में मुसलमानों को सलाह दी है कि वे जनगणना के काम में पूरी गंभीरता और उत्साह के साथ हिस्सा लें।

उन्होंने खास तौर पर जोर दिया कि जनगणना के फॉर्म में धर्म और मातृभाषा के कॉलम को बहुत सावधानी और अहमियत के साथ भरें। मौलाना फरंगी महली ने कहा कि आप सब को मालूम है कि देश में जनगणना का काम शुरू हो गया है। इसलिए आप सभी से गुजारिश है कि



जब सरकारी कर्मचारी इस काम के लिए आपके पास आएं, तो धर्म के खाने में इस्लाम लिखवाएं। इसी तरह मातृभाषा के खाने में ''उर्दू'' लिखवायें।

उन्होंने कहा कि हम मुस्लिम हैं। हमारे धर्म का नाम इस्लाम है, यह हमारी पहचान है। हमारी मातृभाषा उर्दू है। उर्दू हमारी तहजीब (संस्कृति), हमारी पहचान, हमारी विरासत और हमारी ताकत है। हमारी दौलत है। मौलाना फरंगी महली ने कहा कि हमारे देश में इस्लाम को मानने वालों की बहुत बड़ी संख्या आबाद है। इसी तरह, देश के एक बड़े हिस्से की मातृभाषा उर्दू है। जब हम अपने धर्म और भाषा के सही आंकड़े दर्ज करवाएंगे, तभी सरकार के पास हमारी सही जानकारी पहुंचेगी।

इसी जानकारी के आधार पर हमारे धर्म और हमारी जबान की हिफाजत और तरक्की के लिए योजनाएं बनाई जाएंगी।

उन्होंने कहा कि देश में धर्म और भाषा के सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की गारंटी आपका सहयोग ही है। इसलिए एक जिम्मेदार नागरिक होने का सबूत दें, जनगणना में हिस्सा लें और देश व समाज की तरक्की में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

## खबरें एक नजर में

### गेहूं की फसल खड़ी खेतों में लगी आग, कई किसान बर्बाद



तिलहर – शाहजहांपुर। कोतवाली क्षेत्र में गेहूं फसल खड़े खेतों में अचानक आग लग जाने से कई एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जिससे कई किसानों का लाखों रुपए का नुकसान होना बताया गया है। ग्रामीणों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। थाना क्षेत्र के गोपालपुर ठठियुरा गांव के खेतिहर इलाके में गेहूं फसल खड़े खेतों में अचानक आग लग गई। सूचना मिलने पर ग्रामीण अपने कृषि यंत्रों को लेकर खेतों में पहुंचे और आग बुझाने की नाकाम कोशिश की। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने किसी तरह तक आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड से द्रवित और पीड़ित किसान ओमप्रकाश शर्मा, वीरा वती और मनोरमा के खेतों में खड़ी करीब 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इसके अलावा नाजिर अली के खेत में गेहूं की नरई में आग लग गई जिससे उनकी करीब 20 बीघा नरई जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि आग बिजली के तारों से निकली चिंगारी से लगी थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व राजस्व टीम ने स्थिति का जायजा लिया।

### थाना समाधान दिवस में सुनीं गईं समस्याएं

काँट, शाहजहांपुर। कोतवाली कांट में आयोजित थाना समाधान दिवस में एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, एसडीएम सदर संजय पांडे, सीओ सदर प्रियंक जैन व इंस्पेक्टर राकेश कुमार मौर्य ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। कुल 6 प्रार्थना पत्र आए, जिनमें 4 राजस्व व 2 पुलिस से संबंधित थे। सभी मामलों में जांच के आदेश दिए गए। इस दौरान चालक न होने पर एसपी सिटी खुद गाड़ी चलाकर थाने पहुंचे, जो चर्चा का विषय बना रहा।

### किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। एक 14 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने कटरा थाने में एक युवक पर अपनी बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, नगर के मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री रविवार सुबह लगभग 5 बजे अपने घर से टहलने के लिए निकली थी। काफी देर तक घर वापस न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान महिला को पता चला कि मोहल्ला रामनगर कॉलोनी निवासी करन पुत्र झब्बू उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पीड़ित महिला की तहरीर पर कटरा पुलिस ने आरोपी करन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और किशोरी की तलाश में जुट गई है।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, परिजनों में चीख-पुकार

जलालाबाद, शाहजहांपुर। थाना मिर्जापुर क्षेत्र के अंतर्गत जरियनपुर व कोलापुल के बीच शुक्रवार शाम दो बाइकों की आमने–सामने की भिड़ंत में एक युवक की जान चली गई। हादसे में बाइक सवार दूसरा साथी लापता है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।क्षेत्र के गांव रैपुरा निवासी 35 वर्षीय आशुतोष गांव के ही गुड्डू के साथ शुक्रवार रात करीब आठ बजे बाइक से किसी काम के लिए जरियनपुर जा रहा था। जब उनकी बाइक कोलाघाट पुल और जरियनपुर के बीच पहुंची, तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजनों और पुलिस ने घायल आशुतोष को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक के भाई संजीव कुमार ने बताया कि जब वे मौके पर पहुंचे तो वहां दूसरी बाइक तो पड़ी थी, लेकिन उस पर सवार लोग और आशुतोष के साथ गया गुड्डू मौके पर नहीं मिले। गुड्डू की तलाश की जा रही है। आशुतोष पेशे से प्राइवेट वाहन चालक था। उसकी मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया। पत्नी पिंकी और तीन साल की मासूम बेटी का रो–रोकर बुरा हाल है। मिर्जापुर थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तिलहर-निगोही रोड पर बाइकों की टक्कर में चार घायल, दो गंभीर

तिलहर–शाहजहांपुर। दो बाईकों की आमने सामने हुई भिडंत में चार लोग घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी भेजा गया। जहां से दो लोगों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे कोतवाली क्षेत्र के निगोही रोड स्थित जन्युरी पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों की आमने–सामने टक्कर हो गई। जिसमें बाईकों पर सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों में जन्युरी गांव के कपिल कुमार, अंकित और रोहित और मोहनपुर परसेला गांव के रहने वाले अमन शामिल है। घायल अमन ने बताया कि वह अपने साथी रमाकांत के साथ रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे बाइक से डीजल लेने पेट्रोल पंप पर जा रहे थे। इसी दौरान दूसरी बाइक पर सवार तीन युवकों की बाइक से टक्कर हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सीएचसी भिजवाया गया। यहां से हालत गंभीर होने पर अंकित और अमन को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### बालिका से अश्लीलता के आरोपी का चल रहा इलाज

तिलहर–शाहजहांपुर। शुक्रवार शाम एक बालिका को झोपड़ी में खींच कर अश्लीलता करने वाले अधेड़ उम्र के आरोपी जिला अस्पताल में भर्ती है। उसके सीने में तकलीफ होने की जानकारी दी गई है। बता दें कि नगर क्षेत्र में एक नौ वर्षीय बच्ची से अश्लीलता करने बाला आरोपी नाटकीय ढंग से अस्पताल में दाखिल हो गया था। आरोप लगने के चलते कोतवाली पुलिस द्वारा नगर के मोहल्ला घेरचौआ निवासी प्रेम प्रकाश के खिलाफ पीड़ित पिता ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रात में पुलिस की तलाश के दौरान आरोपी फरार हो गया था। और नाटकीय ढंग से शनिवार सुबह आरोपी स्वयं नगर सीएचसी में इलाज कराने परिजनों सहित जा पहुंचा। और अपने साथ मारपीट होने के चलते चोट आने का आरोप लगाते हुए तड़पना शुरू कर दिया। सूचना मिलने के बाद कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल मौके पर पहुंचे और आरोपी को जिला अस्पताल रेफर किए जाने के चलते उन्होंने उसे पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए भेज दिया था।रविवार शाम खबर भेजे जाने तक आरोपी का जिला अस्पताल में इलाज जारी था। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि आरोपी का अभी जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। एक्स–रे में इसके सीने में कुछ चोट आने की जानकारी मिली है।

### बी.एस-सी. जीव विज्ञान पंचम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित

शाहजहाँपुर। स्वामी शुकदेवानन्द कॉलेज शाहजहाँपुर का बी.एस–सी. जीव विज्ञान (बायोलॉजी) पंचम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर का रिजल्ट एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. आदर्श पाण्डेय ने बताया कि पंचम सेमेस्टर में शताक्षी ने 8.17 एसजीपीए (सेमेस्टर ग्रेड पॉइंट एवरेज) के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया और अनिकेत पाण्डेय व दिव्या गुप्ता ने क्रमशः 7.83 व 7.30 एसजीपीए के साथ क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय सेमेस्टर में नैन्सी भटनागर ने 7.57 एसजीपीए (सेमेस्टर ग्रेड पॉइंट एवरेज) के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि सुजाता चौहान व नैन्सी देवी ने क्रमशः 7.48 व 7.30 एसजीपीए के साथ क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती जी महाराज, स्वामी शुकदेवानन्द कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉ. अवनीश मिश्रा, प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राकेश कुमार आज़ाद एवं उपप्राचार्य प्रो. (डॉ.) अनुराग अग्रवाल सहित सभी शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई और आशीर्वाद दिया।

### निपुण सम्मान समारोह का आयोजन



शाहजहांपुर। स्कूल चलो अभियान गुणवत्ता परक शिक्षा जन–जन तक पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। इसी क्रम में शहर के खिरनीबाग रामलीला मैदान में बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा निपुण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद अरूण कुमार सागर, जिपं अध्यक्ष ममता यादव, बीएसए दिव्या गुप्ता ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह की शुरूआत की। कलान, भावलखेड़ा सहित समस्त ब्लाक के सैकड़ों की संख्या में शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जिन स्कूलों में शत–प्रतिशत नामांकन हुए उन स्कूलों के शिक्षकों का शॉल एवं मेमेंटों देकर उत्साहवर्धन किया। सांसद, जिपं अध्यक्ष, बीएसए ने सर्वप्रथम कलान से प्राथमिक विद्यालय जूही, पीएस बल्लिया, पीएस सैफरी, संविलियन विद्यालय जैतीपुर, प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर, पीएस लखोहा, प्राथमिक विद्यालय पलिया पट्टी, पीएस कपूर नगला, नारायनपुर पट्टी, रामनगर, पीएस कल्याणपुर ककरा कलां सहित कई विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सांसद ने कहा कि गुरु से बच्चों द्वारा शिक्षा प्राप्त करना बहुत सौभाग्य की बात है। डीसी ट्रेनिंग रोहित सिंह, डीसी सतीश कनौजिया, खंड शिक्षा अधिकारी ददरौल सुरेन्द्र मौर्या, शिक्षक नितिन मिश्रा, रत्नाकर दीक्षित, एसआरजी अरुण गुप्ता व ममता शुक्ला, दपिंदर, निकहत परवीन सहित कई मौजूद रहे।

# एडीएम वित्त की अध्यक्षता में हुआ थाना समाधान दिवस

▸ निस्तारित समस्या की स्वयं मौके पर जाकर की पड़ताल



तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

एडीएम वित्त अरविंद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में छह समस्याओं में से एक का मौके पर निस्तारण किया गया। अप्रैल माह के दूसरे शनिवार को कोतवाली में एडीएम वित्त अरविंद कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान जमीन से ही संबंधित छह शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें मात्र एक समस्या का मौके पर निस्तारण किया गया शेष पांच समस्याएं संबंधित विभागों को सौंप दी गई।

एडीएम वित्त ने इस दौरान उपस्थित राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आयोजन में आने वाली सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है।आयोजन के दौरान कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल लेखपाल तरूण प्रताप सिंह सौम्या दुबे अंशु बाजपेई नीतू शर्मा अनूप शर्मा आदि मौजूद है। एडीएम ने गांव बंधी चक जाकर निस्तारित मामले स्थलीय की पड़ताल की। उनके साथ कोतवाल जुगुल किशोर पाल भी मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म प्रकरण में सहअभियुक्ता गिरफ्तार

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



सदर बाजार पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म व शोषण के चर्चित मामले में सहयोग करने वाली सहअभियुक्ता को गिरफ्तार कर अहम सफलता हासिल की है। कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की गई। पुलिस के अनुसार 14 फरवरी 2026 को दर्ज मुकदमे में आरोप था कि नाबालिग को प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ शारीरिक शोषण किया गया, जिससे वह गर्भवती हो गई। बाद में उसका गर्भपात भी कराया गया। इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। विवेचना के दौरान मेघा चौधरी पत्नी मोहित कुमार, निवासी मोहल्ला एमनजई जलालनगर का नाम सामने आया, जिसके बाद मुकदमे में अन्य धाराएं भी जोड़ी गईं। रविवार को सूचना मिलने पर महिला पुलिस टीम ने जलालनगर स्थित घर के बाहर से सहअभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी दोपहर करीब 2:45 बजे की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## मानव जीवन कल्याण समिति कार्यालय का हुआ भूमि पूजन



तिलहर-शाहजहांपुर। मानव जीवन कल्याण समिति के कार्यालय का पदाधिकारियों ने पंडित नवनीत शर्मा के सानिध्य में हवन पूजन कर शुभारंभ किया। जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई। हवन-पूजन के उपरांत कन्या पूजन भी किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार उर्फ पप्पू शर्मा ने नन्ही-मुन्नी कन्याओं के चरण धोकर उन्हें प्रसाद ग्रहण करबाकर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में समिति के प्रबंधक अरविंद गुप्ता, महिला प्रकोष्ठ चंद्रकांता त्रिवेदी, आसाराम साहू, राजेंद्र सिंह यादव, बाबूराम हिंदू, अनुज मिश्रा, दासीराम आर्य, राजेश शर्मा, गजेंद्र, विवेक शर्मा अंशू, मीना शर्मा, माया देवी, गायत्री श्रीवास्तव, मीनू, संगीता, मोनिका सहित अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग शामिल रहे।

## हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से दो एकड़ नरई जलकर राख

बंडा, शाहजहांपुर। क्षेत्र के गांव लालपुर आजादपुर में आज हाईटेंशन बिजली लाइन से निकली चिंगारी के कारण भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने खेतों में खड़ी नरई को अपनी चपेट में ले लिया और करीब दो नराई जलकर राख हो गई। लालपुर गांव निवासी रूपराम ने बताया एक हफ्ता पहले चार खटिया गेहूं जल गए थे एक एकड़ ऋषिपाल की नराई जलकर राख़ हो गई तेज हवा के चलते आग तेजी से फैल गई, जिससे आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह आग बुझा ली वहीं, ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हाईटेंशन लाइनों की नियमित देखरेख की मांग की है।

## महानगर क्षेत्र के विकास में अपना योगदान दें नामित पार्षदः मंत्री

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बीती 14 मार्च 2026 को नगर निगम शाहजहांपुर के लिए 10 व्यक्तियों को निर्दिष्ट कर पार्षद नामित किया गया है। जिनका शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को विकास भवन सभागार में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सांसद अरुण सागर, महापौर अर्चना वर्मा, उप सभापति वेदप्रकाश मौर्य, पूर्व अध्यक्ष सफाई कर्मचारी आयोग सुरेंद्र बाल्मीकि, पार्षदों व अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समारोह में महापौर द्वारा नवनामित पार्षदों को शपथ ग्रहण कराई गई। शपथ ग्रहण के उपरांत नामित पार्षदों का फूल माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर वित्तमंत्री द्वारा



समस्त नामित पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए सन्देश दिया कि महानगर क्षेत्र शाहजहांपुर के विकास में अपना योगदान दें औरअतिक्रमण मुक्त शहर बनाएं। महापौर एवं नगर आयुक्त द्वारा भी शुभकामनाएं देते हुए नगर निगम के विकास के लिए सहयोग देने की अपील की गई। इस दौरान अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा आदि अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## किशोरी को भगा ले जाने का आरोप

सिंधौली, शाहजहांपुर। एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी को गांव कलुआपुर गौटिया निवासी मलिखन 9 अप्रैल को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। घटना के बाद से किशोरी का कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में तलाश किया, लेकिन बेटी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद पिता ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पिता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## अटेवा पुरानी पेंशन बचाओ मंच एवं अटेवा प्रीमियर लीग कमेटी का क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

अटेवा पुरानी पेंशन बचाओ मंच एवं अटेवा प्रीमियर लीग कमेटी के तत्वावधान में आयोजित अटेवा प्रीमियर लीग 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार 12 अप्रैल 2026 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रोजा शाहजहांपुर में फाइनल मैच मुख्य अतिथि एनएमओपीएस राष्ट्रीय अध्यक्ष और अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी संजय गुप्ता (पाइप वाले) की उपस्थिति में हुआ। आज खेले गए फाइनल में टॉस जीतकर लेखपाल वॉरियर्स ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया, पहले बल्लेबाजी करते हुए डायमंड टाइटंस रोजा ने तेज शुरुआत करते हुए अमन के शानदार शतक की बदौलत 253 रनों का विशाल स्कोर



खड़ा कर दिया जवाब में उतरी लेखपाल वॉरियर्स शुरू से ही विकेट खोकर अपनी लय को नहीं पकड़ पाई और मात्र 43 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और इस तरह 210 रनों के बड़े अंतर से डायमंड टाइटंस रोज़ा ने यह फाइनल मुकाबला जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच अमन रहे जिन्होंने 15 चौके और चार छक्कों की मदद से 100 रनो की शानदार पारी खेली। अटेवा प्रीमियर लीग के मैन ऑफ़ द सीरीज लेखपाल वॉरियर्स के सूरज रहे। लेखपाल वॉरियर्स के ही टूर्नामेंट के बेस्ट बॉलर अनिल कुमार तथा टूर्नामेंट के बेस्ट बैटर हिमांशु रंजन रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार बंधु ने विजेता टीम के कप्तान अनोज और उपविजेता टीम के कप्तान आलोक यादव को ट्रॉफी प्रदान की तथा खेल भावना से ही अपने आगे के जीवन को भी सकारात्मक सोच के साथ बढ़ने को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि संजय गुप्ता जी ने आगे भी अटेवा के कार्यक्रमों में सहयोग तथा उत्साहवर्धन का वादा किया। कार्यक्रम का संचालन विवेक यादव ने किया। इस अवसर पर अटेवा प्रीमियर लीग के संयोजक डॉ प्रमोद यादव, सहसंयोजक गौरी शंकर वर्मा तथा मनोज वर्मा, जिला अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा, सीतापुर के जिला अध्यक्ष अवनीश गौतम हरदोई के जिला अध्यक्ष जैनुल खान लखनऊ मंडल के अध्यक्ष डॉ आशीष वर्मा प्रदेश सलाहकार ओमप्रकाश कनौजिया प्रदेश महामंत्री डॉ नीरज पति त्रिपाठी प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष ऋषिकांत पांडे जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अनीस अहमद जिला महामंत्री संजीव गंगवार कोषाध्यक्ष विनोद कुमार कश्यप जिला उपाध्यक्ष के एन पाठक एवं रमन उपाध्यय जिला कैडर प्रमुख धनपाल सिंह जिला सलाहकार राजकुमार सिंह जिला संयोजिका प्राची आर्या जिला सह संयोजिका सुमन वर्मा प्रिंट मीडिया प्रभारी योगेश कुमार अजय वशिष्ट पुनीत मिश्र पंकज कुमार उर्फ शेरू नरेंद्र मौर्य संदीप यादव निर्दोष गौतम प्रद्युम्न मिश्रा रामफल योगेंद्र नारायण शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

## नवीन मंडी गेट पर बाइक सवार ग्रामीण की मौत

तिलहर-शाहजहांपुर। हाईवे पर नवीन मंडी गेट के समीप बाइक सवार ग्रामीण का शव पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। बाइक में खरोंच तक न आने से उसकी मौत हार्ट अटैक से होना मानी जा रही है।पुलिसन ने शव पोस्टमार्टम को भिजवाया। शनिवार देर शाम करीब साढ़े सात बजे हाईवे स्थित नवीन गल्ला मंडी के निकट संदिग्ध परिस्थितियों में मोटरसाइकिल सवार ग्रामीण की मौत हो गई है। मृतक के पास ही उसकी मोटरसाइकिल पड़ी हुई थी हालांकि किसी भी तरह की मोटरसाइकिल में टक्कर के निशान नजर नहीं आए। राहगीर की सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद कोतवाली पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस से उक्त ग्रामीण को सीएचसी भेजवाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त कोतवाली क्षेत्र के गांव रूजवारी निवासी लालाराम वर्मा पुत्र भगवंत वर्मा 50 के रूप में हुई। मृतक के पुत्र अमित वर्मा ने बताया कि उसके पिता तिलहर नगर नवीन गल्ला मंडी में गेहूं बिक्री के पैसे लेने आए हुए थे। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया लालाराम की मौत हार्ट अटैक के कारण होना प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ हो सकेगी।

## एमए पब्लिक स्कूल में निकाली गई स्कूल चलो रैली

सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

कस्बे के मुड़िया मोड़ स्थित एमए पब्लिक स्कूल, जीएम पब्लिक स्कूल में प्रातः 9:00 बजे स्कूल प्रांगण से स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। एमए पब्लिक स्कूल में अब्दुल रहमान के नेतृत्व एवं जीएम पब्लिक स्कूल की रैली कृष्ण पाल के नेतृत्व में रीना हॉस्पिटल इलरा सैंजना होते हुए स्कूल परिसर में समाप्त हुई। स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने बताया कि देहात क्षेत्र के छोटे-छोटे बच्चे खेतों में गेहूं की कटाई एवं बारातों में उलझे हुए इधर-उधर घूम रहे हैं। अभिभावक भी बच्चों को स्कूल भेजने में रुचि नहीं ले रहे हैं। अभिभावक एवं बच्चों में जागरूकता के उद्देश्य से स्कूल के बच्चों ने क्षेत्र



में भ्रमण कर स्कूल चलो अभियान रैली निकाली इस दौरान बच्चों ने तख्तियों पर लिखे नारे भी लगाए। इस मौके पर जीएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका इरम मंसूरी ने बच्चों को संबोधित किया और उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल शिवम् वर्मा, करुणा शंकर पांडे, जितेंद्र कुशवाहा, आदित्य सिंह, मो. जैद, बासुदेव सिंह चौहान एम ए पब्लिक स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाध्यापक सर्वेश सिंह चौहान, ऋषभ पाल, रीता सिंह चौहान, आसना चौहान, रोमाना अख्तर, गुलअफशां, मनीषा सिंह आदि उपस्थित रहे।

## समाज की प्रगति में महिला की महत्वपूर्ण भूमिका

शाहजहांपुर। जीएफ़ कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण के अंतर्गत महिला स्वास्थ्य और पोषण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने कहा कि समाज की प्रगति में महिला की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, क्योंकि एक स्वस्थ महिला ही स्वस्थ परिवार और राष्ट्र का निर्माण कर सकती है। इसलिए महिला स्वास्थ्य और पोषण अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह केवल महिलाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक नहीं है,बल्कि स्वास्थ्य पर भी इसका सीधा प्रभाव पड़ता है।डॉ शाजिया बी ने कहा कि महिलाओं के जीवन के विभिन्न चरण—किशोरावस्था, गर्भावस्था,मातृत्व और वृद्धावस्था में पोषण की विशेष आवश्यकता होती है। इसलिए महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है।डॉ श्वेता मल्होत्रा ने एनीमिया, हड्डियों की कमजोरी आदि के विषय में जानकारी देते हुए इनके उपचार हेतु विभिन्न पोषक तत्वों के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी डा.डसमन ज़ेहरा ज़ैदी, डा. रजा रसूल, डा. निजामुद्दीन खान के अलावा स्वयमसेवी अलवीरा, गौरी, प्रियंका, साक्षी आदि छात्राओं का योगदान रहा।

## गाली गलौज की रिपोर्ट दर्ज

सिंधौली, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के गांव महासिर निवासी मनोहर लाल पुत्र लक्ष्मण लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते बृहस्पतिवार को उसी के गांव का पप्पू पुत्र प्रकाश शराब के नशे में आया और उसकी पत्नी घुराना देवी को बिना वजह गंदी, गंदी गालियां देने लगा जब उसने गलियों का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से बुरी तरह पीटने लगा जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई।जब वह अपनी पत्नी को बचाने गया तो उसे भी मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देता हुआ चला गया। घायल पत्नी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की।

## राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर रेडक्रास ने आयोजित की संगोष्ठी

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय प्रांगण में स्थित इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी के कार्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें इण्डियन रेडक्रास सोसायटी के सचिव व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की आशाओं के प्रशिक्षक डॉ. विजय जौहरी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर रेड क्रॉस की सोच मुख्य रूप से मातृ मृत्यु दर को कम करने, सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने और गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने पर केंद्रित है। रेड क्रॉस स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से प्रसव के



दौरान आपातकालीन रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने, महिलाओं को पोषण, स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और हाई-रिस्क प्रेगनेंसी की पहचान कर समय पर इलाज मुहैया कराने पर जोर देता है। सुरक्षित मातृत्व दिवस पर रेड क्रॉस की मुख्य सोच और कार्य रक्त की उपलब्धता रेड क्रॉस का सबसे महत्वपूर्ण कार्य प्रसव के समय होने वाले जानलेवा रक्तस्राव को रोकने के लिए रक्तदान को बढ़ावा देना है, जिससे आपातकालीन स्थिति में माँ की जान बचाई जा सके।जागरूकता और शिक्षा- रेड क्रॉस स्वयंसेवकों के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच, पोषण, और सुरक्षित प्रसव के प्रति जागरूक करता है। स्वास्थ्य शिविर और देखभाल- रेड क्रॉस स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर गर्भवती महिलाओं की जांच, हाई-रिस्क प्रेगनेंसी की पहचान, और उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान करता है।प्रसव पूर्व और पश्चात देखभाल- रेड क्रॉस की सोच है कि हर गर्भवती महिला को प्रसव से पहले और बाद में सही स्वास्थ्य देखभाल मिले, ताकि मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके।संक्षेप में, रेड क्रॉस का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर मां स्वस्थ रहे और सुरक्षित रूप से बच्चे को जन्म दे सके संक्षेप में, रेड क्रॉस का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर मां स्वस्थ रहे और सुरक्षित रूप से बच्चे को जन्म दे सके। मातृत्व दिवस का उद्देश्य भी महिलाओं के लिए सुरक्षित चिकित्सकीय वातावरण और संस्थागत प्रसव के साथ उचित पोषण के साथ स्वस्थ जीवन की रूपरेखा तैयार करना है। अन्त में डॉ. विजय जौहरी ने सुरक्षित मातृत्व दिवस पर सुरक्षित मातृत्व प्रसव पर सहयोगी भूमिका के निर्वहन करने की शपथ दिलायी। गोष्ठी में डॉ. विजय जौहरी,बाल कृष्ण पाण्डेय, ब्रजेश गुप्ता, रवि कुमार, मीनू मिश्रा, अनुज जौहरी, अग्रज जौहरी, अवनीश सक्सेना इत्यादि रेडक्रास के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबरें एक नजर में

### महिला ने लगाया देवर व ससुर पर संबंध बनाने के दबाव का आरोप, पुलिस ने मामला दर्ज कर की पड़ताल शुरू

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर क्षेत्र की एक महिला ने अपने ससुराल जनों पर तमाम आरोप लगाए हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में कहा गया है कि नगर के मोहल्ला वहीदुल्लागंज निवासी शोएब पुत्र सईद से एक वर्ष पूर्व एक मार्च 2025 को शादी हुई थी। शादी के 15 दिन बाद शोएब सऊदी अरब चला गया। और वह ससुराल में रहने लगी। कुछ समय बाद शोएब की माँ जीनत, बहन सोनम पत्नी शैरुद्दीन तथा देवर सोहेल उसे प्रताड़ित करने लगे पूरे घर का काम करवाते दवाई इलाज हेतु पैसे न देते न ही कपड़े, जरूरत का सामान दिलाते और कहते कि अपने घर से दो लाख रुपये लेकर आ। उसने शौहर से शिकायत की तो उसने भी अपने घर वालो की ही पैरवी की। आरोप है कि इस बीच उसके देवर ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। इसकी शिकायत उसने पति व ससुर से की। किसी ने उसकी एक न सुनी। इसके बाद उसकी मां उसे अपने साथ ले गई। आरोप है कि पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। जब वह ससुराल पहुंची तो सभी ने उसे मारा पीटा। और धमकाया कि अगर इस बात की सूचना किसी को दी तो तुम्हे व तुम्हारे परिवार को जान से मार देंगे। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है।

### अंबेडकर जयंती पर छह स्थानों पर लगे स्वास्थ्य शिविर, 595 मरीजों की जांच



**शाहजहांपुर।** आगामी अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन (एनएमओ) ब्रज प्रांत व पंडित राम प्रसाद बिस्मिल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (एसएमसी) के संयुक्त तत्वावधान में 'दीनदयाल राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा यात्रा 2026' के अंतर्गत शहर में छह स्थानों पर निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जन-जागरूकता शिविर लगाए गए। शिविरों में कुल 595 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें परामर्श व दवाएं वितरित की गईं। शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कुमार, डीन डॉ. नीरा गोयल, प्रॉक्टर डॉ. अमित कुमार सक्सेना और डॉ. राहुल पालीवाल ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों ने भी सहभागिता की। शहर के आवास विकास स्थित इनफिनिट कोचिंग सेंटर, चित्रा टॉकीज, बिहारी लाल विद्या मंदिर, हनुमत धाम आश्रय स्थल व हथौड़ा बस्ती के पुराना शिव मंदिर समेत छह स्थानों पर लगाए गए शिविरों में मरीजों की ब्लड प्रेशर और शुगर की निःशुल्क जांच की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया। एमबीबीएस 2022, 2023 व 2024 बैच के छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण, प्राथमिक जांच और जन-जागरूकता में सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान लोगों को स्वच्छता और मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि चिकित्सक के जीवन में सेवा भाव सर्वोपरि होता है। 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के मूल मंत्र के साथ इस तरह के आयोजन वंचितों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। शिविर का समापन शाम 4:30 बजे हुआ। बड़ी संख्या में लोगों ने इसका लाभ उठाया। आयोजन के संयोजक डॉ. अमित सक्सेना ने सभी प्रतिभागियों का आभार जताया।

### आरएमएल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में फ्रेशर्स व फेयरवेल पार्टी का आयोजन



**शाहजहांपुर।** आर. एम. एल. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में शनिवार को फ्रेशर्स एवं फेयरवेल पार्टी का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की चेयरमैन वर्षा गोस्वामी ने की। उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि फ्रेशर्स पार्टी नए छात्रों के लिए प्रेरणादायक शुरुआत होती है, जबकि फेयरवेल पार्टी जीवन के एक महत्वपूर्ण पड़ाव का भावनात्मक समापन है। उन्होंने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए सभी को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें नृत्य, गीत और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां शामिल रहीं। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। बी.फार्म प्रथम वर्ष से अनुप्रिया को मिस फ्रेशर और अमन को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। डी.फार्म से जाह्नवी व प्रशांत ने मिस व मिस्टर फेशर का खिताब जीता। घौसिया व संदीप को रनर तथा मुस्कान व प्रियम को रनर-अप घोषित किया गया। वहीं साहिल और रितिक कश्यप को बेस्ट परफॉर्मर का खिताब मिला। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और जलपान किया। इस मौके पर डॉ. आर. एम. एल. इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के एचओडी डॉ. राजीव कुमार समेत संस्थान के शिक्षकगण एवं स्टाफ मौजूद रहे।

### स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्माण कार्यों का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



**शाहजहांपुर।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले खेलो इंडिया के खिलाड़ियों ने जिलाधिकारी का स्वागत किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने स्टेडियम में बन रहे विभिन्न कार्यों का जायजा लिया, जिसमें तरण ताल (स्विमिंग पूल), बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल, इंडोर कबड्डी हॉल, सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट, 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, पवेलियन, सेल्फी प्वाइंट एवं परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह की प्रतिमा शामिल रही। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कर खेल विभाग को हस्तांतरित किया जाए। साथ ही गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने की सख्त हिदायत दी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (राजस्व) अरविंद कुमार सिंह, पीडब्लूडी के सहायक अभियंता सुरेंद्र राठौर, निर्माण एजेंसी के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, जूनियर अभियंता, स्टेडियम के प्रशिक्षक एवं खेलो इंडिया सेंटर (हॉकी) के खिलाड़ी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट एवं खेल सामग्री भी वितरित की। बताया गया कि 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक एवं स्विमिंग पूल का निर्माण उत्तर प्रदेश समाज कल्याण निर्माण निगम द्वारा लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। वहीं स्टेडियम के रिनोवेशन एवं नई खेल सुविधाओं जैसे इंडोर कबड्डी हॉल, बास्केटबॉल कोर्ट, सीसीटीवी, शौचालय और मुख्य भवन का कार्य उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन द्वारा 10 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है।

### अल कलीमी फैमिली रेस्टोरेंट का सय्यद साहब ने किया उद्घाटन



**मीरपुर कटरा, शाहजहांपुर।** नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग मुशर्रफ़ खां की पुलिया के पास रविवार को अल कलीमी फैमिली रेस्टोरेंट का नगर की प्रसिद्ध खानकाहे हुसैनीया कलीमिया के सज्जादानशीन हजरत सय्यद मसूद अहमद कलीमी चिश्ती कादरी व समाज सेवी सगीर खान ढभौरा वाले ने फीता काट कर शुभारम्भ किया। और हजरत ने रेस्टोरेंट स्वामी शाह नवाब व तौसीर के सर पर हाथ रखकर नेक दुआओं से नवाज़ा रेस्टोरेंट स्वामी हाजी शाह नवाब व तौसीर उर्फ राजू खान ने फूलमाला पहना कर हजरत का स्वागत किया। रेस्टोरेंट स्वामी ने बताया की हमारे यहां चिकन अफ़गानी, चिकन सीक कबाब, चिकन चिल्ली चिकन शामी कबाब स्पेशल लस्सी स्पेशल चाय व वेज भी उपलब्ध है। इस दौरान पूर्व विधायक राजेश यादव, डॉ. असद अहमद कलीमी, सगीर खान ढभौरा वाले, आरिश खान, याकूब अंसारी, किशवर अंसारी, शाहनवाज खान उर्फ राजा, मोहसिन खान, आदि लोग मौजूद रहे।

# एडीएम प्रशासन ने सुनीं शिकायतें

**सिधौली (शाहजहांपुर), समृद्धि न्यूज़।**



थाना सिधौली परिसर में आयोजित समाधान दिवस में शनिवार को एडीएम रजनीश मिश्रा एवं नायब तहसीलदार रिजवान ने जन समस्याओं को गंभीरता से सुना। समाधान दिवस में सुबह से ही फरियादियों की भीड़ लगी रही और दोपहर 1 बजे तक कुल 14 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दिया गया। समाधान दिवस में आए फरियादियों ने भूमि विवाद, खनन, राजस्व तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के बारापुर गांव निवासी वीरपाल, बड़काईलाल, बालक राम, राम प्रवेश, अवनीश कुमार, राकेश कुमार सहित कई ग्रामीणों ने अवैध खनन को लेकर शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना किसी अनुमति के खनन कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खनन स्थल के पास ही नदी बह रही है, जिससे भविष्य में बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है। ग्रामीणों ने यह भी आशंका जताई कि खनन के कारण उनके खेतों का कटान होने की संभावना है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से अविलंब कार्रवाई की मांग की है। इस पर संज्ञान लेते हुए नायब तहसीलदार एवं समाधान दिवस अधिकारी ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। साथ ही संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया है कि मौके पर जाकर स्थिति का आकलन कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# प्रेम किशन खन्ना महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव संपन्न

- कार्यक्रम का महापौर ने किया शुभारंभ

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय जलालाबाद वार्षिकोत्सव पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी मुख्य अतिथि नगर निगम की महापौर अर्चना वर्मा रही। विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ राजकुमार सिंह, लेफ्टिनेंट डॉक्टर आलोक कुमार सिंह, एसएस कॉलेज शाहजहांपुर, मुनेंद्र गुप्ता, पूर्व चेयरमैन जलालाबाद, कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर श्रीकृष्ण सिंह ने किय। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके फल स्वरुप सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। गायन प्रतियोगिता के विजेता प्रथम स्थान- प्रीति, द्वितीय स्थान- परवीन, तृतीय स्थान- सौम्या वर्मा, भाषण के विजेता प्रथम स्थान- सुब्हाना वारसी, अंशिका वर्मा, तृतीय स्थान ओम नारायण, फैशन प्रदर्शन के विजेता प्रथमस्थान- स्वाति अवस्थी, द्वितीय स्थान- इफरा, तृतीय स्थान- अमृता देवी , नृत्य के विजेता प्रथम स्थान- सेजल शर्मा, द्वितीय स्थान अंजलि, तृतीय स्थान लक्ष्मी, ग्रुप नृत्य के विजेता, प्रथम स्थान- कंचन श्रीवास्तव आंचल जैन द्वितीय स्थान- प्रवेशिका, अमृतादेवी, इफरा, स्वाति अवस्थी, सुब्हाना वारसी, अंशिका वर्मा तृतीय स्थान- निशी, अंजलि, अंशिका वर्मा, नाटक के विजेता, सोशल मीडिया ग्रुप, प्रथम स्थान ( आकांक्षा, कंचन, आंचल, सीमा, निशा, फायजा, सुहावनी, रिंकी, प्रज्ञा, इफरा), द्वितीय स्थान भ्रूण हत्या, (इफरा, प्रवेशिका, सुब्हाना, अंजलि, फायदा) तृतीय स्थान अन्न की बर्बादी,(इफरा, अमृता, अंजलि, प्रवेशिक, सुब्हाना वारसी) क्विज केविजेता प्रथम स्थान सुब्हाना वारसी, द्वितीय स्थान इफरा, तृतीय स्थान अमृता देवी मेहंदी प्रतियोगिता के विजेता प्रथम स्थान निशि पांडे, द्वितीय स्थान अंजलि, सुभान वारसी, तृतीय स्थान आकांक्षा शर्मा रंगोली प्रतियोगिता के विजेता प्रथम स्थान अंजलि द्वितीय स्थान अनम, गोल्डी तृतीय स्थान आकांक्षा शर्मा पुरस्कार वितरण के फल स्वरुप मुख्य अतिथि श्रीमती अर्चना वर्मा महापौर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्र-छात्राओं में अपने व्यक्तित्व विकास करने का अवसर मिलता है क्योंकि यह प्रतियोगिताएं आत्मविश्वास जगाने का कार्य करती हैं और आत्म बल का विकास होता है उन्होंने समकालीन परिस्थितियों में महिलाओं को आगे आकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा ग्रहण करने पर बोल दिया। विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट डॉक्टर आलोक कुमार सिंह ने कहा कि बालिकाओं का सर्वांगीण विकास करने हेतु महाविद्यालय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताएं उन्हें सदैव प्रेरणा देने का कार्य करतीहैं। जिससे भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकें। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर यादवेंद्र कुमार आर्य ने किया। इस अवसर पर डॉ अवधेश कुमार, डॉ जयेंद्र कुमार, डॉ हिमांशु कुमार, डॉ वीणा कुमारी, रंजन यादव, आसिफा फातिमा, अनुराग बाजपेई, वीरेंद्र मिश्रा, एसपी सिंह, बृजेश यादव, अनिल द्विवेदी, आशुतोष गुप्ता, ईशपाल, धर्मेंद्र, देवेशशुक्ला, प्रियंका गुप्ता, विमल गुप्ता, अशोक द्विवेदी आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थितरहे।

### आपत्तिजनक वीडियो बनाकर दुष्कर्म व ब्लैकमेलिंग करने वाला शातिर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और रंगदारी जैसे गंभीर अपराधों में वांछित चल रहे एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर युवती के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बनाकर उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप हैं। पुलिस के अनुसार, 9 मार्च 2026 को एक महिला ने थाना सदर बाजार में तहरीर देकर बताया था कि अभय कुमार राठौर व उसके साथियों ने उसकी पुत्री के

- बस अड्डे के पास घेराबंदी कर दबोचा गया आरोपी, एससी/एसटी व आईटी एक्ट समेत कई धाराओं में था वांछित

साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने पीड़िता के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बना लिए और बाद में उन्हें वायरल कर दिया। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मुअसं. 91/26 के तहत बीएनएस, एससी/एसटी एक्ट और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बस अड्डे के पास घेराबंदी कर मुख्य आरोपी अभय कुमार राठौर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और फरार अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# शिक्षा के बिना जीवन अधूरा: परिहार

- केडी सिंह इण्टर कालेज में आयोजित हुआ रिजल्ट वितरण एवं अभिभावक संगोष्ठी कार्यक्रम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जलालाबाद तहसील क्षेत्र के डी सिंह कालेज (सपहा मोड सुगसुगी) में रिजल्ट वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के सदस्य/मजिस्ट्रेट प्रदत्त शक्तियां (प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट) कुंवर मुनीश सिंह परिहार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। बच्चो को रिजल्ट वितरित किए। मेधावी छात्र छात्राओं को शील्ड देकर व मैडल पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान कुंवर मुनीश सिंह परिहार ने कहा कि इस युग शिक्षा सर्वोपरि है। सभी बच्चे मेहनत के साथ पढ़ाई करे। पढ़ाई से अपना व अपने परिवार का नाम रोशन करे। संस्थापक संतोष सिंह ने कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चो को विधालय अवश्य भेजें। और पढ़ाई के जागरूक रहे। बच्चे ही देश के भविष्य है। इस दौरान शिवांशु यादव, उत्कर्ष यादव, दिव्या सिंह परमार, भूमि चौहान, सुरजीत सिंह, आभी, पयाल, मानवी मिश्रा, आरोही मिश्रा, आकृति मिश्रा, शिवाय, अक्षरा, अक्षिता, दिव्यांशु यादव, पल्लवी यादव, भानु, रघुनंदन सिंह, हिमांशु सक्सेना, मानवी समेत अन्य बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर दिनेश मिश्रा, अनिल, जे पी सिंह, दिनेश यादव, यज्ञपाल सिंह, श्यामवीर सिंह, शंकरपाली सिंह, शिवांशु सिंह परमार, अमित सिंह, माखन सिंह, मनोज पाठक, लालू श्रीवास्तव, राघवेन्द्र सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# स्कूल पर अभिभावकों का आरोप, प्रिंट रेट पर बेची जा रहीं किताबें

- डीएम के आदेश की अवहेलना, बिना बिल किताबें देने का भी आरोप

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एक निजी स्कूल के खिलाफ अभिभावकों ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों की किताबें प्रिंट रेट पर ही जबरन बेची जा रही हैं, जबकि प्रशासन की ओर से रियायती दर पर किताबें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। शिकायत में कहा गया है कि अधिकांश मामलों में अभिभावकों को किताबों का पक्का बिल भी नहीं दिया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं और अभिभावकों का आर्थिक शोषण हो रहा है। अभिभावकों के अनुसार इस व्यवस्था के चलते उन पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। अभिभावकों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे मामले की तत्काल जांच कर विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और आदेशों का सख्ती से पालन कराया जाए। साथ ही यह भी मांग की गई है कि सभी अभिभावकों को किताबों का पक्का बिल दिया जाए और निर्धारित छूट पर ही पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं।

# कई बार उठाई गई मांग..., नहीं हो रहा समस्या का समाधान

- कुर्रिया कलां में ब्रह्मदेव स्थल के पास गंदगी का मामला
- धर्मस्थल के पास से आए दिन गुजरते हैं जिले के आला अधिकारी

**अरविंद सिंह**

**कुर्रिया कलां (शाहजहांपुर)।** एक छोटी की समस्या और अनगिनत शिकायतें लेकिन अधिकारियों के ध्यान नहीं देने के कारण लोगों में रोष पनप रहा है। जबकि इसी समस्या के पास से जिले के आला अधिकारी आए दिन गुजरते हैं लेकिन इस ओर ध्यान देने की जरूरत नहीं समझते हैं।

हम बात कर रहे उस गांव कुर्रिया कलां की। जहां के प्रसिद्ध देवी मंदिर के कपाट हर छह माह में नवरात्र में तीन दिनों के लिए खोले जाते हैं। मंदिर के कपाट खुलने के दौरान जिले के आला अधिकारी और तमाम जनप्रतिनिधि वहां पहुंचते हैं। देवी मंदिर जाने वाले रास्ते में ही गांव के अंदर एक ब्रह्मदेव का स्थान पड़ता है। जिस पर तमाम श्रद्धालु लंगोटी और चुनरी चढ़ाकर मन्नत



मांगने आते हैं। इस ब्रह्मदेव स्थान के पास गांव के ही कुछ लोगों ने जमीन कब्जा करने की नियत से घूरा कूड़ा डालना शुरू कर दिया। धर्मस्थल के पास कूड़ा डालने से हुई गंदगी के कारण लोगों को परेशानी हुई तो लोगों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से कई बार की। लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के चलते इस धर्मस्थल के पास से अवैध कब्जा और कूड़ा आदि नहीं हटवाया जा सका। खास बात है कि सरकार ने गांव गांव सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए कर्मचारियों की तैनाती कर रखी है। इसके बावजूद भी धर्मस्थल के पास सफाई नहीं होता विकास विभाग की लचर कार्यशैली को उजागर करता है। तमाम शिकायतें और उन पर कोई सुनवाई नहीं होने से ग्रामीणों में रोष पनप रहा है।

### 14 अप्रैल को देशी शराब, विदेशी मदिरा की दुकानें रहेंगी बंद

**शाहजहांपुर।** जिला आबकारी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि 14 अप्रैल को (देशी शराब, विदेशी मदिरा व बीयर) में दिये गये प्राविधानों एवं निर्गत अनुज्ञापनों में दी गयी, निबन्धन एवं शर्तों में 14 अप्रैल (डा. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती) के अवसर पर आबकारी अनुज्ञापनों को पूर्ण दिवस बन्द रखे जाने का प्राविधान है। अतः जनपद की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा व बीयर थोक एवं फुटकर अनुज्ञापन, देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप व भांग की दुकानों, एफएल 6/7 बार अनुज्ञापन तथा डिनेचर्ड स्प्रिट के थोक एवं फुटकर अनुज्ञापन एफएल 16/17/एम.ए.-4/2 व एफएल 9/9ए दिनांक 14 अप्रैल को (डा. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती) के अवसर पर पूर्ण दिवस बन्द रखी जायेगी।

# आरएसएस की जनगोष्ठी का आयोजन

- संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कैम्ब्रिज कांवेंट स्कूल में कार्यक्रम

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा एक जनगोष्ठी का आयोजन किया गया। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज जागरण और पंच परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर के कैम्ब्रिज कांवेंट स्कूल में आयोजित जनगोष्ठी के मंच पर संघ के मुख्य वक्ता मुनीश ने अपने संबोधन में कहा कि संघ अपनी 100 वर्षों की यात्रा में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने संघ को समझने के लिए इसके संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के विचारों को जानना आवश्यक बताया। उन्होंने बताया कि संघ व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र निर्माण की अवधारणा पर आधारित है। वर्तमान में देशभर में डेढ़ लाख से अधिक सेवा कार्य संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने पंच परिवर्तन के विषयों को विस्तार से बताते हुए सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भाव और नागरिक कर्तव्य को शामिल होना बताया। उन्होंने संगठन की शक्ति को सबसे बड़ी ताकत बताते हुए भगवान राम के जीवन से उदाहरण दिए और समाज जागरण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में समाज के प्रबुद्ध वर्ग के साथ संवाद और चिंतन प्रमुख है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम कुमार त्रिवेदी तथा संचालन विभाग प्रचार प्रमुख नरेंद्र शुक्ला ने किया।

# प्रदेशव्यापी संगठन बनाने पर जोर, 53 नए सदस्य जुड़े

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




उत्तर प्रदेश फार्मा एग्जीक्यूटिव ऑर्गेनाइजेशन (रजि.) की वार्षिक बैठक लोधीपुर स्थित एक होटल में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि अजय प्रताप सिंह यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान आईएमए अध्यक्ष डॉ. राकेश मेहरोत्रा और वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. विजय पाठक ने पदाधिकारियों को संगठन संचालन के गुर बताए। मुख्य अतिथि अजय प्रताप सिंह यादव ने कहा कि पदाधिकारियों का दायित्व है कि वे सभी सदस्यों की समस्याओं को समान रूप से सुनें और उनका समाधान कराएं। डॉ. राकेश मेहरोत्रा ने नेतृत्व क्षमता पर जोर देते हुए कहा कि संगठन में 'मैं' नहीं बल्कि 'आप' की भावना से कार्य करना चाहिए। वहीं, डॉ. विजय पाठक ने कहा कि संगठन के पदाधिकारी कंपनी और कर्मचारियों के बीच सेतु का कार्य करते हैं। संगठन के अध्यक्ष अमित पांडे ने कहा कि प्रदेश स्तर पर फार्मा मैनेजरों का यह पहला रजिस्टर्ड संगठन है, जिसका उद्देश्य इसे प्रदेशव्यापी स्वरूप देना है। उन्होंने बताया कि संगठन का पंजीकरण उप श्रमायुक्त बरेली एवं श्रमायुक्त कानपुर के माध्यम से हुआ है और वर्षभर में 10 कार्यकारिणी बैठकों का आयोजन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि संगठन का लक्ष्य सदस्यों के लिए सामूहिक दुर्घटना बीमा, आकस्मिक परिस्थितियों में आर्थिक सहयोग, अन्य जनपदों में विस्तार, रोजगार संबंधी विवादों का निस्तारण, पारिवारिक मिलन समारोह और आईएमए के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित करना है। साथ ही वरिष्ठ सदस्यों द्वारा नए पदोन्नत सदस्यों को कौशल एवं व्यक्तित्व विकास में सहयोग दिया जाएगा। महामंत्री नवनीत मिश्रा ने वार्षिक आमसभा की शुरुआत करते हुए कहा कि यह संगठन व्हाट्सएप ग्रुप से कहीं आगे एक मजबूत और पंजीकृत मंच है। उन्होंने बताया कि अब तक 53 नए सदस्यों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की है, जिससे संगठन को मजबूती मिली है। कोषाध्यक्ष गौरव शुक्ला ने वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। वरिष्ठ सदस्य संजय श्रीवास्तव और मीडिया प्रभारी सतेंद्र मिश्रा ने भी संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। बैठक में उपाध्यक्ष अमित गंगवार, संगठन मंत्री आशीष त्रिवेदी, कार्यालय प्रभारी संजीव अवस्थी, सहसचिव आलोक श्रीवास्तव, आदित्य मिश्रा, संजय गुप्ता, विपिन शुक्ला सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## समता की आस्था

यह विडंबना ही है कि 21वीं सदी, जिसे ज्ञान की सदी भी कहा जाता है, में किसी व्यक्ति के धार्मिक स्थल विशेष जाने पर वर्ग या लिंगभेद के आधार पर रोक लगे। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी से सहमत हुआ जा सकता है जिसमें कहा गया कि मंदिरों व मठों में प्रवेश में भेदभाव धर्म के लिये अच्छा नहीं है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने धार्मिक स्थलों में महिलाओं से भेदभाव के मामले में सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की थी। देश की शीर्ष अदालत का मानना था कि मंदिरों और मठों में जाने का अधिकार हर व्यक्ति को मिलना चाहिए। अदालत ने चिंता जतायी कि यदि ऐसा नहीं होता है तो समाज में विभाजन को बढ़ावा मिलेगा। जिसका धर्म विशेष की सर्वस्वीकार्यता पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। दरअसल, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ धार्मिक स्थलों में महिलाओं से भेदभाव के मामले में सात कानूनी सवालों पर विचार कर रही है। जिसमें केरल के बहुचर्चित सबरीमाला मंदिर में दस से पचास साल की महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध का मुद्दा भी शामिल है। दरअसल, केरल के कई संगठनों की ओर से शीर्ष अदालत में उपस्थित अधिवक्ता ने दलील दी थी कि संप्रदाय विशेष का मंदिर, इस मामले में प्रवेश की अनुमति और पूजापाठ की इजाजत एक संप्रदाय विशेष तक सीमित रख सकता है। इस प्रसंग में पीठ की न्यायाधीश बीवी नागरत्ना ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मंदिर और मठ में प्रवेश का अधिकार मिलना चाहिए। किसी को रोका जाना हिंदू धर्म के लिए अच्छी परंपरा नहीं है। दूसरे शब्दों में इसका धर्म पर बुरा असर नहीं पड़ना चाहिए। निश्चित रूप से देशकाल व परिस्थितियों के अनुसार देश के कानून व संविधान में भी परिवर्तन किए गए हैं। ऐसा में आस्था स्थलों से जुड़ी मान्यताओं व परंपराओं पर भी तर्कशील ढंग से विचार किया जाना जरूरी है। यह किसी भी समाज में समतामूलक सोच के विस्तार के लिये अपरिहार्य शर्त होनी चाहिए। इस दिशा में उदार सोच समय की जरूरत है। इसमें दो राय नहीं कि हमारे धार्मिक स्थल हमारी आध्यात्मिक दृष्टि को समृद्ध करने में अहम भूमिका निभाते हैं। धार्मिक होने का मतलब है ममता-समता और लोककल्याण से जुड़ी व्यापक दृष्टि का होना। श्रद्धालु किसी भी धार्मिक स्थल में मन की शांति और सुकून के लिये जाते हैं। इस बात से सहमत नहीं हुआ जा सकता है कि पूजा पद्धति व धार्मिक स्थल में प्रवेश रोकने पर हमारे आराध्य प्रसन्न होंगे। पौराणिक प्रसंगों में ऐसे उदाहरण नहीं मिलते हैं जब धरती पर अवतार लेने वाले देवताओं ने किसी वंचित समाज के व्यक्ति और महिलाओं को लेकर किसी तरह के भेदभाव को प्रश्रय दिया हो। छोटा-बड़ा, अमीर-गरीब व महिला व पुरुष का भेद कभी उनके कालखंड में सामने नहीं आया। इसके बावजूद देशकाल परिस्थितियों में तथा तार्किकता के अभाव में यदि किसी तरह भेदभाव कतिपय कारणों से सामने आया भी हो, तो वक्त का तकाजा यही है कि उन्हें समय के अनुकूल ढाला जाए। आस्था के नजरिये से बात करें तो भी ईश्वर ने अपनी किसी भी रचना को लेकर कभी किसी तरह का भेदभाव नहीं किया। तो फिर उसके रचे इंसानों को किसी तरह के भेदभाव की अनुमति कैसे दी जा सकती थी। बहुत संभव है कि किसी समय में शुचिता को लेकर परंपरागत सोच रही हो। लेकिन आज विज्ञान ने कई प्राचीन धारणाओं व रूढ़ियों को बदलकर नई दृष्टि दी है। चंद्रमा हजारों साल से मानवीय आस्था का प्रतीक रहा है। हिंदू, मुस्लिम व अन्य धर्म किसी न किसी रूप में चंद्रमा को गहन आस्था के केंद्र के रूप में देखते रहे हैं। 19वीं सदी में कौन सोच सकता है कि तमाम धर्मों में पूज्य चांद पर कभी इंसान भी कदम रख सकता है। लेकिन आज यह हकीकत है कि भारत समेत कई विकसित देशों के मिशन चंद्रमा की सतह पर उतरे हैं। बहरहाल, ऐसे में उस धर्म विशेष की सर्वस्वीकार्यता को लेकर सवाल खड़े हो सकते हैं, जो व्यक्ति, वर्ग, संप्रदाय व लिंग के आधार पर किसी भी तरह का भेद करता हो। जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि ऐसे निर्णयों का धर्म पर नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

# नेपाल नवजागरण की खुशबू फैल रही दूर देशों में!



आलोक शुक्ला

दक्षिण एशिया की भू-राजनीति में दशकों तक अस्थिरता और संक्रमण का पर्याय रहे बफर स्टेट नेपाल ने वर्ष 2026 की दहलीज पर कदम रखते ही जिस राजनीतिक परिपक्वता का परिचय दिया है, वह न केवल सुखद है बल्कि पड़ोसी लोकतांत्रिक देशों के लिए एक गंभीर आत्म-चिंतन का विषय भी है। एक ओर हिमालय की गोद में बसा यह राष्ट्र अपनी पारंपरिक बेड़ियों को तोड़कर सुशासन, तकनीक और पारदर्शिता के नए प्रतिमान गढ़ रहा है, तो दूसरी ओर लोकतंत्र की जननी होने का गौरव रखने वाला भारत आज भी धर्म, जाति और क्षेत्रीयता के उसी दलदल में छटपटा रहा है जिसे नेपाल ने पीछे छोड़ने का साहस दिखाया है। नेपाल का यह रूपांतरण महज एक आकस्मिक घटना नहीं है, बल्कि यह एक वैचारिक क्रांति है जहाँ जनता ने पहचान की राजनीति के ऊपर अस्तित्व के विकास को प्राथमिकता दी है।

**राजनीति का केंद्र धर्म और जाति से इतर मानवता और विकास हो तभी सार्थक होता है लोकतंत्र**

नेपाल में इस बड़े बदलाव का प्राथमिक कारण वहां के नागरिकों का पारंपरिक राजनीतिक सिंडिकेट के विरुद्ध संगठित विद्रोह और युवाओं का नीति-निर्धारण के केंद्र में आना है। वर्षों तक राजशाही और माओवादी संघर्ष के बीच पिसने वाली नेपाली जनता ने यह समझ लिया कि सत्ता का चरित्र तब तक नहीं बदलेगा जब तक कि योग्यता को दलीय वफादारी से ऊपर नहीं रखा जाता। इसी जनचेतना का परिणाम है कि नई सरकार ने कार्यभार संभालते ही सबसे पहले 1990 के बाद के सभी उच्चाधिकारियों और नेताओं की संपत्ति की न्यायिक जांच के आदेश दिए। यह एक ऐसा तथ्य है जो किसी भी दक्षिण एशियाई देश के लिए अकल्पनीय रहा है। प्रशासनिक सुधारों के तहत नेपाल ने डिजिटल गवर्नेंस को केवल नारों तक सीमित न रखकर उसे धरातल पर उतारा है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो गई है। जब तंत्र पारदर्शी होता है, तो समाज का विश्वास सरकार पर बढ़ता है और यही विश्वास नेपाल के इस शानदार बदलाव की मुख्य धुरी है।

समाज और देश पर इसके प्रभावों का विश्लेषण करें तो नेपाल ने अपनी आंतरिक विभिन्नताओं चाहे वह मधेस की मांगें हों या जनजातीय अस्मिता सभी को विकास के धागे में पिरोया है। वहां की नई शिक्षा नीति ने विश्वविद्यालयों को दलीय राजनीति के चंगुल से मुक्त कर दिया है, जिससे मेधावी छात्र अब देश छोड़ने के बजाय होम ग्रोन स्टार्ट अप्स की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

भविष्य में इसके प्रभाव दूरगामी होंगे। नेपाल न केवल जलविद्युत का सबसे बड़ा निर्यातक बनकर उभरेगा, बल्कि एक आईटी हब के रूप में भी अपनी पहचान स्थापित करेगा। यह स्थिरता नेपाल को विदेशी निवेश के लिए एक सुरक्षित स्वर्ग बना रही है, जो उसे आने वाले दशक में दक्षिण एशिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार करेगी। साथ ही साथ नेपाल की नई जेन जी सरकार ने अपने देशवासियों के चेहरे में मुस्कान की नई दास्तां भी लिखना शुरू कर दिया है।



*भारत में राजनीति की पहचान अब इवेंट मैनेजमेंट से है, जहाँ विकास की रेखाएं अक्सर जातिगत समीकरणों की स्याही से खींची जाती हैं। चुनाव आते ही नीतियां पीछे छूट जाती हैं और ध्रुवीकरण का वही पुराना खेल फिर शुरू होता है जहाँ भाई को भाई से अलग करने में ही नेताओं को अपनी विजय दिखाई देती है। हमारे यहाँ अलगाव और फूट की राजनीति एक कला बन चुकी है। जहाँ नेपाल में युवा पलायन रोकने के लिए ठोस आर्थिक नीतियां बनाई जा रही हैं, वहीं भारत में हम अपने युवाओं को अक्सर इतिहास के गड़े मुर्दे उखाड़ने या सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को नीचा दिखाने के काम में झोंक देते हैं। यह विडंबना ही है कि जिस भारत ने नेपाल को लोकतंत्र का ककहरा सिखाया, आज वही भारत अपने पड़ोसी की राजनीतिक शुचिता के सामने बौना नजर आ रहा है। भारत के लिए नेपाल का यह उदय एक स्पष्ट संदेश और चेतावनी दोनों है। संदेश यह कि विविधता कभी भी विकास में बाधक नहीं होती, बशर्ते उसे राजनीतिक हथियार न बनाया जाए। नेपाल में भी धर्म, भाषा और भूगोल की विभिन्नताएं हैं, लेकिन वहां के नेतृत्व ने उन्हें राष्ट्रीय गौरव में बदला है, न कि वोट बैंक में। भारत के लिए यह सीखना अनिवार्य है कि सबका साथ-सबका विकास केवल एक चुनावी जुमला बनकर रह जाएगा यदि प्रशासन में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की कमी रही। नेपाल की सफलता यह सिद्ध करती है कि यदि नेतृत्व युवा हो और उसकी दृष्टि वैश्विक हो, तो दशकों पुराने सिस्टम को भी बदला जा सकता है। नेपाल की नई सरकार की सफलता केवल उनके आंकड़ों में नहीं, बल्कि वहां के लोगों के चेहरों पर दिख रही उस उम्मीद में है जो लंबे अंधेरे के बाद सवेरे की पहली किरण को देखकर जागती है। भारत को अब अपनी बड़े भाई वाली मानसिकता और आंतरिक विभाजनकारी राजनीति के खोल से बाहर निकलना होगा। यदि हम अब भी धर्म और जाति की अफीम चाटकर मदहोश रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब हम केवल अपने गौरवशाली अतीत की कहानियां सुनाते रह जाएंगे और हमारे पड़ोसी भविष्य की इबारत लिख देंगे।*

भारत में राजनीति की पहचान अब इवेंट मैनेजमेंट से है, जहाँ विकास की रेखाएं अक्सर जातिगत समीकरणों की स्याही से खींची जाती हैं। चुनाव आते ही नीतियां पीछे छूट जाती हैं और ध्रुवीकरण का वही पुराना खेल फिर शुरू होता है जहाँ भाई को भाई से अलग करने में ही नेताओं को अपनी विजय दिखाई देती है। हमारे यहाँ अलगाव और फूट की राजनीति एक कला बन चुकी है। जहाँ नेपाल में युवा पलायन रोकने के लिए ठोस आर्थिक नीतियां बनाई जा रही हैं, वहीं भारत में हम अपने युवाओं को अक्सर इतिहास के गड़े मुर्दे उखाड़ने या सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को नीचा दिखाने के काम में झोंक देते हैं। यह विडंबना ही है कि जिस भारत ने नेपाल को लोकतंत्र का ककहरा सिखाया, आज वही भारत अपने पड़ोसी की राजनीतिक शुचिता के सामने बौना नजर आ रहा है।

भारत के लिए नेपाल का यह उदय एक स्पष्ट संदेश और चेतावनी दोनों है। संदेश यह कि विविधता कभी भी विकास में बाधक नहीं होती, बशर्ते उसे राजनीतिक हथियार न बनाया जाए। नेपाल में भी धर्म, भाषा और भूगोल की विभिन्नताएं हैं, लेकिन वहां के नेतृत्व ने उन्हें राष्ट्रीय गौरव में बदला है, न कि वोट बैंक में। भारत के लिए यह सीखना अनिवार्य है कि सबका साथ-सबका विकास केवल एक चुनावी जुमला बनकर रह जाएगा यदि प्रशासन में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की कमी रही। नेपाल की सफलता यह सिद्ध करती है कि यदि नेतृत्व युवा हो और उसकी दृष्टि वैश्विक हो, तो दशकों पुराने सिस्टम को भी बदला जा सकता है।

नेपाल की नई सरकार की सफलता केवल उनके आंकड़ों में नहीं, बल्कि वहां के लोगों के चेहरों पर दिख रही उस उम्मीद में है जो लंबे अंधेरे के बाद सवेरे की पहली किरण को देखकर जागती है। भारत को अब अपनी बड़े भाई वाली मानसिकता और आंतरिक विभाजनकारी राजनीति के खोल से बाहर निकलना होगा। यदि हम अब भी धर्म और जाति की अफीम चाटकर मदहोश रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब हम केवल अपने गौरवशाली अतीत की कहानियां सुनाते रह जाएंगे और हमारे पड़ोसी भविष्य की इबारत लिख देंगे। नेपाल का यह हिमालयी मॉडल दक्षिण एशिया के लिए एक लाइटहाउस है, जिसकी रोशनी में भारत समेत अन्य पड़ोसी देशों को अपना खोया हुआ लोकतांत्रिक रास्ता पुनः खोजने की आवश्यकता है। राजनीति का केंद्र मंदिर-मस्जिद या जाति और क्षेत्र के बजाय इंसान और उसकी प्रगति होना चाहिए। नेपाल ने यह कर दिखाया है, अब प्रश्न हमारी नीतियां और हमारे साहस पर है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विशेषज्ञ हैं)*

विचार

# बंगाल में आक्रामक हुआ चुनाव प्रचार, जारी हुआ भाजपा संकल्प पत्र

*मृत्युंजय दीक्षित*

असम, केरल व पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनाव हेतु मतदान संपन्न हो जाने के बाद पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु के चुनाव प्रचार में आक्रामकता आ गई है। बंगाल के सन्दर्भ में प्राप्त विश्लेषणों के अनुसार ऐसा लग रहा है कि इस चुनाव में बंगाल में मात्र दो प्रतिशत मतों के अंतर से ही सरकार बनने का खेल होने वाला है। सत्ता के लिए प्रमुख लड़ाई चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के लिए प्रयासरत ममता बनर्जी तथा भारतीय जनता पार्टी के बीच है। यही दोनों आक्रामक रूप से चुनाव प्रचार भी कर रहे हैं। भाजपा ने पहले ममता सरकार के खिलाफ श्वेत पत्र जारी किया फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीन बड़ी जनसभाओं के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया।

इस बीच बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व उनकी पार्टी के कुछ नेताओं ने भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा कर हिंसा को बढ़ावा देने वाली बयानबाजी आरम्भ कर दी। अभिषेक बनर्जी तो अपनी रैली में सीधे तौर पर भाजपा कार्यकर्ताओं की गर्दन, हाथ-पैर तोड़ने तक की बात कह रहे हैं। इसके लिए उनके खिलाफ चुनाव आयोग की ओर से एफआईआर भी की गई है। बंगाल की मुख्यमंत्री ने स्वयं चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है और लगातार कोर्ट में अभियान चला रही हैं। बंगाल की मतदाता सूची से लगभग 91 लाख मतदाताओं के नाम कट जाने से वह अधिक परेशान हैं।

भाजपा भी इस बार सरकार बनाने के लिए लड़ रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी हल्दिया, आसनसोल व सिउड़ी की जनसभाओं में बंगाल की जनता को छह गारंटियां दीं जिनको भाजपा के संकल्प पत्र में दोहरा कर मजबूत किया गया। इन जनसभाओं में प्रधानमंत्री मोदी ने जहाँ एक ओर विकास और सुशासन का एजेंडा सामने रखा वहीं टीएमसी सरकार पर चौतरफा प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद सबका साथ सबका विकास तो होगा ही लेकिन जिन लोगों ने लूटा है, उन लुटेरों का हिसाब भी होगा। उन्होंने ममता सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि विगत 15 वर्षों में राज्य में सिंडीकेट, कट मनी और गुंडाराज का बोलबाला रहा है जिससे आम जनता का विश्वास टूटा है। भाजपा सरकार आने पर भय की जगह भरोसा कायम किया जायेगा। भ्रष्टाचार करने वालों को जेल भेजेंगे। सरकारी सिस्टम जनता के लिए जवाबदेह होगा। हर घोटाले, भ्रष्टाचार ओर बहन बेटियों के साथ हुए अन्याय की फाइलें, खुलेंगी। घुसपैठियों को खोज खोजकर खदेड़ा जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी की जनसभाओं के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया है जिसमें कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। बंगाल में कोलकाता के भाजपा कार्यालय में वंदेमातरम संग्रहालय बनाया जाएगा। वंदे मातरम की परिकल्पना के माध्यम से बंगाल की संस्कृति को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करेंगे। अभी वंदेमातरम की 150वीं जयंती पर संसद में विशेष सत्र का आयोजन हो चुका है तथा साथ ही अब सरकारी आयोजनों में संपूर्ण वंदे मातरम गायन अनिवार्य किया जा चुका है। बंगाल की दृष्टि से वंदेमातरम संग्रहालय की स्थापना महत्वपूर्ण घोषणा है।

सिंगूर को लेकर घोषणा : भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में दूसरी बड़ी घोषणा सिंगूर को लेकर की है जिसमें भाजपा ने सरकार बनने के बाद वहां एक औद्योगिक पार्क बनाने का संकल्प किया है। ममता बनर्जी ने सिंगूर से अपनी पुख्ता राजनैतिक जमीन बनाने की शुरुआत की थी। पश्चिम बंगाल का सिंगूर विवाद भारत के औद्योगिक और राजनीतिक इतिहास की महत्वपूर्ण घटना रही है। सिंगूर विवाद वर्ष 2006 में शुरू हुआ था जब तत्कालीन वामपंथी सरकार ने हुगली जिले के सिंगूर में टाटा मोटर्स को नैनो कार बनाने के लिए करीब 997 एकड़ जमीन दी। सरकार ने यह जमीन पुराने भूमि अधिग्रहण कानून के अंतर्गत ली थी किंतु सरकार के निर्णय का कुछ स्थानीय किसान संगठनों ने विरोध किया था, तब ममता बनर्जी किसानों के समर्थन में आ गई और मां, माटी और मानुष का नारा दिया। आज बंगाल में सभी कल-कारखाने बंद हो चुके हैं और भारी बेरोजगारी है। यही कारण है कि भाजपा ने अब सिंगूर में ही औद्योगिक पार्क बनवाने का संकल्प लिया है।



संकल्प पत्र में राज्य में कानून व्यवस्था सुधारने और विकास को गति देने को भाजपा का लक्ष्य बताया गया है। भाजपा ने अपने घोषणापत्र में महिलाओं, युवाओं, किसानों, बुजुर्गों एवं व्यापारियों के लिए घोषणा की है। बंगाल में राजनीतिक हिंसा की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में विशेष आयोग बनाया जाएगा और सभी मामलों की जांच कर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी। साथ ही कानून व्यवस्था की स्थिति पर श्वेत पत्र जारी किया जाएगा। इसके अलावा घुसपैठियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट नीति लागू की जाएगी। कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता लागू किया जाएगा। महिलाओं को हर महीने 3000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। आयुष्मान भारत सहित केंद्र सरकार की सभी योजनाएं बंगाल में लागू की जाएंगी। भाजपा ने बंगाल में भी समान नागरिक संहिता लागू करने का संकल्प लिया है और युवाओं को एक करोड़ रोजगार देने का वादा किया है।

भाजपा वर्ष 2026 में बंगाल से ममता सरकार की विदाई तय करने के लिए सतर्कता के साथ कड़ी मेहनत कर रही है। बंगाल के विश्लेषकों का मत है कि बंगाल में ममता दीदी का दुर्ग भेदना अभी भी बहुत कठिन है क्योंकि चुनावी हिंसा बहुत अधिक होती है लेकिन इस बार चुनाव आयोग भी बहुत सख्त है अतः परिस्थिति बदल सकती है । इस बार चुनाव के बाद भी दो माह तक बंगाल में केंद्रीय बल तैनात रहेंगे। विश्लेषकों कहना है कि यदि इस बार बंगाल चुनाव बिना किसी हिंसा के संपन्न हो जाते हैं तो भाजपा सरकार बनने की सम्भावना भी बन सकती है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य



## अलविदा सुरों की मलिका- आशा ताई

**संजय एम तराणेकर**



रात की ख़ामोशी में
चाँदनी मुस्कुराती है,
कहीं दूर से उनकी
आवाज़ चली आती है।
कभी पिया तू अब तो
आजा... की धुन,
ये दिल को मचलाने
लगती गीत को सुन।

कभी दम मारो दम की ज़बरदस्त मस्ती,
रूह में रंग भर जाती है आशा ताई हस्ती।
हर युग, हर दौर में उनका जादू हैं कायम,
सदियों गूंजेगा ये सुर हर पीढ़ी को नायब।

जो उन्होंने हमें दिया है गजल या हो ठुमरी,
देखी फिल्मी गीतों की रंग-रंगीली झुमरी।
मधुर स्वर की छाया हर दिल को छू जाती,
संगीत की रंगीन दुनिया में सबको रमाती।

आशाजी ने लिखा है संगीत में अपना नाम,
कोई जब गीत बजे दिल को रख लेते थाम।
उनकी मीठी तान सुन के हर दर्द खो जाता,
आज आँखें नम हमारी तोड़ गईं जैसे नाता।



## राशिफल

**मेषः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कार्य में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा।

**वृषभः-** रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कार्य में व्यस्त रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मिथुनः-** वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा।

**कर्कः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अतरू इसे सुधारें। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य को समय से पूर्ण करें।

**सिंहः-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में विलम्ब कतई न करें।

**कन्याः-** कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**तुलाः-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई सारी चिंताओं से मन ग्रसित होगा। घर में प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिकः-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में स्थिति अनुकूल होगी। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**धनुः-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**मकरः-** मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियन्त्रण रखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कुंभः-** महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों।

**मीनः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# तुम बहुत बोल चुके, अब मैं बोलूंगी

*हृदयनारायण दीक्षित*

बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण आ गया है। केन्द्रीय मंत्रीपरिषद ने इसे पारित कर दिया है। महिला आरक्षण सामाजिक समता का ऐतिहासिक दस्तावेज है। इससे अथर्ववेद के एक मंत्र की ध्वनि सुनाई पड़ रही है। इस मंत्र में एक स्त्री कहती है, तुम बहुत बोल चुके। अब मैं बोलूंगी। भारत में प्राचीन काल से ही स्त्री सम्मान रहा है। महिलाओं की खराब स्थिति का प्रचार करने वाले मिथ्या आरोप लगाते रहे हैं। भारतीय समाज में स्त्रियां, पुरुष के बराबर सम्मानीय रही हैं। वैदिक काल में भी स्त्री सम्मान था। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुदग्लानी रथ पर चढ़कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। युद्ध में उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था। ऋग्वेद के अनुसार युद्ध में विपशला का पैर कट गया। अश्वनी देवों ने उसे धातु का पैर लगा दिया था। पति और पत्नी को मिलाकर दंपत्ति बनता है। दंपत्ति में नारी की प्रतिष्ठा है। ऋग्वेद में अनेक सूक्तों में स्त्री सम्मान के तत्व हैं। सृष्टि की उत्पत्ति जल से होने का तथ्य चार्ल्स डार्विन ने भी स्वीकार किया है। जल माता का विचार डारविन के बहुत पहले वैदिक काल में ही पुष्ट हो चुका था। ऋग्वेद में 'आपः मातरम' -जलमाताओं को नमस्कार किया गया है। ऋग्वेद में अदिति नाम की एक महादेवी हैं। कहा गया है, ''इस अस्तित्व के सभी तत्व अदिति हैं। अब तक जो कुछ हो गया है और जो कुछ भविष्य में होगा वह सब अदिति है।'' ऋग्वेद का सूक्त पठनीय है। अदितिः द्यौः अदितिः अन्तरिक्षं अदितिः माता सः पिता सः पुत्रः अदितिः विश्वेदेवाः अदितिः पंचजनाः अदितिः जातम जनित्वम-द्युलोक अदिति है, अंतरिक्ष भी अदिति है, माता-पिता-पुत्र सब अदिति हैं, सारे देव अदिति हैं, जो पंचजन सप्तसिन्धु में निवास करते हैं, वह सब अदिति हैं। जो कुछ उत्पन्न हुआ है और जो कुछ आगे उत्पन्न होगा, वह सब अदिति है। (ऋग्वेद 1.89.10) यूनानी देवतंत्र में अदिति के समान गूढ़ दार्शनिक अर्थ रखने वाली कोई देवी नहीं है।

विवाहित होना सम्मानीय था। स्मृतियों में दीर्घकाल तक अविवाहित बने रहने की आलोचना की गई है। विवाह नाम की संस्था का विकास धीरे-धीरे हुआ है। ऋग्वेद के रचनाकाल तक विवाह संस्था का समुचित विकास हो रहा था। स्त्री दासी नहीं है। ऋग्वेद के एक सुंदर मंत्र में नववधू को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया है कि, ''यह नववधू दीर्घकाल तक जिए। दीर्घकाल तक काम करे। ससुर और सभी परिजनों पर शासन करे।'' यह भारतीय संस्कृति का प्राचीन तत्व है। भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है। वैदिक काल में महिलाएं मंत्रदृष्टा ऋषि भी थीं। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार राजा जनक ने विद्वानों की सभा बुलाई थी।

अनेक विद्वान इस गोष्ठी में सम्मिलित थे। विद्वानों की सभा में गार्गी ने याज्ञवल्क्य से सीधे सवाल पूछे थे। पूछा था कि, ''यह संपूर्ण अस्तित्व किस तत्व पर टिका हुआ है?'', ''सृष्टि किस आधार पर खड़ी है।'' याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया, ''जल पर।'' गार्गी ने उत्तर के बाद पूछा, ''जल किसमें आधारित हैं?'' फिर पूछा गया कि, ''इस अस्तित्व को कौन देवता आधार देते हैं?'' गार्गी ने पूछा, ''इस विराट अस्तित्व का आधार क्या है?'' याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया ब्रह्म ही सबको धारण करता है। ब्रह्म ही सर्वोच्च हैं। गार्गी ने अगला प्रश्न पूछा कि, ''ब्रह्म किस पर आधारित हैं। याज्ञवल्क्य ने कहा, ''ब्रह्म सर्वोच्च हैं। ब्रह्म ही भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट होते हैं। ब्रह्म का कारण ब्रह्म हैं। ब्रह्म असीम हैं। अनंत हैं। गार्गी की प्रतिभा अद्भुत थी। राम-सीता की जोड़ी में सीता और राम दोनों की विशिष्टता देखी जाती है। कोई बड़ा नहीं। कोई छोटा नहीं। सीता जैसा चरित्र दुनिया के किसी भी देश में नहीं मिलता। शिव-पार्वती में पार्वती प्रथमा हैं और वह सभी अवसरों पर शंकर जी से विभिन्न विषयों पर गहन प्रश्न पूछा करती हैं। कैकई और दशरथ के कथानक में कैकई विचारणीय हैं। भारतीय परंपरा व साहित्य में सर्वत्र स्त्री सम्मान की गूंज है। यत्र नारी अस्तु पूजते रमंते ततदेवता-जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रहते हैं। नारी माता हैं। अनेक प्रतीकों में स्त्री को माँ कहा गया है। माता से बढ़कर दूसरा कोई प्रतीक नहीं है। यहां भारत को भी भारत माता कहा गया है। अथर्ववेद के भूमि सूक्त में पृथ्वी को माँ बताया गया है। अधिकांश नदियों को भी हम माता ही कहते हैं। वैदिक काल में यज्ञ की अतिरिक्त प्रतिष्ठा रही है। यज्ञ विधान के अनुसार पूजा में पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य है। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में ऋषि पत्नी से कहते हैं, ''तुम ऋक हो। मैं साम (गान) हूं। मैं अंतरिक्ष हूं। तुम पृथ्वी हो।''

दुनिया की प्रत्येक सभ्यता में देवतंत्र है। देवता हैं, देवियां हैं। सामाजिक विकास के क्रम में मिस्र ने प्रकृति की शक्तियों को देवता जाना और माना था। जिस समाज में देवियां होंगी उस समाज में स्त्रियों का सम्मान होगा। देवतंत्र मनुष्य के सपनों का ही विस्तार है। देवियों का आदर स्त्रियों का आदर है, इसी तरह स्त्रियों का आदर देवियों का आदर है। भारत में वैदिक काल का देवतंत्र ध्यान देने योग्य है। भारत में अनेक देवियां हैं। ऋग्वेद में वाणी की अराधना की गई है। देवियों की उपासना करने वाले समाज में स्त्री सम्मान होगा ही। इसी तरह का एक शब्द है रोदसी। रोदसी में माता पृथ्वी और पिता आकाश को संयुक्त रूप में याद किया गया है। (ऋग्वेद 2.11.15) चाहे सोम रस की बात हो या अन्य सभी अनुशासनों में। माता-पिता की जोड़ी में मां प्रथमा हैं।

वैदिक काल में अनेक स्त्रियां वेद मंत्रों की रचयिता या दृष्टा ऋषि भी रही हैं। इनमें लोमसा, लोपामुद्रा, यमी, श्रद्धा, ब्रह्मवादिनी जुहू, सूर्या, इंद्राणी, कच्छीवान की पुत्री घोषा आदि स्त्रियों की प्रतिष्ठा किसी भी विद्वान से कम नहीं थी। पूर्वजों ने मातृ शक्ति को पुरुष जैसा सम्मान दिया है। ऋग्वेद के एक सूक्त में पौलोमी सची द्वारा व्यक्त उद्गार देखने योग्य हैं। वे कहती हैं, मैं ज्ञानवती हूं। मैं मूर्धन्य हूं। मैं तेजस्वी वक्ता हूं। मैं शत्रुओं का विनाश करती हूं। पति मेरे अनुकूल व्यवहार करते हैं। ऐतरेय ब्राह्मण में गंधर्व ग्रहीता कुमारी का विवरण है। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार मैत्रेयी ऋषि याज्ञवल्क्य की पत्नी थीं। उनकी रुचि ब्रह्म विद्या में थी। याज्ञवल्क्य ने सन्यासी होने का निर्णय लिया। दोनों पत्नियों को बुलाया और बताया कि हमारी संपदा दोनों पत्नियां मिलकर बांट लो। इस पर मैत्रेयी ने कहा कि, मुझे धन संपदा नहीं चाहिए। आपको जो ज्ञान प्राप्त हो वही मुझे दीजिए। कृतार्षिनी ने मीमांसा दर्शन पर ग्रंथ लिखा था।

वैदिक काल में शिक्षा की उत्तम व्यवस्था थी। इनमें तमाम महिलाएं आचार्य थीं। बच्चों को पढ़ाती थीं। पाणिनी की व्याकरण के अनुसार उपाध्याय की पत्नी को उपाध्यायानी कहा गया है और जो स्त्री स्वयं अध्ययन का कार्य करे उसके लिए उपाध्याय शब्द ठीक होगा। वैदिक काल में संपत्ति पर स्त्रियों का भी अधिकार था। महिलाएं घर की प्रधान थीं।

*(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### किन्नर समाज पर हमला, बेनीगंज पुलिस ने आरोपियों पर दर्ज किया मुकदमा



**हरदोई।** हरदोई के बेनीगंज थाना क्षेत्र में किन्नर समाज के लोगों पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। मोहनी चेला रेखा निवासी अशरफ टोला, बेनीगंज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 11 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 2 बजे वह अपने साथियों के साथ कोथावां से बेनीगंज लौट रही थीं। इसी दौरान अटिया भट्ठा के पास प्रियंका (किन्नर), अवधेश, सलीम, छोटू व अन्य अज्ञात लोगों ने उन्हें रास्ते में घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए मोहनी, नताशा, दीपिका, डोली व कजरी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे सभी को चोटें आईं। घटना के बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर बेनीगंज पुलिस ने नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट में दलित युवक की मृत्यु में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार



**हरदोई।** सांडी पुलिस ने थाना छेत्र में हुई मारपीट में घायल की इलाज के दौरान मृत्यु होने के मामले में दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 10 अप्रैल को भूरा पुत्र स्व0 रामसिंह निवासी ग्राम जलपीपुर द्वारा थाना सांडी पर तहरीर दी गयी कि विपक्षीगण करूणेश त्रिपाठी उर्फ जीतू पुत्र कमलेश त्रिपाठी निवासी ग्राम जलपीपुर और उसके पिता द्वारा उसके भाई पंकज के साथ गाली-गलौज व मारपीट की जिससे उपचार के दौरान वादी के भाई पंकज की मृत्यु हो गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सांडी पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध दलित एक्ट सहित अन्य धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस द्वारा उक्त अभियोग से संबंधित नामजद करूणेश त्रिपाठी उर्फ जीतू और उसके पिता कमलेश त्रिपाठी को गिरफ्तार किया गया है।

### कार्यकर्ता संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति, जनसंपर्क को लेकर रहे सतर्कः राजेश सिंह



**कोंच (जालौन)।** दीनदयाल उपाध्याय अभिलाषा पैलेस में भाजपा ग्रामीण मंडल कोंच के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें गौ सेवा आयोग उप्र के सदस्य राजेश सिंह सेंगर, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, विधायक मूलचंद्र निरंजन ने पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की। पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुये राजेश सिंह सेंगर ने कहा कि कार्यकर्ता को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और जनसंपर्क के महत्व को लेकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत बनाना है, ताकि वे समाज में सक्रिय भूमिका निभाते हुए सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा सकें। जिलाध्यक्ष ने संगठन के इतिहास, सिद्धांतों और विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। विधायक ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और एक-एक कार्यकर्ता पार्टी को माँ का दर्जा देकर हर परिस्थिति में राष्ट्र हित में काम करता है। प्रशिक्षण में सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नमो एप और सरल एप के प्रभावी उपयोग और बूथ प्रबंधन को मजबूत बनाने पर विशेष चर्चा की गई। ग्रामीण मंडल के पदाधिकारियों ने अतिथि नेताओं का पट्टिका ओढ़ाकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सतेंद्र पटेल शीलू पड़री, कोंच ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सोनू पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष दशरथ पटेल, वीरेंद्र निरंजन, बाबूराम पाल, सौरभ पुरवार, शशांक आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 13 वर्षीय छात्र का शव घर के कमरे में फांसी पर लटका मिला

**माधौगढ़ (जालौन)।** माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के डिकौली गांव में रविवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां कक्षा 6 में पढ़ने वाले 13 वर्षीय किशोर ने अज्ञात कारणों के चलते घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। डिकोली गांव के निवासी मनीष का 13 वर्षीय पुत्र प्रदुम घर के एक कमरे में था। काफी देर तक उसके बाहर न निकलने पर परिजनों को संदेह हुआ। जब परिवार के लोग कमरे में पहुंचे तो प्रदुम्न फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। यह दृश्य देख परिजनों में हड़कंप मच गया और घर में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने तत्काल उसे फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद किशोर को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलते ही माधौगढ़ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सभी पहलुओं पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### मायके से नहीं आयी पत्नी तो पति ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**कालपी (जालौन)।** पत्नी के मायके से न आने से परेशान युवक ने ट्रेन के आगे कूंदकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवीपुर निवासी शिवम पुत्र राजेन्द्र यादव की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी लेकिन शादी के बाद से ही पति पत्नी मे अनबन शुरू हो गई थी जिसके चलते वह मायके से नही आ रही थी युवक ने कई बार कोशिश भी की लेकिन उसने आने से साफइनकार कर दिया था जिससे वह आहत था और शनिवार रात भी उसने पत्नी को समझाने की कोशिश की थी लेकिन उसने ऐसी बात कह दी जो वह सह न सका और गांव के पास से निकली रेलवे लाईन के किलोमीटर संख्या 1270 के खम्भा नम्बर 29 के पास उसने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी थी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए भेजा था।

### गौ सेवा आयोग सदस्य ने गौशाला का किया निरीक्षण

**कुठौंद (जालौन)।** गौ सेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने अस्थाई गौशाला कुठौंद का निरीक्षण करते हुये गौशाला में मौजूद गायों की गहनता से जांच पड़ताल की। उन्होंने गौशाला केयर टेकर से भी गायों को हरा चारा, भूसा, चोकर देने को लेकर सवाल जबाब भी किये। गौशाला में सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुये कहा कि हिंदू धर्म की माता गायों को समय से भोजन ही नहीं बल्कि बीमार होने पर उनका उपचार कराना भी सुनिश्चित हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। यदि इसमें लापरवाही प्रकाश में आयेगी तो तत्काल कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। गौ सेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह के गौशाला निरीक्षण के समय ग्राम प्रधान नरेंद्र महंत ने बताया कि वह स्वयं ही सुबह शाम अपनी मौजूदगी में स्थाई गौशाला में रहने वाली गायों की देखरेख में सहभागी रहते हैं।

### मेधावियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर किया सम्मानित



**फतेहपुर।** सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज शिवपुरम् में मेधावियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर उत्साहित किया गया। साथ ही साथ अपने बच्चों की शिक्षा दीक्षा के प्रति विशेष जागरूक अभिभावकों को भी स्मृति चिन्ह देखकर मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत विज्ञानन्द महाराज ने किया, मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार मौर्य (अध्यक्ष नगर पालिका परिषद) उपस्थित रहे, विशिष्ट अतिथि की श्रृंखला में सुधाकर अवस्थी, प्रदीप गर्ग, अवशेष जायसवाल, सुनील गुप्ता, विवेक सिंह यादव, अतीश पासवान की गरिमामयी उपस्थिति रही, परीक्षा परिणाम में प्राइमरी वर्ग मे अन्जनेय मिश्रा कक्षा (2ए) ने 99.57 अंक पाकर विद्यालय टॉप किया, 2 बी की मानवी ने 99.36 अंक पाकर पूरे विद्यालय में द्वितीय स्थान में रही।इसी प्रकार 99ः अंक पाकर कुशाग्र ने पूरे विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया, माध्यमिक वर्ग मे रमन प्रताप कक्षा (8) ने 98.57 अंक पाकर विद्यालय टॉप किया, 7ए की अनिकेत राय ने 98.36 अंक पाकर पूरे विद्यालय में द्वितीय स्थान में रहा, इसी प्रकार 97ः अंक पाकर अन्नया ने पूरे विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया कुल 105 मेधावियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देखकर सम्मानित किया गया, इसी प्रकार शिक्षा के प्रति विशेष सचेष्ट कुल 105 अभिभावकों को सम्मानित किया गया, विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार त्रिवेदी ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की, उन्होंने कहा कि हमारा विद्यालय अंग्रेजी माध्यम के साथ-साथ सुसंस्कारों पर विशेष बल देने के लिए समाज में जाना जाता है, आगामी समय में हम आधुनिक संसाधनों (स्मार्ट बोर्ड एवं प्रत्येक कक्षा हेतु कम्प्यूटर आदि) के माध्यम से और अच्छी (उत्कृष्टतम) शिक्षा देने का प्रयास करेंगे।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य धीरेन्द्र, खागा शाखा के प्रधानाचार्य राज कपूर, गंगानगर शाखा के प्रधानाचार्य मोहित, सक्षम सहित पूरा स्टाफपूरे उल्लास के साथ कार्यक्रम के संपादन में लगा रहा।

# दुकानों में तोड़फोड़ करने के मामले में चार गिरफ्तार, मुख्य आरोपी पुलिस पकड़ से दूर

**शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।**




कस्बे के हाइवे स्थित मंडी के निकट 5 अप्रैल को दिन दहाड़े दुकानों पर कब्जा करने की नियत से तोड़फोड़ और लूटपाट करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों में चार की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना को अंजाम देने वाले रजिनैतिक संरक्षण प्राप्त रसूखदार मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश में जुटी है। प्राप्त विवरण में 5 अप्रैल को धर्मेन्द्र कुमार पुत्र श्याम सुन्दर निवासी बुध बाजार द्वारा पुलिस को तहरीर दी गयी कि जाहिर, हारिस पुत्रगण कासिम रजा निवासीगण मोहल्ला वाजिद खेल द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसकी दुकान व पड़ोस की अन्य दुकानों में तोडफोड की गयी व दुकानों का सामान सडक पर फेका गया तथा दुकानों से दस्तावेज व नगदी उठा ली गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात और नामजद सहित करीब पचपन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की थी।

चौकी प्रभारी जामा मस्जिद अनिल कुमार और सरदार गंज चौकी प्रभारी प्रदीप पाण्डेय द्वारा उक्त अभियोग से संबंधित प्रकाश में आये दारुल खां पुत्र वाहिद खाँ निवासी मोहल्ला खेडा गजहा,अमन पत्र ओमकार मोहल्ला खेडा बीबीजई, इरसाद पुत्र इसनाद निवासी गिलज़ई और सुमित उर्फ बैचा पत्र तिल्ला निवासी मोहल्ला काशीराम कालोनी को गिरफ्तार किया गया है।

## लापता युवती बरामद आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



सुरसा थाना छेत्र से लापता हुई युवती को पुलिस ने बरामद करते हुए उसे बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त विवरण में 10 अप्रैल को युवती के पिता द्वारा थाना सुरसा पर तहरीर दी गयी कि सलमान पुत्र अलीशेर निवासी नेवलिया मजरा ओदरा थाना सुरसा व एक बालअपचारी उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गये है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सुरसा पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया।पुलिस द्वारा उक्त अभियोग से संबंधित नामजद सलमान पुत्र अलीशेर को गिरफ्तारी किया गया तथा एक बाल अपचारी को संरक्षण में लिया गया है।

### महिला पुलिस टीम ने कालपी नगर में चलाया जागरूकता अभियान

**कालपी (जालौन)।** रविवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रम्ह तिवारी के निर्देश पर महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी के नेतृत्व में कालपी नगर में द्वितीय चरण के तहत मिशन शक्ति-05 अभियान चलाया गया। इस दौरान बाजारों, रेलवे स्टेशन, कोचिंग सेंटर के आसपास तथा भीड़भाड़ वाले इलाको में भ्रमण कर महिलाओं, बालिकाओं तथा छात्राओं को जानकारियां देते हुए जागरूक किया। इस दौरान सरकारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारियां देकर जागरूक किया गया। रविवार मिशन इंस्टीट्यूट कोचिंग सेंटर रावगंज में छात्राओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा व स्वालम्बन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सुबह से दरोगा ममतेश कुमारी के नेतृत्व में महिला सिपाहियों नेहा पटेल, सोनम, संध्या यादव, प्रीति त्यागी, सोनी गौतम आदि ने मिशन शक्ति सम्बंधित बुकलेट को बांटते हुये सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश, मिशन शक्ति नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वालम्वन की जानकारियां दी। इसी तारतम्य में नगर के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मों, मुख्य बाजार टरननगंज, फूलपावर चौराहा आदि महत्वपूर्ण स्थानों में महिलाओं को जागरुक करते शासन की योजनाओं को बताया तथा जरूरत पड़ने पर विभिन्न सरकारी नंबरों जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एम्बुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला उप निरीक्षक ने अवगत कराया कि किसी अनजान व्यक्ति को अपना बैक खाता नंबर, पिन, ओटीपी, सीवीवी नंबर आदि किसी से साझां न करें। महिला सब इंस्पेक्टर के मुताबिक शासन की नीतियों के अनुरूप महिलाओं तथा बालिकाओं को सशक्त तथा जागरुकता के लिये अभियान निरंतर चलता रहेगा। मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे लगे हैं।

## नहर में नहाने गए पुलिसकर्मी की डूबकर मृत्यु, शव की तलाश जारी

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के टड़ियावां थाना क्षेत्र में रविवार को नहर में स्नान करने गए एक पुलिसकर्मी की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। सुचना पर एसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रशिक्षण पर तैनात पुलिसकर्मी गौरव उर्फ राजन दो पुलिसकर्मी और तीन स्थानीय लोग टड़ियावां क्षेत्र के रसूलापुर के सामने शारदा नहर में स्नान करने गए थे। इसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी में समा गए। साथ मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया दो पुलिस कर्मियों को जीवित निकाल लिया गया। एक पुलिस कर्मी का शव अभी तक बरामद नहीं हो सका। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंच गए। गोताखोरों की मदद से लगातार तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक शव बरामद नहीं हो सका था।

## एसबीआई अधिकारी बनकर युवक से दो लाख की ठगी, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**सवायजपुर हरदोई, समृद्धि न्यूज।**




जनपद के सवायजपुर क्षेत्र में साइबर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। जालसाजों ने खुद को भारतीय स्टेट बैंक का अधिकारी बताकर एक युवक से करीब दो लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम घोड़ीथर निवासी युवक के मोबाइल पर बीते दिनों दो अलग-अलग नंबरों से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक अधिकारी बताते हुए कहा कि उसका बैंक खाता बंद हो गया है और उसे चालू कराने के लिए कुछ जरूरी जानकारी देनी होगी। झांसे में लेकर आरोपी ने युवक से खाते से संबंधित गोपनीय जानकारी हासिल कर ली।कुछ दिनों बाद जब पीड़ित बैंक पहुंचा और अपने खाते की जांच कराई, तो उसके होश उड़ गए। खाते से दो लाख रुपये किसी अज्ञात खाते में ट्रांसफर किए जा चुके थे। ठगी का एहसास होते ही युवक ने तुरंत कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए केस दर्ज कर लिया है और संबंधित मोबाइल नंबरों व बैंक खातों की जांच शुरू कर दी है।पुलिस की अपीलन्पुलिस अधिकारियों ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी अज्ञात कॉल या मैसेज पर अपनी बैंकिंग जानकारी जैसे ओटीपी, एटीएम पिन या खाता संख्या साझा न करें। साइबर अपराधी नए-नए तरीकों से लोगों को निशाना बना रहे हैं, इसलिए सतर्क रहना बेहद जरूरी है।

## इफको ने शुरू किया आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर कृषि अभियान

▸ **नैनो एनपी लिक्विड एनपी ग्रेन्यूलर भारत के उर्वरक नियंत्रण औपचारिक रूप से शामिल किया**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर कृषि के नारे को इफ्को द्वारा निर्मित नैनों के उत्पाद के प्रयोग से ही सफल हो सकता है। उक्त इफ्को के अध्यक्ष दिलीप संघाणी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नैनो की पांच प्रचार बेन को हरी झंडी दिखाकर महा अभियान की शुरुआत करने की अवसर पर कहीं। क्षेत्रीय जिला प्रबंधक इफ्को शुभम मिश्रा ने बताया कि गत दिवस इफ्को अध्यक्ष दिलीप संघाणी ने आत्म निर्भर भारत आत्मनिर्भर कृषि के नारा पूरा करने के लिए देश के 19 राज्यों एवं केंद्र केंद्र शासित 560 जिलों और 3477 तहसीलों में व्यापक रूप से संचालित करने के लिए अध्यक्ष श्री सिंघानी ने शुरू किया है। जिला प्रबंधक शुभम मिश्रा ने बताया नैनो एनपी लिक्विड एनपी ग्रेन्यूलर भारत के उर्वरक नियंत्रण औपचारिक रूप से शामिल किया गया है इफ्को के अध्यक्ष के अनुसार यह एक व्यापक और एकीकृत राष्ट्रीय जागरूकता अभियान है जिसका उद्देश्य भारतीय किसानों को नैनो उर्वरक की उपयोग को बढ़ावा देना है यह अभियान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रथम सहकारिता मंत्री अमित शाह की प्रेरणा से शुरू किया गया है आत्मनिर्भर भारत तथा सहकार से समृद्धि जैसे राष्ट्रीय मिशनों के अनुरूप है। श्री संघाणी ने कहा भारत आज एक ऐसे ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है जहां पर परंपरा एवं तकनीक का संगम हो रहा है और यही संयोजन भारतीय कृषि को नई दिशा दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गठित सहकारिता मंत्रालय का संचालन देश के प्रथम सहकारिता मंत्री अमित शाह कर रहे हैं। सरकार से समृद्धि का मंत्र इस अभियान की भावना को पूर्ण रूप से प्रतिबिंबित करता है। श्री संघाणी के अनुसार नैनो उड़िया नैनो डीएपी नैनो कॉपर नैनो उत्पाद के इस्तेमाल से किसान अपनी आय को बढ़ा सकता है और भारत सरकार के सपना को को कृषि मंगलम राष्ट्र मंगलम सपने को पूरा कर सकता है। क्षेत्रीय प्रबंधक शुभम मिश्रा ने बताया अध्यक्ष का पूरा प्रयास है की नैनो अभियान को ग्राम स्तर तक व्यापक स्तर पर चलाया जाए एवं किसानों को जागरूक करके नैनो के डीएपी यूरिया तथा अन्य उत्पाद इस्तेमाल करने के लिए जागरुक कर प्रेरित किया जाए इफ्को के अध्यक्ष संघाणी के अनुसार वर्ष 2025-26 में एक का कर पूर्व लाभ 4200 करोड़ के ऐतिहासिक स्तर से अधिक रहने का अनुमान है यह कार्यक्रम इफ्को सदन नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रबंध निदेशक केजे पटेल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मायके से नहीं आयी पत्नी तो पति ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**कालपी (जालौन)।** पत्नी के मायके से न आने से परेशान युवक ने ट्रेन के आगे कूंदकर जान दे दी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवीपुर निवासी शिवम पुत्र राजेन्द्र यादव की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी लेकिन शादी के बाद से ही पति पत्नी मे अनबन शुरू हो गई थी जिसके चलते वह मायके से नही आ रही थी युवक ने कई बार कोशिश भी की लेकिन उसने आने से साफइनकार कर दिया था जिससे वह आहत था और शनिवार रात भी उसने पत्नी को समझाने की कोशिश की थी लेकिन उसने ऐसी बात कह दी जो वह सह न सका और गांव के पास से निकली रेलवे लाईन के किलोमीटर संख्या 1270 के खम्भा नम्बर 29 के पास उसने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी थी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए भेजा था।

## खोदाई में सोने के सिक्के निकालने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

▸ **अंतर्जनपदीय गिरोह का एक शातिर सदस्य गिरफ्तार, 52 हजार बरामद**

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जहानाबाद पुलिस ने पांच लाख रुपये की ठगी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के एक शातिर सदस्य को रुगिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से ठगी के 52 हजार 500 रुपये नकद और एक कीपैड मोबाइल बरामद हुआ है। गिरोह के चार अन्य सदस्यों की तलाश में टीमें लगाई गई हैं। 8 अप्रैल 2026 को कानपुर नगर के गोविंद नगर निवासी रंजीत सिंह पुत्र स्व. करतार सिंह ने जहानाबाद थाने में तहरीर दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि जीत सिंह निवासी ग्राम कछवाइनपुर थाना घाटमपुर, कानपुर नगर व पांच अन्य अज्ञात लोगों ने धोखाधड़ी कर उनसे पांच लाख रुपये ठग लिए। पुलिस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। जहानाबाद थानाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह और उनकी टीम ने रविवार को अब्दुलहेपुर मोड़ तिराहे के पास से एक संदिग्ध को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम वेदपाल सिंह निवासी ग्राम कछवाइनपुर, थाना घाटमपुर, कानपुर नगर बताया। तलाशी में उसके पास से ठगी के 52,500 रुपये नकद और एक कीपैड रुमोबाइल बरामद हुआ। पुलिस ने इस मामले में वेदपाल सिंह के अलावा गजेन्द्र सिंह सेंगर निवासी तातारपुर थाना अयाना, औरैया और सबल सिंह उर्फ भटल्ला निवासी कोहरा थाना सजेती, कानपुर नगर का नाम भी प्रकाश में लाया है। मुख्य आरोपी जीत सिंह सहित तीन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

## तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, व्यापारी की दर्दनाक मौत

**माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



तेज रफ्तार कर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई जिससे व्यापारी की दर्दनाक मृत्यु हो गई।

जालौन-बंगरा मार्ग पर शंभू धाम के पास हुए भीषण सड़क हादसे में स्थानीय व्यापारी नीरज गुप्ता की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। माधौगढ़ निवासी नीरज गुप्ता अपनी मां के साथ किसी जरूरी काम से जालौन जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार के चलते वाहन का संतुलन बिगड़ गया और यह हादसा हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी जालौन पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर नीरज गुप्ता को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इस दुखद घटना से परिवार में मातम छा गया है। नीरज गुप्ता ÷चंदन कारपोरेशन÷ के मालिक थे और क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित व्यापारी के रूप में उनकी पहचान थी। उनके असामयिक निधन से व्यापारिक जगत में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जालौन-बंगरा मार्ग पर लगातार हो रहे सड़क हादसे प्रशासन के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुके हैं। लोगों ने इस मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और यातायात नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## डिस्ट्रिक्ट बार एशोसिएशन के चुनाव में बाबू सिंह अध्यक्ष, अनुराग महामंत्री बने

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिला बार एसोसिएशन के चुनावी इतिहास में शायद पहली बार ऐसी मतगणना हुई होगी जिसको देखते समय लोगों की सांसें थम गई और ऐसा लग रहा था लोगों को जैसे टी20 क्रिकेट मैच चल रहा हो हालांकि टी20 क्रिकेट मैच में एक ओवर की बात होती है लेकिन इस मतगणना में एक-एक वोट ऊपर नीचे हो रहा था और लोग बस यही सोच रहे थे की गेंद किस पाले में जा रही है। अध्यक्ष पद के तीन उम्मीदवारों के बीच एक-एक वोट का संघर्ष अंत तक बना रहने से सभी की धड़कनें तेज रही। मुख्य चुनाव अधिकारी शिवकुमार अग्निहोत्री ने 23 पदों वाली कार्यकारिणी का परिणाम घोषित किया तो विजय हासिल करने वाले प्रत्याशी व उनके समर्थक खुशी से झूम उठे। अध्यक्ष पद में 439 मत पाकर व्यवस्था परिवर्तन सर्वसमाज अधिवक्ता संगठन के बाबू सिंह यादव मात्र एक वोट से आदर्श गुट के रमेश भदौरिया को पराजित कर जीत की माला पहनी। जबकि महामंत्री में आदर्श गुट के अनुराग नारायण उर्फ पुत्तन मिश्र ने सर्व समाज के अनिल श्रीवास्तव को 33 मतों से पराजित किया। इस दौरान ढोल-ताशे व आतिशबाजी के बीच समर्थकों ने जीते प्रत्याशियों को फूल-मालाओं से लाद दिया। चुनाव में 1602 अधिवक्ताओं ने अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर 94 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला मतपेटिकाओं में कैद कर दिया था। तीन बूथों की मतगणना 32 चक्रों में पूरी की गई। अध्यक्ष पद में व्यवस्था परिवर्तन के बाबू सिंह व आदर्श के विजय सिंह, रमेश भदौरिया के बीच कांटे की टक्कर रही।इस दौरान बाबूसिंह,रमेश सिंह ह व विजय सिंह एक-दूसरे से कभी आगे तो कभी पीछे होते रहे। महामंत्री में आदर्श गुट के अनुराग नारायण उर्फ पुत्तन मिश्र शुरू से ही बढ़त बनाए रहे। देर रात मुख्य चुनाव अधिकारी शिवकुमार अग्निहोत्री ने जीते प्रत्याशी को प्रमाण पत्र दिया। जिला बार एसोसिएशन की विजयी कार्यकारिणी अध्यक्ष-बाबू सिंह यादव-439 महामंत्री-अनुराग नारायण मिश्र-483, वरिष्ठ उपाध्यक्ष-चंद्र प्रकाश गुप्त-495, उपाध्यक्ष- मंजुला राजपूत-460, उपाध्यक्ष-गणेश प्रसाद तिवारी-451, कनिष्ठ उपध्यक्ष-आदित्य शर्मा-557, कनिष्ठ उपाध्यक्ष-पुष्पा देवी मौर्य-646, कोषाध्यक्ष-सुनील कुमार-358, संयुक्त सचिव प्रशासन-सतीश शर्मा-415, संयुक्त सचिव प्रकाशन-छाया देवी-608, संयुक्त सचिव पुस्तकालय-अविनाश कुमार सिंह-434 मत हासिल कर बार एसोसिएशन के लिए निर्वाचित हुए। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव के आवास में समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव, सदब अहमद एडवोकेट, जैद अहमद सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता साथी पहुंचकर माल्यार्पण कर मिष्ठान खिलाकर उनका जोरदार स्वागत किया तो वही महामंत्री अनुराग नारायण मिश्रा के आवास पर भी समर्थकों का भारी हुजूम देखा गया और ढोल ताशा के धुन पर समर्थकों ने उन्हें मिष्ठान खिलाकर जमकर स्वागत किया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव व महामंत्री अनुराग नारायण मिश्र ने कहा की सभी अधिवक्ताओं के हित को ध्यान में रखते हुए कार्य किए जाएंगे और लोगों को परिवर्तन दिखाई पड़ेगा।

# स्वास्थ्य स्वावलंबन के लिए अपनाएं आयुर्वेद : डॉ. शशि कुमार अवस्थी

**श्री साईं डिग्री कालेज में स्थापित हर्बल गार्डन में छात्रों को औषधीय पौधों से कराया गया परिचय**





**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** फतेहपुर क्षेत्र के श्री साई ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा स्थापित हर्बल गार्डन में कालेज के छात्रों को औषधीय पौधों से परिचय एवं उनकी उपयोगिता बताई गई। यह गार्डन राष्ट्रीय पादप बोर्ड आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से स्थापित किये गए हैं। विषय विशेषज्ञ आयुर्वेदाचार्य डॉ शशि कुमार अवस्थी ने छात्रों को स्वास्थ्य स्वावलबन की जानकारी देते हुए कहा कि भारत की आयुष आधारित प्राचीन चिकित्सा पद्धति से लोगो की आयु 100 वर्ष से ऊपर होती थी। हमारे स्वास्थ्य स्वालंबन का आधार आयुष था। जानकारी के अभाव में औषधीय पौधें लुप्त होते जा रहे हैं। हमें फिर से प्राचीन चिकित्सा की ओर बढ़ना पड़ेगा। संस्था अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने कॉलेज में लगाये गए औषधीय पौधों का परिचय कराया, उनका उपयोग किस रोग में कैसे किया जाएगा यह जानकारी आयुर्वेदाचार्य डॉ शशि कुमार अवस्थी ने दी। कालेज के प्रबंधक विपिन राठौर उप प्रबंधक विक्रांत राठौर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दिनेश शुक्ला ने छात्रों को आयुर्वेद के महत्व बताए और अतिथियों का स्वागत किया। विपिन सिंह राठौर ने महाविद्यालय में औषधि पौधों हर्बल गार्डन विकसित करने पर संस्थाध्यक्ष के प्रति आभार जताया। वहीं औषधीय पौधों, जड़ी बूटी के प्रयोग से जटिल रोगों का उपचार कैसे होता है इसके संस्मरण बताए गए और छात्रों से कहा कि अपनी वनस्पतियों के संरक्षण की अति आवश्यकता है। रत्नेश कुमार ने विभिन्न प्रकार के औषधि पादपो जैसे ब्राह्मी, तुलसी, घृतकुमारी, वच, शतावर, हड़जोड़, अमृता, घृतकुमारी, निर्गुण्डी, कचनार,हरसिंगार , कालमेघ, जराकुश आदि 25 प्रकार के पौधों से होने वाले लाभ के बारे में एवं इन वनस्पतियों के पहचान के बारे में प्रमाणिक जानकारी दी गई। महाविद्यालय में विकसित हर्बल गार्डन के अवलोकन के समय खेल शिक्षक दीपक कुमार वर्मा अनुशासन प्रमुख यू पी सिंह, आदर्श कुमार वर्मा ने डॉक्टर शशि कुमार अवस्थी, एवं रत्नेश कुमार ने वन औषधीय के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में उपस्थित डॉक्टर छात्रों एवं प्रवक्ताओं का महाविद्यालय के उप प्रबंधक विक्रांत राठौर ने धन्यवाद ज्ञापित किया इस मौके पर आयुर्वेद फार्मेसी बीएससी एजी के छात्र-छात्राओं में देवेंद्र वर्मा हिमांशु राजकमल ऋषभ मिलिंद आभा प्रियांशी शिवरात्रि के साथ-साथ सिद्धि जैन इमरान खान कृष्ण कुमार मनीष वर्मा पवन यादव के साथ-साथ सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक करोड़ 28 लाख की लागत से निर्मित होगी बेलहरा उमरी मार्ग से तिवारीपुर संपर्क रोड

**फतेहपुर बाराबंकी।** विधानसभा क्षेत्र 266 कुर्सी के अंतर्गत तिवारीपुर गांव में नई सड़क निर्माण की पहल की गई है। क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने शनिवार को विधिवत भूमि पूजन के साथ इसका शिलान्यास किया। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा लगभग 1 करोड़ 28 लाख रुपए की लागत से 1400 मीटर लंबी इस सड़क का निर्माण कराया जाएगा।यह सड़क बेलहरा-उमरी मार्ग से तिवारीपुर गांव को जोड़ेगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। ग्रामीण लंबे समय से इस मार्ग के निर्माण की मांग कर रहे थे, जो अब पूरी होती दिख रही है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहाकि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र का समग्र विकास है।

## राजेपुर में 10.23 लाख की लागत से सीसी सड़क का लोकार्पण



**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** विकासखंड क्षेत्र के राजेपुर गांव में रामराज के घर से इंटरलॉकिंग संपर्क मार्ग तक निर्मित 130 मीटर लंबी सीसी सड़क का लोकार्पण भाजपा नेता जवाहर वर्मा व जिला पंचायत सदस्य अभिषेक वर्मा ने किया। यह सड़क जिला पंचायत की ओर से 10.23 लाख रुपये की लागत से बनाई गई है। लोकार्पण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जवाहर वर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार विकास कार्यों को पारदर्शिता के साथ धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में अपराध पर नियंत्रण के साथ-साथ अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का उद्देश्य गांव-गांव तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाकर लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना है, जिससे आमजन के चेहरे पर मुस्कान लाई जा सके।

## आरएसएस के दो दिवसीय प्रशिक्षण में संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में शनिवार शाम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का शुभारंभ हुआ।

दो दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में संगठन विस्तार, कार्यकर्ता निर्माण और राष्ट्र सशक्तिकरण के विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशिक्षण सत्र में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ रात्रि प्रवास कर उन्हें घर-घर संपर्क बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संगठन जितना मजबूत होगा, पार्टी और देश उतनी ही मजबूती से आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क को अभियान के रूप में चलाने का आह्वान किया।

## सपा को जितना मजबूत करेंगे उतना ही आपके अधिकार होंगे सुरक्षित : सिद्धार्थ सिंह



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** जिस संगठन ने हमें मान सम्मान स्वाभिमान पद प्रतिष्ठा दी है उसको मजबूत करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है क्योंकि संगठन वही अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है जिसका एक-एक कार्यकर्ता हर प्रकार के त्याग तपस्या बलिदान से गुजर कर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करता है वही कार्यकर्ता संघर्षील कार्यकर्ता कहलाता है इसलिए हम सबको अपने हक अधिकार देश और समाज की रक्षा सुरक्षा के लिए पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर जितना सशक्त बना लेंगे उतने ही हम सबके हक अधिकार सुरक्षित रहेंगे। उक्त बात समाजवादी पार्टी बाराबंकी जनपद में विधानसभा ब्लाक एवं बूथ कमेटियों के सत्यापन के लिए नामित प्रभारी पूर्व मंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड सिद्धार्थ सिंह ने जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद एवं जिला महासचिव हिमांशु यादव के संचालन में विधानसभा ब्लॉक एवं बूथ कमेटियों के सत्यापन एवं आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के जन्म दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों को संपादित करने के लिए आयोजित समीक्षा बैठक में विधायक, पूर्व विधायक, प्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारियों, विधानसभा अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों से विधानसभाओं में तैयार की गई कमेटियों का अवलोकन कर सभी से विस्तार से कार्य करने में आ रही परेशानियों एवं जरूर पर विस्तार से चर्चा करते हुए व्यक्त किये। समीक्षा बैठक में जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने सभी विधायक पूर्व विधायक विधान परिषद सदस्य जिला कमेटी विधानसभा अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष एवं विभिन्न प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षों सहित पधारे सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिन-जिन ब्लॉक बूथ कमेटियों में कुछ कमी है या सत्यापन के लिए अभी उपस्थित नहीं हुई है वह तत्काल अपना कार्य संपूर्ण कर जिला कार्यालय में जमा करने का काम करें जिससे उन कमेटियों का भी शीघ्र सत्यापन कराया जा सके साथी जिला अध्यक्ष ने 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती पर आयोजन कार्यक्रमों के बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध कराते हुए सभी को सभी विधानसभाओं सेक्टर बूथ पर आयोजित करने एवं कार्यक्रमों में पूरी तन्मयता से हिस्सा लेने के दिशा निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव, जैदपुर विधायक गौरव रावत, पूर्व विधायक राम मगन रावत, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू, प्रदेश प्रवक्ता फैजान किदवई, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, राष्ट्रीय सचिव यूथ ब्रिगेड केसर यादव ने भी सम्बोधित किया।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हजारों मरीजों ने इलाज करवाया

**1461 मरीजों का आठ शिविर में 37 डाक्टरों ने चिकित्सा परामर्श दिया**



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा सेवा भारती हुआ नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में आठ स्थान पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। विभाग सेवा प्रमुख गया प्रसाद शुक्ल ने बताया किसुबह 9 बजे से शुरू हुआ इस स्वास्थ्य शिविर में 1461 मरीजों ने अपना इलाज करवाया व चिकित्सकों से परामर्श लिया। संघ के सह जिला सेवा प्रमुख राकेश तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कि 10 शाखा के 87 स्वयंसेवको ने भाग लिया। शिविर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र के साथ भारत माता का चित्र लगाया गया, विभाग प्रचारक डाक्टर अमित रजावत, विभाग कार्यवाह ऊधम जयसवाल, विभाग संघ चालक अमरेश बहादुर सिंह, बलराम अवस्थी जिला कार्यवाह अमित नगर कार्यवाह शिवा नन्द नगर प्रचारक अनुज ने अलग अलग स्थानों पर पुष्प अर्पित कर शिविर का उद्घाटन कर डाक्टर भीमराव अम्बेडकर को याद किया गया क्योंकि उन्होंने निम्न स्तर की बस्तियों में सेवा कार्य करने की प्रेरणा दी और उन्हें प्रमुख धारा से जोड़ने का अभियान चलाया था जिससे प्रेरित होकर सेवा भारती ने इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करवाया है द्यशिविर एम्स रायबरेली के दो दर्जन डाक्टरों ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में डाक्टर पूजा द्विवेदी, मनीष त्रिवेदी डाक्टर सुमेधा रस्तोगी, डाक्टर संजय रस्तोगी, डाक्टर ज्ञानेंद्र सिंह , डाक्टर सिद्धांत सिंह, डाक्टर शिवाकांत त्रिपाठी सहित एम्स रायबरेली के डाक्टर सहभागिता किया। शहर में चतुभुजपुर बहराना शक्ति नगर अहिया रायपुर किला बाजार जैतपुर गांधीनगर व मुंशीगंज मे इस वक्त सिविल का आयोजन करवाया गया है जिसमें विभिन्न बीमारियों से संबंधित इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहे द्य सेवा भारती के शेखर शुक्ला, सुरेश गुप्ता गजेन्द्र मौर्य, अंजली शुक्ला, साधना शर्मा, सत्य भामा शुक्ला,नीरज गुप्ता, रवि त्रिवेदी, अलग-अलग शिविर कि व्यवस्था संभाली। इस स्वास्थ्य शिविर में नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन का विशेष योगदान रहा जिसके अध्यक्ष डॉ रजत सुभ्रा दास ने बताया कि इस तरह के आयोजन समाज में सेवा कार्य को प्रेरित करते हैं जिसका लाभ उसे स्टार के लोग प्राप्त करते हैं जो चिकित्सक की महंगी फीस नहीं दे पाते या फिर जो अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक नहीं है खासकर महिलाएं और बच्चे जानकारी की अभाव में यह लोग समय से इलाज नहीं करवा पाए जिससे बीमारी का इलाज हो जाती है और बड़ी हो जाती है ऐसे स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से उन्हें जागरूक किया जाता है।

## खबरें एक नजर में

### रेलवे स्टेशन पर लावारिस बैग में मिले 13 कछुए



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले के कोतवाली क्षेत्र जगदीशपुर अंतर्गत निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 2 के पास बेंच के नीचे संदिग्ध अवस्था में तीन लावारिस बैग मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर रेलवे पुलिस और जीआरपी मौके पर पहुंची और जांच शुरू की । टीम द्वारा बैग खोलने पर उनमें 13 जिंदा कछुए बरामद हुए जिससे कछुआ तस्करी की आशंका जताई जा रही है। बरामद कछुओं को वन विभाग को सौंप दिया गया है। पुलिस और वन विभाग की टीम तस्करों की तलाश में जुटी है तथा स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। बन विभाग व पुलिस का कहना है कि जल्द तस्करों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पिपरिया प्रकरण में विभागीय कार्रवाई ठप बेहटा बीडीओ पर गुमराह करने का आरोप

**सीतापुर।** विकासखंड बेहटा की ग्राम पंचायत पिपरिया में भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों की जांच के बाद दोषी पाए गए ग्राम सचिव, ग्राम प्रधान और रोजगार सेवक के खिलाफ अब तक विभागीय कार्रवाई न होने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) बेहटा द्वारा उच्चाधिकारियों को गुमराह कर कार्रवाई को लंबित रखा जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर हुई जांच में ग्राम सचिव धनंजय चंद्रपति, ग्राम प्रधान संतराम एवं रोजगार सेवक ओम प्रकाश तिवारी दोषी पाए गए थे। इस पर तत्कालीन जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने रोजगार सेवक को बर्खास्त करने, सचिव व प्रधान पर विभागीय कार्रवाई करने तथा संबंधितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रिकवरी की कार्रवाई के निर्देश दिए थे। साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी को भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए थे। जिलाधिकारी के निर्देश पर 16 जून 2025 को लहरपुर कोतवाली में तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। इसके बाद आरोपियों ने उच्च न्यायालय लखनऊ की शरण लेकर गिरफ्तारी से बचने हेतु स्थगन आदेश (स्टे) प्राप्त कर लिया। 26 जून 2025 को पारित आदेश में न्यायालय ने अगली तिथि तक आरोपियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई (गिरफ्तारी) पर रोक लगाई है। कानूनी जानकारों का कहना है कि न्यायालय का यह आदेश केवल गिरफ्तारी तक सीमित है, जबकि विभागीय कार्रवाई पर कोई रोक नहीं है। इसके बावजूद आरोप है कि संबंधित अधिकारी इसी आदेश का हवाला देकर विभागीय कार्रवाई को भी रोके हुए हैं और उच्चाधिकारियों को अधूरी जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं। इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब न्यायालय द्वारा विभागीय कार्रवाई पर रोक नहीं लगाई गई है, तो फिर दोषी पाए गए कर्मियों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

## पत्थरबाजी करने वाले नौ उपद्रवी चढ़े पुलिस के हत्थे

**नरहरपुर गांव में सुरक्षित श्रेणी की जमीन पर अतिक्रमण मामला**

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में रविवार को थाना रामगंज पुलिस द्वारा सार्वजनिक सपति नुकसान निवारण अधिनियम में कुल 9 अभियुतों को गिरतार किया गया है। जिसमें प्रकाश में आये कुल 3 अभियुतों रमेश यादव पुत्र शोभनाथ यादव, ब्रजेश यादव पुत्र दयाराम व विजयशंकर यादव पुत्र दयाराम निवासीगण ग्राम नरहरपुर थाना रामगंज एवं कुल 6 वांछित अभियुत जिनमें विजय कुमार उर्फ मुन्ना पुत्र राजाराम निवासी ग्राम नरहरपुर, अखिलेश कुमार कोरी पुत्र सुरेश कुमार, सूरज कुमार पुत्र कल्लूराम निवासी ग्राम नरहरपुर, सूरज कुमार पुत्र कमलेश कुमार निवासी ग्राम अधारपुर थाना अंतू जनपद प्रतापगढ़, जगन्नाथ पुत्र रामनाथ, उमेश कुमार पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम नरहरपुर थाना रामगंज को गिरतार किया गया है।

## मुसाफ़िर खाना में आयोजित हुआ कवि सम्मेलन





**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मुसाफिरखाना नगर पंचायत अन्तर्गत राम लीला मैदान निकट गल्ला मंडी में आयोजित पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित कवि सम्मेलन एवं मुशायरा सकुशल संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक राकेश प्रताप सिंह के द्वारा किया गया उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक राकेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ कार्यक्रम काफी देर तक चलता रहा। कार्यक्रम में शामिल कई विशिष्ट लोगों को सम्मानित भी किया गया इनमें उप जिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया का नाम विशेष उल्लेखनीय है। कवि सम्मेलन में वरिष्ठ पत्रकार यशपाल सिंह, ठिकरा के प्रधान शैलेन्द्र सिंह, विजय कुमार सिंह, समाज सेवी राज कुमार सिंह, यशवंत गजनपुर, पद यात्री राम धीरज सिंह, राम अच्छबर सिंह, गौ सेवक अशोक कुमार मिश्र, मऊ ऐतवारा के पूर्व प्रधान विनय कुमार सिंह, कोटेदार राजेश, अजय सिंह चौहान, काजू सेठ, पत्रकार शमीर तिवारी, अन्य बहुत से लोग उपस्थित रहे।

# खनन माफियाओं की लापरवाही से नहर में पलटी कम्बाइन मशीन



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र मोहनगंज के भेलाई कला गांव में खनन माफियाओं की मनमानी के चलते एक बड़ा हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार शाहमऊ रजबहा नहर की पटरी को जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से अवैध रूप से खोदकर मिट्टी उठाई गई, जिससे नहर किनारे की जमीन कमजोर हो गई थी। इसी दौरान गांव में गेहूं की फसल काटकर लौट रही एक कम्बाइन मशीन नहर की पटरी धंसने से असंतुलित होकर सीधे नहर में पलट गई। हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार अवैध खनन हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अगर समय रहते कार्रवाई की जाती, तो यह हादसा टाला जा सकता था। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन घटना ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। अब देखना यह है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

## कार्यालय ग्राम पंचायत पथरा दसौधी वि.ख.-सीटी मिर्जापुर

पत्रांक संख्या-01/26-27/टेण्डर — दिनांक 09/04/2026

**(निविदा सूचना )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पथरा दसौधी वि.ख.-सीटी मीरजापुर द्वारा वर्ष 2026-27 में मनरेगा/ वी.बी.राम.जी./15-16वां केन्द्रीय वित्त/ पंचम छठम राज्य वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/आ.जी.एस.ए. योजनान्तगत व ग्राम पंचायत को अन्य निधियों से प्राप्त होने वाली धनराशि से ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले कार्यों में सामग्री आपूर्ति हेतु व्यापार कर/ आयकर विभाग में पंजीकृत फर्मों को निविदा प्रकाशन के माध्यम से निम्नवत सामग्री आपूर्ति हेतु आमंत्रित किया जाता है। सभी प्रकार के बालू, सीमेन्ट, ईंट, ईंटरलाकिंग ईंट, ब्रिक गिट्टी, स्टोन गिट्टी / सोलिंग, राउण्डेड स्टील बार, स्टील/सरिया, माइल्ड स्टील, प्राइमर व पेंट, चूना, डिस्टेंम्पर, स्टील / एसबेस्टस, हयूम पाईप, मोरंग, मिक्स मैटेरियल / जी.एस.बी., बोल्डर, पटिया, गाटर, ट्रैक्टर द्वारा मिट्टी, हैण्डपम्प सामग्री व मशीन द्वारा हैण्डपम्प री-बोर, समर्सिबल, प्लास्टिक पानी टंकी, टाईल्स, कोटा स्टोन, प्लास्टिक शीट, स्टोन डस्ट, शौचालय सामग्री, पी.वी.सी. पाईप, लोहे फाईबर / एल्युमिनियम दरवाजा / खिड़की, पानी का टैंकर, टैंकर द्वारा पानी की आपूर्ति, स्ट्रीट सोलर लाईट, निर्माण संबंधी उपकरण, बिजली उपकरण व अन्य सामग्री, जे.सी.बी. कम्प्रेशर / ब्राईब्रेटर / मिक्सर मशीन / रोलर का भाड़ा पर आपूर्ति, ट्राई साईकिल / ठेलिया रिक्शा / ई-रिक्शा, स्वच्छता संबंधी समस्त सामग्री, फागिंग मशीन व अन्य सामग्री ग्राम पंचायत के आवश्यकतानुसार । इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म निविदा प्रपत्र कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में मूल्य 500/- रूपया में प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक फर्म सामग्री दर (कार्यस्थल तक आपूर्ति एवं अनुमन्य कर आदि सहित) बन्द लिफाफे में पंजीयन प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति के साथ जमा करना होगा। टेण्डर नियत तिथि 16.04.2026 दिन सोमवार को ग्राम पंचायत कार्यालय में खोला जायेगा। टेण्डरदाता जो उपस्थित रहना चाहते है वो रह सकते है। जिस फर्म का टेण्डर न्यूनतम होगा उसी का टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा तथा स्वीकृत फर्म को रुपया 5000/- का एन.एस.सी./एफ.डी.आर./ ग्रा.पं. के खाता में नकद जमा करके जमा रसीद जो ग्राम पंचायत कार्यालय के पास के पक्ष में बंधक होगा उसे मूलरूप में जमा करना होगा। टेण्डर बिना बताये निविदा अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेण्डर संबंधित अन्य जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

सुमन त्रिपाठी
ग्राम प्रधान- पथरा दसौधी
वि.ख.-सीटी, मिर्जापुर

धीरेन्द्र गुप्ता
ग्राम सचिव- पथरा दसौधी
वि.ख.-सीटी, मिर्जापुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत मसारी वि.ख.-सीटी मिर्जापुर

पत्रांक संख्या-01/26-27/टेण्डर — दिनांक 09/04/2026

**(निविदा सूचना )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मसारी वि.ख.-सीटी मीरजापुर द्वारा वर्ष 2026-27 में मनरेगा / वी.बी.राम.जी./ 15-16वां केन्द्रीय वित्त / पंचम छठम राज्य वित्त / स्वच्छ भारत मिशन / आ.जी.एस.ए. योजनान्तगत व ग्राम पंचायत को अन्य निधियों से प्राप्त होने वाली धनराशि से ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले कार्यों में सामग्री आपूर्ति हेतु व्यापार कर/आयकर विभाग में पंजीकृत फर्मों को निविदा प्रकाशन के माध्यम से निम्नवत सामग्री आपूर्ति हेतु आमंत्रित किया जाता है। सभी प्रकार के बालू, सीमेन्ट, ईंट, ईंटरलाकिंग ईंट, ब्रिक गिट्टी, स्टोन गिट्टी / सोलिंग, राउण्डेड स्टील बार, स्टील/सरिया, माइल्ड स्टील, प्राइमर व पेंट, चूना, डिस्टेंम्पर, स्टील / एसबेस्टस, हयूम पाईप, मोरंग, मिक्स मैटेरियल / जी.एस.बी., बोल्डर, पटिया, गाटर, ट्रैक्टर द्वारा मिट्टी, हैण्डपम्प सामग्री व मशीन द्वारा हैण्डपम्प री-बोर, समर्सिबल, प्लास्टिक पानी टंकी, टाईल्स, कोटा स्टोन, प्लास्टिक शीट, स्टोन डस्ट, शौचालय सामग्री, पी.वी.सी. पाईप, लोहे / फाईबर / एल्युमिनियम दरवाजा / खिड़की, पानी का टैंकर, टैंकर द्वारा पानी की आपूर्ति, स्ट्रीट / सोलर लाईट, निर्माण संबधी उपकरण, बिजली उपकरण व अन्य सामग्री, जे.सी.बी. कम्प्रेशर/ब्राईब्रेटर/ मिक्सर मशीन/ रोलर का भाड़ा पर आपूर्ति, ट्राई साईकिल / ठेलिया रिक्शा/ ई-रिक्शा, स्वच्छता संबंधी समस्त सामग्री, फागिंग मशीन व अन्य सामग्री ग्राम पंचायत के आवश्यकतानुसार । इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म निविदा प्रपत्र कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में मूल्य 500/- रूपया में प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक फर्म सामग्री दर (कार्यस्थल तक आपूर्ति एवं अनुमन्य कर आदि सहित) बन्द लिफाफे में पंजीयन प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति के साथ जमा करना होगा। टेण्डर नियत तिथि 16.04.2026 दिन सोमवार को ग्राम पंचायत कार्यालय में खोला जायेगा। टेण्डरदाता जो उपस्थित रहना चाहते है वो रह सकते है। जिस फर्म का टेण्डर न्यूनतम होगा उसी का टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा तथा स्वीकृत फर्म को रुपया 5000/- का एन.एस.सी./एफ.डी.आर./ग्रा.पं. के खाता में नकद जमा करके जमा रसीद जो ग्राम पंचायत कार्यालय के पास के पक्ष में बंधक होगा उसे मूलरूप में जमा करना होगा। टेण्डर बिना बताये निविदा अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेण्डर संबंधित अन्य जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

रमेश चन्द्र
ग्राम प्रधान-मसारी
वि.ख.-सीटी, मिर्जापुर

उदय राज
ग्राम सचिव-मसारी
वि.ख.-सीटी, मिर्जापुर

# डीएम ने नगर पालिका परिषद मिश्रिख व नैमिषारण्य का औचक निरीक्षण किया



**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने नगर पालिका परिषद मिश्रिख व नैमिषारण्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से हैंडपंपों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने हैंडपंपों की मरम्मत से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया तथा यह जानकारी ली कि कितने हैंडपंप वर्तमान में क्रियाशील हैं और कितने खराब पड़े हैं। निरीक्षण के दौरान हैंडपंप अभिलेखों में कमी पाए जाने पर उन्होंने संबंधित कर्मचारी (पटल सहायक) का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी से वार्डों की स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा सफाई, पेयजल एवं अन्य नागरिक सुविधाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पानी की टंकी की सफाई से संबंधित कोई भी अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी (ईओ) पर नाराजगी व्यक्त की तथा कड़े निर्देश दिए कि सभी अभिलेख/फाइलें अद्यतन एवं पूर्ण रूप से संधारित रखी जाएं। जिलाधिकारी ने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड में सभी स्ट्रीट लाइट पोलों का क्रमांक (नंबरिंग) अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि निगरानी एवं अनुरक्षण कार्य सुचारु रूप से हो सके। स्ट्रीट लाइट से संबंधित अभिलेख उपलब्ध न कराए जाने पर जिलाधिकारी ने पटल सहायक का वेतन रोकने के निर्देश दिए तथा अधिशासी अधिकारी को व्यवस्था में सक्रियता एवं रुचि के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के रजिस्टर का भी अवलोकन किया तथा कुछ आवेदकों से दूरभाष के माध्यम से वार्ता कर सेवाओं की स्थिति के बारे में फीडबैक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने IGRS Portal की समीक्षा की। शिकायतें रजिस्टर में दर्ज न पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित पटल सहायक का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

## संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कमरौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में एक अधेड़ की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कमरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत इंडस्ट्रियल एरिया कठौरा स्थित मोती दुबे का पुरवा गांव के पास रेलवे क्रॉसिंग पर बीती रात करीब 1:30 बजे का बताया जा रहा है। रेलवे से प्राप्त सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लिया। मृतक की पहचान जयप्रकाश गिरी उम्र 55 वर्ष पुत्र कन्हैयालाल गिरी निवासी पुरे गोसाई थाना कमरौली के रूप में हुई है।

# छात्रा को रौंदकर तीन दुकानों पर पलटा कोयला लदा ट्रक

**▶ घटना में छात्रा सहित दुकान पर बैठे फल विक्रेता की मौत, पांच घायल**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



रविवार की सुबह 8:30 बजे तालग्राम रोड स्थित भाऊलपुर तिराहे पर एक भीषण सड़क दुर्घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। कोयला लदे एक बेकाबू ट्रक ने कोचिंग जाने के लिए बस का इंतजार कर रही 14 वर्षीय हाईस्कूल छात्रा को रौंद दिया। इसके बाद अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे तीन दुकानों पर जा पलटा। इस हादसे में छात्रा और एक दुकान पर बैठे बुजुर्ग फल विक्रेता की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक के कोयले के ढेर में दबकर 5 अन्य लोग भी घायल हो गए जबकि एक मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई।

सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल सहित पांच एंबुलेंस और फायर सर्विस की एक गाड़ी मौके पर पहुंच गईं। जेसीबी और क्रेन की मदद से मलबा हटाकर घायलों और शवों को बाहर निकाला गया। घटना में ट्रक चालक समेत पाँच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, सीएमओ स्वदेश गुप्ता, एडीएम देवेंद्र कुमार, एडिशनल एसपी अजय कुमार व एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने अस्पताल पहुँचकर घायलों का हाल जाना और डॉक्टरों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए। एआरटीओ इज्जा तिवारी ने भी मौके पर पहुँचकर तकनीकी जांच की। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक तेज रफ्तार में था, जो अचानक बेकाबू हो गया। स्थानीय लोग इस हादसे से गहरे सदमे में हैं।

हादसे में जान गंवाने वाले और घायलों की पहचान प्रशासन द्वारा कर ली गई है, जिसमें नगला दुर्गा निवासी राजू बाथम की 14 वर्षीय पुत्री जेडी जनता इंटर कॉलेज छिबरामऊ की कक्षा 10 की छात्रा अंशिका तथा भाउलपुर निवासी फल विक्रेता 65 वर्षीय कन्हैया लाल गुप्ता की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि घायलों में कन्हैयालाल का 31 वर्षीय पुत्र अमित कुमार, ग्राम बूचपुर निवासी 20 वर्षीय अंकित व 18 वर्षीय सोनू तथा भाउलपुर निवासी 21 वर्षीय आदर्श पाल सहित ट्रक परिचालक 32 वर्षीय सत्येंद्र चतुर्वेदी शामिल हैं।

### सरकार देगी 5-5 लाख, सपा की ओर से 1-1 लाख

**छिबरामऊ।** हादसे पर गहरा दुख जताते हुए डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना एवं अन्य सरकारी प्रावधानों के तहत 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। वहीं, पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद अखिलेश यादव की ओर से दोनों मृतकों के परिवारों को 1-1 लाख रुपये की मदद देने का ऐलान किया है।

### घटनास्थल व अस्पताल में दुख व्यक्त करने पहुंचे जनप्रतिनिधि

**छिबरामऊ।** हादसे की जानकारी होते ही विधायक अर्चना पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, पूर्व सपा विधायक अरविंद यादव, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, मुनीश मिश्रा, बाबा राम प्रकाश यादव, कांग्रेस के कोषाध्यक्ष मेराज वारसी, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख पति बादाम पाल सहित दर्जनों नेताओं ने मृतकों व घायलों के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया।

# व्यापारी नेताओं ने मृतकों के परिजनों को बंधाया ढाढस

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



भाऊलपुर में हुए बड़े सड़क हादसे की सूचना मिलते ही नगर के प्रमुख व्यापारी नेता घटनास्थल पर पहुंच गए। इसके बाद वे सौ शैया अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने मृतकों व घायलों के परिजनों को सांत्वना दी और ढाढस बंधाया।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना, नरेश गुप्ता गोल्डी समेत कई व्यापारी नेताओं ने सबसे पहले हादसे के स्थान का जायजा लिया। फिर अस्पताल जाकर शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़े हुए और मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शैलेंद्र गुप्ता लालू ने बताया कि मृतक कन्हैया लाल के पुत्र अमित गुप्ता छिबरामऊ नगर के किराना व्यापारियों से जुड़े हुए थे। उनकी पड़ोस में ही किराना दुकान है। उन्होंने कहा कि सोमवार को पुरानी गुड मंडी में सुबह 10 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें व्यापारी शोक व्यक्त करेंगे।

## समीक्षा अधिकारी आशुतोष का हुआ स्वागत



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** मोहल्ला दीक्षितान स्थित आवास पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने नवनियुक्त समीक्षा अधिकारी आशुतोष द्विवेदी का माल्यार्पण करके जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस विधायक संतोष चतुर्वेदी एडवोकेट ने कहा आशुतोष ने समीक्षा अधिकारी बनकर पूरे जिले का नाम रोशन कर दिया ह। वरिष्ठ कांग्रेस नेता उषा दुबे, विजय मिश्रा व दिनेश पालीवाल ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान आशुतोष द्विवेदी के पिता विनोद दुबे, माता रेखा दुबे, कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष देवकीनंदन दुबे मुन्ना, डॉ शैल कुमार पाराशर, अजय दुबे, आसाराम यादव, सुरेश सिंह तोमर, ओमप्रकाश तिवारी, जिलाध्यक्ष शाकिर अली, ओपी तिवारी राजू मेराज खान एवं फिरदौस खान सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# हिंदू बेटी बचाओ संघर्ष समिति ने निकाली बाइक रैली

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



हिंदू बेटी बचाओ संघर्ष समिति द्वारा नगर में लव जिहाद के विरुद्ध सामाजिक जन जागरण एवं जन आंदोलन के तहत हिंदू जन आक्रोश बाइक रैली समिति के कार्यकर्ताओं एवं हिंदू समाज के लोगों द्वारा निकाली गई।

बाइक रैली नहर निरीक्षण भवन पश्चिमी बाईपास से प्रारम्भ होकर मेन बाजार से होते हुए पूर्वी बाईपास पर समाप्त हुई। इस अवसर पर जिला संयोजक अनुराग अग्निहोत्री ने कहा कि यह बाइक रैली हिंदू समाज के बीच लव जिहाद के सच्चाई को उजागर करने के लिए निकाली गई है। यह जन जागरण कार्यक्रम जिले के सभी नगरों एवं खण्डों में चलाया जा रहा है। लव जिहाद पूरे देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा है जिसके खिलाफ जितना जल्दी हिंदू समाज एकजुट हो जाए उतना ही बेहतर होगा। देश के अंदर चल रहे लव जिहाद के बड़े गिरोहों का खुलासा आए दिन हो रहा है। इतनी घटनाएं होने के पश्चात भी हिंदू बहन बेटियां लव जिहाद के षड्यंत्र में फंस रही है जो हिंदू अस्मिता के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। समस्त हिंदू समाज को मिलकर लव जिहाद के इस षड्यंत्र के विरोध में संघर्ष करना होगा। जिला कार्यकारिणी सदस्य सागर गुप्ता ने कहा कि हिंदू जन आक्रोश बाइक रैलियां हिंदू समाज में लव जिहाद के विरुद्ध एक सामाजिक जन आंदोलन का वातावरण बने, इस नाते निकाली जा रही हैं। गंगेश्वर नाथ मंदिर के महंत प्रेमगिरी जी महाराज ने कहा कि जिस हिंदू समाज के बहन बेटियों की बोली लव जिहादियों द्वारा लगाई जा रही है उस हिंदू समाज में लव जिहाद के प्रति आक्रोश पैदा करने कार्य इन जन जागरण के कार्यक्रमों से ही हो पाएगा। जिला कार्यकारिणी सदस्य आशीष चौहान ने कहा कि लव जिहाद की समस्या हिंदू बहन बेटियों के लिए एक बड़े खतरे के रूप में उभर कर आई है। हिंदू बहन बेटियों को ही इस समस्या के अंत के लिए आगे आना होगा।

इस दौरान अनूप चौहान, विजय गुप्ता, सक्षम यादव, कुबेर दुबे,पिंटू अवस्थी, कृष्ण औतार गुप्ता, नीलू अग्निहोत्री, विजय चौहान आदि उपस्थित रहे।

# बाबा साहब की शोभा यात्रा भव्य बनाने पर हुई चर्चा



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सौरिख रोड स्थित बृज दयाल आँखों केयर हॉस्पिटल में बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने बैठक कर शोभायात्रा को भव्य बनाने पर चर्चा की। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष संजीव कुमार उर्फ टिंकल ने कहा कि बाबा साहब के जन्मोत्सव पर बीते पांच सालों से लगातार भव्य शोभायात्रा नगर मे निकल रही है। इस बार भी पहले की अपेक्षा विशाल और भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है। शोभायात्रा में भगवान बुद्ध ,बाबा साहब, ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई, सम्राट अशोक, शहीद भगत सिंह की भव्य झाकियां निकलेगी। इस मौके पर संरक्षक डा अशोक तावरे, डॉ एस चन्द्रा, महासचिव तीर्थराज बौद्ध, कोषाध्यक्ष कमल कांत, उपाध्यक्ष प्रभात गौतम, वीरू खरे, उपसचिव सतेन्द्र बौद्ध, एडवोकेट, सूरज, बृजेश मौर्य, गुलाम वारिस आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने जन्मदिन पर लगाएं पौधे



**छिबरामऊ, कन्नौज।** कृष्णा फाउंडेशन की प्रबंधक पर्यावरणविद् रंजू पाल ने कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने जन्मदिन पर पौधे लगाएं और बड़े होने तक उनकी देखभाल भी करें। उन्होंने बडेपुर रोड स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय मैं पौधरोपण कर अपनी मित्र हिमानी का जन्मदिन मनाया और सभी से निवेदन किया कि आप लोग भी अपने जन्मदिन व अपने बच्चों एवं मित्रों के जन्मदिन पर कम से कम पाँच पाँच पौधे अवश्य लगाएं और उनकी देखभाल करें। इस अवसर पर सत्येन्द्र पाल, राजू, हिमानी, अरुणा शुक्ला व अध्यापिकाओं सहित विद्यालय के बच्चे भी मौजूद रहे।

### सड़क हादसे मे बाइक सवार की मौत, दो घायल



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सड़क हादसे में बाइक अनियंत्रण के कारण एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक कन्नौज के सरायमीरा जीटी रोड निवासी 25 वर्षीय रितिक गुप्ता पुत्र कल्लू अपने दो साथियों 22 वर्षीय पियूष पुत्र पप्पू कटियार निवासी अंबेडकर नगर और 21 वर्षीय युवराज शर्मा पुत्र दीपू निवासी मोहल्ला बढ़ई सरायमीरा के साथ बीती रात कन्नौज शहर की मंडी समिति की ओर जाने के लिए बाइक से रवाना हुए थे। इस दौरान अंधा मोड़ के निकट बाइक असंतुलित होकर एक मकान के चबूतरे की पटिया से टकरा गई। शोरगुल की आवाज पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। तीनों घायल युवकों को उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां से हालत चिंताजनक होने के कारण तीनों को कानपुर हायर हॉस्पिटल के लिए भेज दिया गया। बताया गया कि रास्ते में घायल ऋतिक की मौत हो गई। युवक की मौत पर परिजनों के रोने बिलखने का सिलसिला जारी था।

### सिलेंडर लोड करने जा रहा ट्रक पलटा चालक घायल



**समधन, समृद्धि न्यूज।** सीएनजी गैस सिलेंडर लोड करने जा रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया रविवार दोपहर समधन क्षेत्र के मलिकपुर तेराजाकेट रोड पर सीएनजी गैस सिलेंडर लेने जा रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया मिली जानकारी के अनुसार ट्रक चालक तेराजाकेट की ओर से ट्रक लेकर मलिकपुर की ओर सीएनजी गैस प्लांट पर सिलेंडर लोड करने जा रहा था तभी अचानक ट्रक सड़क पर पलट गया जनपद औरैया के थाना बिधूना निवासी 32 वर्षीय गगन दुबे पुत्र राज नारायण दुबे गंभीर रूप से घायल हो गए घायल ट्रक चालक को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला में 1407 मरीजों को मिला नि:शुल्क उपचार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

**▶ 32 ग्रामीण व 4 नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजन, 64 आयुष्मान गोल्डन कार्ड भी बनाए गए**




जनपद के समस्त 32 ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 04 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी स्वदेश गुप्ता सहित नोडल अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार शुक्ला (उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी) सहित निरीक्षणकर्ता अधिकारियों व कर्मचारियों ने विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मेले के दौरान मरीजों को निःशुल्क जांच व उपचार की सुविधा प्रदान की गई। साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, परिवार कल्याण सेवाएं, हेपेटाइटिस 'बी' व 'सी' की जांच, टीबी संभावित रोगियों की स्क्रीनिंग तथा नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त आयुष्मान योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला में कुल 1407 मरीजों (635 पुरुष, 567 महिलाएं एवं 205 बच्चे) को लाभान्वित किया गया। वहीं आयुष्मान योजना के तहत 64 गोल्डन कार्ड बनाकर वितरित किए गए। प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सकों के साथ पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित रही, जिससे मरीजों को सुचारु रूप से सेवाएं मिल सकीं।

# नदी में कूदा किशोर, गोताखोरों को नहीं मिली सफलता

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरायदायमगंज निवासी 15 वर्षीय शिव राजपूत काली नदी में कूद गया। घर से नाराज होकर गायब हुए किशोर का नदी में कूदते हुए एक वीडियो वायरल हो गया है। पुलिस और गोताखोरों की टीम उसकी तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

जानकारी के अनुसार शिव राजपूत कल शाम 4 बजे किसी बात से नाराज होकर घर से चला गया था। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। बाद में ताजपुर रोड काली नदी पुल पर ब्लेड, खून के धब्बे और उसकी चप्पलें मिलीं, जिससे परिवार ने उसकी पहचान की। आसपास के लोगों से पूछताछ में पता चला कि नदी किनारे जानवर चरा रहे एक युवक ने शिव को नदी में कूदते और डूबते हुए देखा। उसने वीडियो भी बना लिया। वीडियो में किशोर बचाने की गुहार लगाता दिख रहा है, लेकिन तैरना न आने के कारण कोई उसे बचाने नदी में नहीं कूदा। वीडियो में वह कुछ दूर तक डूबता और बहता हुआ दिख रहा है। किशोर के पिता कमलेश राजपूत ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। कुंवरपुर कंडोली चौकी से पुलिसकर्मी गोताखोरों के साथ नदी में खोजबीन कर रहे हैं। नदी में तेज बहाव के कारण अभी तक किशोर का पता नहीं चल पाया है। चौकी इंचार्ज सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि खोजबीन के लिए एनडीआरएफ टीम को बुलाने के लिए रिपोर्ट भेज दी गई है। टीम के आने पर तलाश अभियान तेज किया जाएगा। शिव राजपूत 11वीं कक्षा का छात्र था और अपने दो भाई-बहनों में सबसे छोटा था। उसकी नाराजगी का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

**बुलाई गई एनडीआरएफ टीम**

# श्रमिकों के हितों पर डीएम सख्त, उद्योगों को दिए स्पष्ट निर्देश

**▶ समय से वेतन, सुरक्षा व सामाजिक योजनाओं से जोड़ने पर जोर**

**▶ श्रम योगी मान-धन योजना का लाभ दिलाने के निर्देश**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में उद्योगों के सुचारु संचालन और श्रमिकों के कल्याण को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी निजी इकाइयों में श्रमिकों को समय से वेतन भुगतान, नियमानुसार अवकाश, स्वास्थ्य सुविधाएं, सामाजिक सुरक्षा और महिला सुरक्षा जैसे मूल अधिकार हर हाल में सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि श्रमिकों का हित सर्वोपरि है और उनके सम्मान व सुरक्षा से ही उद्योगों की प्रगति संभव है। बैठक में एलआईसी अधिकारियों को समूह बीमा योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों और कर्मचारियों को जीवन सुरक्षा से जोड़ने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि यह योजना असंगठित क्षेत्र के 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे श्रमिकों के लिए है, जिनकी मासिक आय 15 हजार तक है। योजना के तहत 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 3 हजार प्रतिमाह पेंशन का प्रावधान है, जिसमें श्रमिक के अंशदान के बराबर राशि केंद्र सरकार द्वारा दी जाती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों की रसोइयों, आंगनबाड़ी सहायिकाओं और अन्य पात्र कार्मिकों को प्राथमिकता के आधार पर योजना से जोड़ा जाए। साथ ही उपायुक्त उद्योग को जनपद के कारखानों, कोल्ड स्टोरेज और अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों का अद्यतन विवरण तैयार कराने तथा संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मियों को मिल रही सुविधाओं की निगरानी करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, उपायुक्त उद्योग प्रेमकांत, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### खेत में खड़ी गेहूं की फसल में लगी आग, हड़कंप



**तिर्वा,कन्नौज।** एक किसान के खेत में खड़ी गेंद की फसल में आग लगने की खबर पर गांव में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के गांव हरचंदापुर निवासी अशर्फीलाल और दूर्बीन के खेतों में गेहूं की तैयार फसल काटने के लिए खड़ी थी। बिगत दिनों मौसम में परिवर्तन के कारण फसल काटने में किसानों को देरी हुई। अभी उपरोक्त किसान अपने खेतों में खड़ी फसल को काटने की तैयारी कर ही रहे थे कि, उनके खेतों में खड़ी फसल में आग लगने की सूचना मिली। आग की सूचना पर खेत स्वामी और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से काबू पाना का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। मौके पर सूचना के बाद पहुंची फायर टीम की गाड़ियों के पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फसल स्वामियों ने संदेहास्पद परिस्थितियों में आग लगने की बात कही है। मामले की सूचना तहसीलदार अवनीश कुमार को दी गई, जिसके बाद संबंधित लेखपाल को मौके पर भेजे जाने के निर्देश दिए गए। तहसीलदार के मुताबिक लेखपाल की रिपोर्ट के आधार पर पीड़ित ग्रामीण की दैवीय आपदा के तहत मदद की जायेगी।

**पहल** | **प्रशिक्षण शिविर व सरकार की उपलब्धियों पर दिया गया जोर**

# पूर्व खनन मंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को किया संबोधित

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।**




नगर मे स्थित आर के पैलेस मे पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के गुरसहायगंज में आयोजित द्वि-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन सरकार की उपलब्धियां विषय पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। रविवार को नगर के तिर्वा रोड स्थित आर के पैलेस में इस सत्र को संबोधित करते हुए पूर्व खनन मंत्री छिबरामऊ विधायक अर्चना पाण्डेय ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पीएम मोदी एवं सीएम योगी के नेतृत्व में चल रही विभिन्न योजनाओं और उनके प्रभावों की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी गई। साथ ही भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष प्रतिदिन मयंक गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा गया कि सरकार की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण शिविर में संगठन की मजबूती, जनसंपर्क बढ़ाने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने पर भी चर्चा की गई। शिविर में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही और सभी ने संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता नरेंद्र राजपूत देवेंद्र देव संजीव गुप्ता रामकुमार पाठक धर्मेंद्र कौशल दीपू शर्मा अनुराग गुप्ता के अलावा नगर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी प्रकार विधानसभा छिबरामऊ के अंतर्गत 13 जाकर मंडल में भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर फूल माला अर्पण कर उन्हें नमन किया इस दौरान उन्होंने मौजूद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सरकार की उपलब्धियां विश्व पर विशेष सत्र पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित किया और भारतीय जनता पार्टी प्रदेश व केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया साथ ही प्रदेश सरकार की योजनाओं विकास कार्यों एवं उपलब्धियां पर विस्तार से चर्चा भी की इस मौके पर राजीव ठाकुर जितेंद्र राजपूत तथा नगर व ग्रामीण क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चावल मंडी में टूटा विद्युत पोल, नहीं हुई मरम्मत

**▶ विद्युत विभाग की लापरवाही से व्यापारियों और राहगीरों में आक्रोश**

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के चावल मंडी में चार दिन पहले टूटा विद्युत पोल अब तक नहीं सुधारा गया है, जिससे नगर में खतरे की स्थिति बनी हुई है। बताया जा रहा है कि पोल अचानक गिर गया था, जिसके बाद से ही वहां के व्यापारी और आम नागरिक परेशान हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार विद्युत विभाग को सूचना देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। टूटा हुआ पोल सड़क किनारे पड़ा हुआ है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। खासकर रात के समय यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है।

मंडी में रोजाना बड़ी संख्या में व्यापारी और ग्राहक आते हैं, ऐसे में खुले तार और गिरे पोल से लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। व्यापारियों ने बताया कि इस समस्या के कारण उनका कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि विभाग की लापरवाही के चलते समस्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पोल की मरम्मत कराकर बिजली व्यवस्था को सुचारू किया जाए, ताकि किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

# दो पक्षों में हुए विवाद में घायल युवक की मौत, परिजनों ने अस्पताल में काटा हंगामा

- मंडी चौकी प्रभारी पर लापरवाही और अभद्रता का आरोप
- सीओ के नेतृत्व में कई थानों की फोर्स ने संभाला मोर्चा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


मृतक का फाइल फोटो


परिजनों को शांत कराती पुलिस

कोतवाली क्षेत्र के बाईपास स्थित मेहंदिया वली मजार के पास रविवार को दो पक्षों के बीच हुए भीषण संघर्ष ने हिंसक रूप ले लिया। हमले में गंभीर रूप से घायल एक युवक ने लोहिया अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जमकर हंगामा किया। परिजनों ने मंडी चौकी प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की।

कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव उलियापुर निवासी बांकेलाल उम्र 35 वर्षीय पुत्र इन्दल और राजकुमार का दूसरे पक्ष के पुष्पेंद्र व करन आदि से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे और सरिये चले।

इस खूनी संघर्ष में बांकेलाल और राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष से भी पुष्पेंद्र और करण को चोटें आई। सूचना पर पहुंची मंडी पुलिस ने घायलों को सीएससी में भर्ती कराया। बांकेलाल की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना में घायल राजकुमार ने पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए बताया कि बीते 9 अप्रैल को उनका भैंसा चोरी हो गया था। इस संबंध में जब वे मंडी चौकी प्रभारी बलबीर सिंह के पास शिकायत लेकर गए, तो आरोप है कि चौकी प्रभारी ने उन्हें गालियां देकर भगा दिया और सबूत लाने को कहा। वे रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए जौरा रोड स्थित एक तंबाकू गोदाम पर पहुंचे थे। वहां पहले से मौजूद पुष्पेंद्र, करण और करीब 15 अन्य लोगों ने उन पर हमला बोल दिया। राजकुमार जान बचाकर भाग निकला, लेकिन हमलावरों ने बांकेलाल को गोदाम के अंदर घसीट लिया और उसे लहूलुहान कर दिया। बांकेलाल की मौत की खबर जैसे ही सीएचसी पहुंची। वहां मौजूद महिलाओं और परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। मृतक की पत्नी और परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने समय रहते कार्रवाई नहीं की और शिकायत करने पर उनके साथ अभद्रता की गई। सूचना मिलते ही सीओ राजेश कुमार द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, इंस्पेक्टरक्राइम सुरजीत सिंह सहित कंपिल और शमशाबाद थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई।

## गोदाम स्वामी की भूमिका पर सवाल

**कायमगंज।** घायल राजकुमार ने बताया कि गोदाम स्वामी संजय अग्रवाल ने उन्हें बातचीत के लिए बुलाया था, लेकिन वहां पहुंचते ही उन पर हमला कर दिया गया। उन्होंने यह भी दावा किया कि जिस लोडर से भैंसा चोरी हुआ था, उसके चालक ने जुर्म स्वीकार किया था, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़कर छोड़ दिया। वहीं राजकुमार की पत्नी शोभा ने बताया कि वे लोग पिछले चार दिनों से पुलिस के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन पुलिस उन्हें ड्रामा कहकर भगा देती है। उसने बताया कि आज मारपीट की घटना की सूचना देने जब परिवार की महिलाएं कोतवाली गई तो हमेशा की तरह आज भी पुलिस ने उनकी नहीं सुनी। जब उसने थाने में जान देने की धमकी दी तो पुलिस हरकत में आई।

## परिजनों ने दिल्ली रोड पर लगाया जाम

**कायमगंज।** बांकेलाल की मौत के बाद आक्रोशित परिजन कोतवाली पहुंच गए और घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। गुस्से में परिजनों ने कोतवाली के सामने दिल्ली रोड पर जाम लगा दिया। जिससे यातायात बाधित हो गया। सूचना पर इंस्पेक्टर लाइन ऑर्डर सुरजीत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। करीब दस मिनट की मशक्कत के बाद परिजन शांत हुए और जाम खोल दिया गया। इसके बाद यातायात सुचारू रूप से बहाल हो सका। एहतियात के तौर पर गांव उलियापुर में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## सीओ बोले तीन आरोपित है हिरासत में

**कायमगंज।** सीओ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि रविवार सुबह गांव उलियापुर में दो पक्षों के बीच पुराने विवाद को लेकर मारपीट हो गई थी। इसमें 35 वर्षीय बांकेलाल गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे तत्काल अस्पताल भिजवाया। जहां से हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। तहरीर मिलने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# रखा दरगाह में 23 अप्रैल को होगा विशाल उर्स

- तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बैठक में मौजूद पदाधिकारी

रखा दरगाह पर आगामी 23 अप्रैल को आयोजित होने वाले विशाल उर्स को लेकर रविवार को दरगाह परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सज्जादानशीन अब्दुल हक चिश्ती ने की। जिसमें मेला कमेटी के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक में उर्स की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सज्जादानशीन अब्दुल हक चिश्ती ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 अप्रैल की शाम को मिलाद शरीफ का आयोजन किया जाएगा, जबकि 23 अप्रैल को मुख्य उर्स बड़े ही श्रद्धा और अकीदत के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि उर्स के दिन सुबह से ही दरगाह परिसर में दाल-रोटी का लंगर निरंतर चलता रहेगा। वहीं रात्रि 8 बजे पूड़ी-सब्जी का विशेष लंगर भी श्रद्धालुओं के लिए आयोजित किया जाएगा। उर्स में दूर-दराज से आने वाले जायरीनों की सुविधा और व्यवस्था को लेकर भी कमेटी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में नायब सज्जादानशीन खुशहाल बारी, अरुण कुमार बाथम, अंकित माथुर, सद्दाम, तालिब, अजय, गोपाल, ब्रह्मानंद, दिलीप, ताजुद्दीन, विकास यादव, आनंद सिंह, रामदास ताऊ, रवि पप्पू, विजय, संतोष चंद्रा सहित अन्य कमेटी सदस्य मौजूद रहे।

# ओम पॉलीक्लिनिक का एसीएमओ ने किया निरीक्षण, मिली खामियां

**अमृतपुर,समृद्धि न्यूज।**


निरीक्षण करते एसीएमओ

कस्बा राजपुर स्थित ओम पॉलीक्लिनिक पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रंजन गौतम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक पर बड़ी संख्या में मरीज मौजूद मिले, जबकि जांच में यह सामने आया कि वहां पर डॉक्टर संजय कुमार बंगाली आयुर्वेद एवं यूनानी पंजीकरण के आधार पर एलोपैथिक दवाओं के माध्यम से मरीजों का उपचार कर रहे थे।

जिस पर एसीएमओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित डॉक्टर को निर्देशित किया कि वह तीन दिन के अंदर एलोपैथ विभाग में किसी बीएएमएस चिकित्सक के साथ विधिवत पंजीकरण कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समयावधि में निर्देशों का पालन न करने पर संबंधित के विरुद्ध इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट की धारा 15(3) के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में डॉक्टर को नोटिस जारी किया जा रहा है और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि एक अन्य शिकायत में डॉक्टर पर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया गया था। हालांकि निरीक्षण के दौरान इसकी पुष्टि नहीं हो सकी।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 143 मरीजों को मिला उपचार


उपचार कराते लोग

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को कस्बा अमृतपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। मेले में कुल 143 मरीजों का पंजीकरण कर उन्हें निःशुल्क जांच एवं दवाएं वितरित की गई। वहीं 56 मरीजों के सैंपल लेकर स्वास्थ्य केंद्र पर ही उनकी जांच की गई। मौसम में हो रहे बदलाव के कारण क्षेत्र में सर्दी-जुकाम, बुखार, वायरल संक्रमण, त्वचा रोग तथा पेट संबंधी बीमारियों के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। ऐसे में मेले के माध्यम से मरीजों को समय पर उपचार और परामर्श उपलब्ध कराया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रंजन गौतम ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सा प्रभारी डा0 गौरव वर्मा को पेयजल व्यवस्था को जल्द से जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि मरीजों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। मेले के दौरान स्थानीय लोगों ने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही सीबीसी जैसी महत्वपूर्ण जांच सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। डॉ0 रंजन गौतम ने आश्वासन दिया कि जल्द ही स्वास्थ्य केंद्र पर सीबीसी जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, जिससे मरीजों को बाहर भटकना न पड़े। इस अवसर पर फार्मासिस्ट अरविंद कुमार, लैब टेक्नीशियन पवन कुमार, एएनएम मीना सिंह, राकेश कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# तगादा करने पर दबंगों ने युवक को पीटा, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बाइक कम्पनी के रिकवरी एजेंट को तगादा करने पर दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के शिवाजी कॉलोनी नेकपुर कला भोलेपुर निवासी विदेश सिंह पुत्र स्वर्गीय दलवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह टीवीएस कंपनी में रिकवरी एजेंट का काम करता है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बलीपुर निवासी उदय भान सिंह के घर अपनी बाइक के रिकवरी के पैसे लेने आए थे। जिस पर उदयभान घर पर नहीं मिले। वहीं उनके भाई से बातचीत होने लगी। बातचीत होते ही आरोपी युवक ने पीड़ित के साथ मारपीट करना शुरू कर दी। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# परशुराम दरअसल राम के रुप में सत्य के संस्करण है



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** परशु प्रतीक है पराक्रम का। राम पर्याय है सत्य सनीतन का। इस प्रकार परशुराम का अर्थ हुआ पराक्रम के कारक और सत्य के धारक। शास्त्रोक्त मान्यता तो यह है कि परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार है। अतः उनमें आपादमस्तक विष्णु ही प्रतिबिंबित देते हैं। परशु में भगवान शिव समाहित है और राम में भगवान विष्णु। इसलिए परशुराम अवतार भले ही विष्णु के हों। परशुराम दरअसल शिवहरि है।

**परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष**


सुधाकर चतुर्वेदी, प्रवक्ता

**रस्तोगी इंटर कालेज के प्रवता सुधाकर चतुर्वेदी** ने बताया कि भगवान परशुराम हम सबके आदर्श है। पिता जमदग्नि और माता रेणुका ने तो अपने पांचवें पुत्र का नाम राम ही रखा था, लेकिन तपस्या के बल पर भगवान शिव को प्रसन करके उनके दिव्य अस्त्र परशु (फरसा या कुठार) प्राप्त करने के कारण वे राम से परशुराम हो गए। शिव संहार के देवता हैं। परशु संहारक है, क्योंकि परशु शस्त्र है। राम प्रतीक हैं भगवान विष्णु के।


सावन मिश्रा, जिलाध्यक्ष

**मानवाधिकार के जिलाध्यक्ष सावन मिश्रा** ने बताया कि परशुराम का जन्म अक्षय तृतीय को हुआ था।, तभी से हर वर्ष अक्षय तृतीय के जन्मोत्सव मनाया जाता है। परशुराम के वंशज को देखा जाये तो महाराज गाधि की एक मात्र पुत्री सत्यवती व पुत्र ऋषि विश्वामित्र थे। परशुराम का अवतार पृथ्वी पर बढ़ रहे अधर्म, अत्याचार और हैहयवंश के राजा सहस्त्रार्जुन जैसे अत्याचारी का संहार करने के लिए हुआ था।


डॉ. अरुण अग्निहोत्री

कांग्रेस नेता डॉ. अरुण अग्निहोत्री ने बताया कि परशुराम बल के प्रतीक थे। पौराणिक व्रतांतों के अनुसार उनका जन्म महाऋषि भृगु के पुत्र जमदग्नि द्वारा सम्पन्न पुत्रेष्टि यज्ञ से प्रसन्न देवराज इंद्र के वरदान स्वरुप पत्नी रेणुका के गर्भ से बैशाख शुक्ल तृतीय को मध्यम प्रदेश के इंदौर मानपुर के जनापाक पर्वत में जन्म हुआ। परशुराम को शिवजी ने चिरंजीवी का वरदान दिया थाए मान्यता है कि वे आज भी पृथ्वी पर निवास करते हैं।

# गेहूं की मड़ाई में युवक के दोनों हाथ थ्रेसर मशीन में फंसे

- परिजनों ने घायलावस्था में अस्पताल में कराया भर्ती

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**


घायल युवक

थाना अमृतपुर क्षेत्र के बलीपट्टी रानी गांव में रविवार को गेहूं की मड़ाई के दौरान एक युवक के दोनों हाथ थ्रेसर मशीन में फंस गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के मुताबिक, गिरन्ध पुत्र सियाराम कुशवाह खेत में गेहूं खांदने का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से उसके दोनों हाथ चलती थ्रेसर मशीन में चले गए। घटना इतनी भयावह थी कि मौके पर मौजूद लोग सन्न रह गए। युवक की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल मशीन बंद कराई और कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस को बुलाया। जिसके जरिए घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। हादसे के दौरान मौके पर मौजूद रंजीत पुत्र रामभजन की सूझबूझ से युवक की जान बची। ट्रैक्टर और थ्रेशर गिरन्ध के रिश्तेदारों का बताया गया है।

वहीं थाना पुलिस के द्वारा थ्रेसर को कब्जे में लिया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में घर में लगी आग, हजारों का नुकसान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


आग लगने के बाद का दृश्य

संदिग्ध परिस्थितियों में घर में आग लग गयी। जिससे घर का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने समर आदि चलाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

थाना क्षेत्र के नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 13 नेहरू नगर बरतल निवासी रामनरेश के घर पर अचानक बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गयी। घर के सदस्य बाहर लेते थे। वहीं पीड़ित रामनरेश ने बताया कि उनका एक पुत्र कमल कमरे के अंदर लेता था। कमरे में भयानक आग लगी। उनके दादा रामसेवक ने बताया कि घर में आग लग गई, तभी सभी लोग भाग खड़े हुए। रात के करीब 2 बजे लोगों ने पानी डालकर आग बुझाई। पीड़ित रामनरेश के बताए मुताबिक 30 हजार रुपये नगदी, घरेलू सामान, रजाई गद्दा, कुर्सी, टेबल, कपड़े आदि जलकर राख हो गया।

# डॉ. अम्बेडकर ने कहा था शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो



**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक बी.आर. अंबेडकर की स्मृति में 14 अप्रैल को मनाई जायेगी। यह अंबेडकर का जन्मदिन है,जिनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। बाबासाहेब अंबेडकर एक अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे जिन्होंने दलित समुदाय के अधिकारों के लिए संघर्ष किया।

भारत के संविधान के प्रमुख रचनाकारों में से एक अंबेडकर ने महिलाओं और श्रमिकों के अधिकारों की भी वकालत की।


अश्नील दिवाकर

**भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर** ने बताया कि अंबेडकर विधि एवं अर्थशास्त्र के विलक्षण विद्यार्थी और व्यवहारिक विद्वान थे। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स दोनों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने अर्थशास्त्र में अपनी गहरी समझ का उपयोग भारत को पुरातन मान्यताओं और विचारों से मुक्त कराने के लिए किया।


रमेश चन्द्र कठेरिया

**सपा नेता रमेश चन्द्र कठेरिया** ने बताया कि बाबा साहब ने लोगों के बीच शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बहिष्कृत हितकारिणी सभा की स्थापना की। उन्होंने वंचित वर्गों के बारे में अधिक लिखने के लिए पांच पत्रिकाएँ मूकनायक, बहिष्कृत भारत, समता, जनता और प्रबुद्ध भारत शुरू कीं। उन्होंने ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रस्तावित पिछड़े वर्ग के लिए अलग निर्वाचक मंडल का पुरजोर विरोध किया।


देवेन्द्र कुमार, प्रवक्ता

**रा0इं0का0 के प्रवक्ता देवेन्द्र** ने बताया कि डॉ. अंबेडकर भारतीय इतिहास की एक प्रमुख हस्ती हैं, जिन्होंने शिक्षा और राजनीति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने मुंबई के एल्फिंस्टन कॉलेज, ब्रिटेन के लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय सहित विश्व के प्रतिष्ठित संस्थानों से शिक्षा प्राप्त की। विदेशी विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि पाने वाले पहले भारतीय थे।


धर्मेन्द्र कनौजिया

**सभासद धर्मेन्द्र कनौजिया** ने बताया कि डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान के मुख्य सूत्रधार थे। 1923 में उन्होंने शिक्षा की आवश्यकता को फैलाने और निम्न आय वर्ग की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए बहिष्कृत हितकारिणी सभा की स्थापना की।

दलितों को समाज में समान अधिकार मिलने चाहिए। 1942 में, वे विक्टोरिया की कार्यकारी परिषद के सदस्य थे।

# लव जिहाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा: निशांत गुप्ता

**हिंदू बेटी बचाओ संघर्ष समिति ने निकाली बाइक रैली**



लव जिहाद का विरोध करते लोग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

हिंदू बेटी बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा कायमगंज नगर में लव जिहाद के विरुद्ध सामाजिक जन-जागरण एवं जन-आंदोलन के तहत हिंदू जन आक्रोश बाइक रैली कायमगंज नगर संयोजक सुधांशु पांडेय के नेतृत्व में समिति के कार्यकर्ताओं एवं हिंदू समाज द्वारा निकाली गई। बाइक रैली गमा देवी मंदिर से प्रारम्भ होकर पुरानी गल्ला मंडी चौराहा, जटवारा रोड, ट्रांसपोर्ट चौराहा, पटवन गली, पुल ग़ालिब, मेन बाजार, बड़ा चौराहा, गंगा दरवाजा से होते हुए शिवाला भवन में समापन हुआ। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक निशांत गुप्ता ने कहा कि यह बाइक रैली हिंदू समाज के बीच जाकर लव जिहाद की सच्चाई को उजागर करने के लिए निकाली गई है। लव जिहाद के प्रति हिंदू बहन-बेटियां जागरूक हों, इस नाते यह जन-जागरण कार्यक्रम जिले के सभी नगरों एवं खंडों में चलाया जा रहा है। लव जिहाद पूरे देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा है, जिसके खिलाफ जितना जल्दी हिंदू समाज एकजुट हो जाए, उतना ही समाज के लिए बेहतर होगा। देश के अंदर चल रहे लव जिहाद के बड़े गिरोहों का खुलासा आए दिन हो रहा है। इतनी घटनाएं होने के पश्चात भी हिंदू बहन-बेटियां इस षड्यंत्र में फंस रही हैं, जो हिंदू अस्मिता के लिए एक बड़ी चुनौती है। समस्त हिंदू समाज को मिलकर इसके विरोध में संघर्ष करना होगा। जिला सहसंयोजक धर्मेंद्र पाल, आकाश, विपुल राठौर ने भी विचार रखे। इस दौरान रामनरेश राजपूत, सत्यांश पांडेय, वैभव शुक्ला, विकास राजपूत, अनमोल राजपूत, मोहित यादव, युग अवस्थी, मोहित शाक्य, उत्कर्षा राजपूत, विवेक राजपूत, गौरव गगन पाठक, हरिओम आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में शिक्षक ने फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में अध्यापक ने फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला नेकपुर चौरासी निवासी अध्यापक रोहित द्विवेदी जो की ब्लाक नवाबगंज के ग्राम फतेहपुर कढ़िउली स्थित विद्यालय में कार्यरत थे। रविवार को अपने घर में फांसी लगा ली। जिससे उनकी मौत हो गयी। सूत्रों के अनुसार अध्यापक रोहित द्विवेदी का पहली पत्नी से विवाद हो जाने पर अपने बड़े पुत्र के साथ अकेले रह रहे थे। इस घटना से शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गयी।

# सपा सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक में पीडीए को मजबूत करने पर दिया बल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक में मौजूद सपा सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी

समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव की अध्यक्षता में रविवार को मासिक बैठक संपन्न हुई। मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव रहे। बैठक में सर्वेश अंबेडकर ने अपने विचार व्यक्त किये। जिलाध्यक्ष केके यादव ने कहा कि सभी लोग संगठन को मजबूत करेंगे और गांव-गांव जाकर पीडीए को मजबूत करते हुए पार्टी की रीति-नीति का प्रचार प्रसार करेंगे। आगामी 2027 में सपा सरकार को जीत दिलाने के लिए बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना है।

जिला महासचिव सैनिक प्रकोष्ठ अमित यादव ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के गांव गांव जाकर जनता के बीच समाजवादी सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों को बताना और बीजेपी सरकार द्वारा किया जा रहा जनता पर अत्याचार को उजागर करना है। जिला सचिव यशवंत सिंह बिसेन ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा प्रहार किया। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने भी अपने विचारों को व्यक्त किया। इस मौके पर रामाधार सिंह, अशोक कुमार यादव, छोटे सिंह यादव, कश्मीर सिंह यादव आदि मौजूद रहे। संचालन बृजेश कुमार राव ने किया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकृए की बैठक सम्पन्न



बैठक में मौजूद किसान नेता

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारती कृषक एसोसिएशन की बैठक कार्यालय पर मोहल्ला जवाहरगंज में राष्ट्रीय प्रवक्ता मुन्ना लाल सक्सेना के आवास पर हुई। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल तिवारी ने अध्यक्षता की व संचालन रामवीर जाटव ने किया। बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई। नगला बसोला गाँव की जमीन जो तहसील प्रसाशन ने पट्टे पर दी गयी थी उस जमीन पर किसानों ने गेहूँ बुबाई कर खाद बीज पानी लगाया। जिसमें एसडीम ने बिना नोटिस कटवा ली। जब किसानों ने विधायक से शिकायत की तो प्रतिनिधि से भी एसडीम ने अभद्रता की। विरोध करने पर बताया कि पट्टे निरस्त हो गये। यदि जमीन फसल वापस नही की जाती तो बड़ा आन्दोलन होगा। निजी स्कूलों की मनमानी बढ़ती फीस अभिभावकों को महगी किताबें स्कूलों का मुनाफा का जरिया बन चुका है, आदि मांगें शामिल है। बैठक में सुनील कुमार दुबे, महिपाल सिंह, प्रताप सिंह गंगवार, रामवीर जाटव, गोपाल तिवारी, मुन्ना लाल सक्सेना, विनीत सक्सेना, रामवीर पाल, रामनरायन राजपूत, प्रवीन गुप्ता, राय सिंह राजपूत आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# टीईटी के विरोध में कोचिंग संस्थाओं पर किया गया जनसम्पर्क

**आज निकलेगी विशाल बाइक रैली**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सम्पर्क के दौरान मौजूद शिक्षक

अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ द्वारा शहर की विभिन्न कोचिंग संस्थानों का तूफानी दौरा किया गया। जिसमें टेट की तैयारी करने वाले शिक्षक साथियों से संपर्क किया गया। विभिन्न कोचिंग संस्थानों में जैसे ज्ञान अर्पण दृष्टि एवं कौटिल्य अकादमी में जनसंपर्क कर 13 अप्रैल को होने वाली बाइक रैली में प्रतिभाग करने हेतु शिक्षकों से आवाह्न किया गया। टेट की अनिवार्यता से पीड़ित शिक्षकों ने पूर्ण आश्वासन दिया कि रैली में प्रतिभा कर विरोध प्रदर्शन करेंगे और सरकार अगर जल्द ही इसे समाप्त नहीं करती है तो एक बड़ा आंदोलन करने के लिए सभी बाध्य होंगे। कोचिग संचालकों ने महासंघ के अनुरोध पर 13 अप्रैल को कोचिंग समय में परिवर्तन कर 5 बजे के बाद कर दिया है। इसके साथ ही आवास विकास में शिक्षकों से डोर-टू-डोर संपर्क किया गया।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक, अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश सिंह राठौर, विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष सोमनाथ दीक्षित, अटेवा के सहसंयोजक सुधीर कुमार पाल, लोकपाल राजपूत, फूलचंद्र राजपूत सहित अनेक शिक्षक साथी उपस्थित रहे। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महा संघ के समस्त शिक्षकों से आवाह्न करता है की टेट की अनिवार्यता के विरोध में होने वाली बाइक रैली जो प्रदेश में सभी जनपदों में 13 अप्रैल को आयोजित की जा रही है। जनपद में यह रैली बहुत ही ऐतिहासिक होगी।

जिसमें सभी शिक्षक साथी उपस्थित होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। महासंघ के सभी सहयोगी संगठनों ने आवाह्न किया है कि सभी शिक्षक व शिक्षिका बहने 13 अप्रैल को समय 2:30 बजे बीएसए ऑफिस फतेहगढ़ पहुंचेगे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का हुआ आयोजन




कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा नेता

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज नगर पंचायत के मंगलम पैलेस में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का दो दिवसीय प्रशिक्षण सात सत्र सम्पन्न हुआ। जिसमें पांचवें सत्र के प्रशिक्षण अभियान की शुरुआत में अध्यक्षता भाजपा नेता योगेंद्र सिंह राठौर स्वदेश ने की। मुख्य अतिथि डॉ. भूदेव राजपूत रहे। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि प्रथम सत्र में अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य रहे। द्वितीय सत्र में जिला अध्यक्ष फतेहचंद राजपूत रहे।

तृतीय सत्र में पूर्व जिला महामंत्री संदीप शाक्य रहे। चतुर्थ सत्र में जिला महामंत्री अमरदीप दीक्षित रहे। पंचम सत्र की अध्यक्षता भाजपा नेता कस्बा नवाबगंज निवासी योगेंद्र सिंह राठौर स्वदेश ने की। पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ0 भूदेव राजपूत ने की। छठे सत्र में प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा डॉ बीके गंगवार रहे। सप्तम सत्र समापन में धीरेंद्र वर्मा, वर्ग प्रमुख नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत रहे। संचालन निवर्तमान मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज ने किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष आदेश राठौर, हेम सिंह लोधी, आकाश गुप्ता, शिवमंगल सिंह, ललित श्रीवास्तव, रजनीश अवस्थी, देशराज शाक्य, योगेंद्र सिंह राठौड़ उपस्थित रहे।

# यज्ञ धार्मिक अनुष्ठान के साथ पर्यावरण को करता है शुद्ध: संदीप आर्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



यज्ञ में आहूतियां देते लोग

आर्य समाज कमालगंज में रविवार को साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग का आध्यात्मिक वातावरण में आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं तथा परमात्मा से सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। आर्य समाज के पुरोहित आचार्य संदीप आर्य ने विधिवत यज्ञ सम्पन्न कराया। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को यज्ञ के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि यज्ञ न केवल धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह पर्यावरण शुद्धि, मानसिक शांति एवं सामाजिक समरसता का भी एक सशक्त माध्यम है। आचार्य संदीप आर्य ने सोलह संस्कारों के आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि गर्भाधान से लेकर अन्त्येष्टि तक के संस्कार मानव जीवन को शुद्ध, अनुशासित एवं आदर्श बनाते हैं। ये संस्कार व्यक्ति के चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों की स्थापना एवं समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान भौतिकवादी युग में वैदिक संस्कारों का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि ये हमें हमारी संस्कृति, परंपराओं एवं मूल्यों से जोड़ते हैं। आर्य समाज का उद्देश्य समाज संस्कारों के साथ शिक्षा, नैतिकता, समानता एवं सत्य के सिद्धांतों का प्रसार करना है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे आर्य समाज से जुड़कर वैदिक विचारधारा को अपनाएं और समाज सुधार के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं।

उपस्थित श्रद्धालुओं ने सत्संग से प्रेरणा प्राप्त करते हुए नियमित रूप से यज्ञ, सत्संग एवं वैदिक गतिविधियों में भाग लेने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, उपांशु, नीतीश राठौर, गौरव सिंह, रोशन, आनंद, उपांशी, आकांक्षा राठौर, अमृता, उर्मिला देवी आदि उपस्थित रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व बजरंग दल की बैठक में हिन्दुत्व को मजबूत करने पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक को संबोधित करते कोमल पाण्डेय

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की संयुक्त बैठक विशंभर दयाल धर्मशाला में सम्पन्न हुई। बैठक में वर्तमान समय की प्रमुख समस्याओं को लेकर चिंतन और उनके निराकरण पर चर्चा हुई। महामंत्री अंगद पांडे उर्फकोमल पांडे ने कहा कि आज आवश्यकता आ गई है कि हर हिंदू हिंदू का साथ दें, तभी समाज आगे बढ़ेगा और हिंदू एवं सनातन धर्म मजबूत होगा। सड़कों पर अराजकता फैलाने से हिंदुत्व मजबूत नहीं होगा, हिंदुत्व मजबूत होगा एक दूसरे के साथ देने से सहयोग देने से। इसलिए सभी लोगों के लिए आवश्यक है कि आपस में सभी का सहयोग करें और एक दूसरे से जो बैमनस्था है। आचार्य अम्बरीश तिवारी ने कहा हिंदुओं को हिंदुत्व की शिक्षा और ज्ञान होना बहुत आवश्यक है हम सभी का उद्देश्य और दायित्व है हर घर हर परिवार में सनातन की विचारधारा को मजबूत करें। जिला अध्यक्ष दिनेश सिंह राजपूत ने कहा नवनियुक्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने कर्तव्य का निर्वाह पूर्णता ईमानदारी से और लगन से करें। सतीश चंद दीक्षित ने जाति वाद को भूलकर सभी हिंदुओं को एक दूसरे से अपनत्व और प्रेम करने की सलाह दी। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष विष्णु मिश्रा ने कहा जिला कार्यकारिणी घटित होने के बाद यह संगठन की पहली बैठक है अभी तक जिस तरह आप लोगों ने आपस में मिलकर संगठन के माध्यम से हिंदुत्व को मजबूत करने का कार्य किया है। इस मौके पर रवि बाजपेई, विपिन अवस्थी, कार्तिक शुक्ल, सत्यम वर्मा, नीतीश कुमार पांडे, अनुराग कश्यप, विपिन चतुर्वेदी, अजीत चौरसिया, अमरदीप श्रीवास्तव, कुलदीप दीक्षित, रघुवंश मिश्रा, सूरज शर्मा, रजत वर्मा, प्रियांशु कटीयार, रोहित शाक्य, शिवराज सिंह नागर आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में उपभोक्ता हुए लामबंद्ध



बैठक में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में विद्युत विभाग के द्वारा जबरदस्ती लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर तथा इन मीटर के द्वारा लगातार आम जनता के ऊपर पड़ रहे आर्थिक बोझ को लेकर बैठक पटेल पार्क में आयोजित हुई। बैठक में स्मार्ट मीटर से पीड़ित लोगों ने आकर अपने साथ हो रही लूट के बारे में बताया। स्मार्ट मीटर लगने के बाद किस प्रकार से हम लोगों के द्वारा मीटर में डाले गए पैसे काटे जा रहे हैं। रात में लाइट बंद कर दी जाती है और हर व्यक्ति समय बहुत परेशान है। फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि जब तक जनता अपना शोषण करती रहेगी, तब तक उसका शोषण होता रहेगा। शहर में हजारों विद्युत उपभोक्ता है और उन सबने बिना विरोध किए हुए स्मार्ट मीटर अपने-अपने घरों में लगवा लिए, जबकि स्मार्ट मीटर तभी लगने के आदेश थे। जब गृह स्वामी अपनी सहमति दे पर किसी ने चू नहीं की आज लोग परेशान है। सांसद विधायक एवं अन्य राजनीतिक दल किसी भी प्रकार से जनता की आवाज उठाने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने जनता का आवाहन करते हुए कहा कि आपकी लड़ाई तभी सफल होगी जब आप लोग ईमानदारी से अपनी हक की लड़ाई लड़ेंगे। इस मौके पर जितेंद्र मिश्रा, अंगद पांडे, प्रिंस शुक्ला, निशु दुबे, अतुल गुप्ता, सनी बाथम, अनिल कश्यप, बाबू अग्निहोत्री, श्यामेंद्र दुबे, नीरज, संजीव, प्रकाश सक्सेना, सुरेश कश्यप, शाहरुख खान, प्रदीप तिवारी, आलोक मिश्रा, भरे, अमन जैन, कुलदीप दीक्षित, अजय मिश्रा, रितेश पांडे, दिनेश राजपूत, आचार्य अमरेश तिवारी, सतीश दीक्षित, मुकेश बाथम, राजेश दिवाकर, राजू खान, लवी सक्सेना, शाहिद बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। संचालन अंगद पांडे उर्फ कोमल ने किया।

## अनुगूंज के कवि सम्मेलन में बही काव्य की धारा



काव्य पाठ करते कवि

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** साहित्यिक संस्था अनुगूंज के तत्वावधान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सीपी गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। गीतकार पवन बाथम की वाणी वंदना से प्रारंभ हुए इस कवि सम्मेलन में सोनभद्र से पधारे डॉ0 कमलेश राजहंस ने कहा कि शिशिर की सर्द रातें बाढ़ में डूबा हुआ जीवन, गर्म लू के थपेड़ों से मेरी सांसे दहकती हैं। मध्य प्रदेश से आये डॉ. शंकर सहर्ष ने कहा रगों-रगों में खून राम का राम दिलों की धड़कन हैं। लखनऊ से आए प्रमोद द्विवेदी ने कहा कि जिसने दुनिया में लहराया शौर्य वीरता का परचम। इस भारत को दास बना, बोलो इतनी किसमें दम।। रायबरेली से आये गोविंद गजब ने बेटी पर अपना गीत प्रस्तुत कर वातावरण को मार्मिक बनाया। केके अग्निहोत्री ने श्रोताओं को बहुत देर तक हंसाया। शायरा नूरी परवीन कानपुर ने गजल प्रस्तुत करके वातावरण को प्रेममय बना दिया। डॉ0 सुनील सिद्धार्थ ने कई चुटीले व्यंग पढ़कर वाहवाही लूटी। मधुर स्वर की धनी वाराणसी से आई विभा शुक्ला ने गीत गजल पढ़कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गीतकार पवन बाथम ने श्रृंगार के मुक्तक और एक गीत पढ़कर समा बांधा। प्रमोद कुमार सनोद और अंकित शर्मा ने प्रभावी काव्य पाठ किया। रचनाकारों का माल्यार्पण और शाल्यार्पण के साथ-साथ ब्लॉक प्रमुख अनुराधा दुबे, नगर पालिकाअध्यक्ष डॉ0 शरद गंगवार, पूर्व विधायक अमर सिंह खटीक, सुनील कुमार चक, अरुण दुबे का माला एवं शाल से सम्मानित किया।

# अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर नगर में निकाली जायेगी विशाल यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक में मौजूद समिति के लोग

भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के कार्यक्रमों की सफलता के लिए आयोजन समिति की बैठक अध्यक्ष डॉ. प्रभु दयाल के आवास पर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी देकर आयोजन को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रभुदयाल, महामंत्री वीरेन्द्र सिंह कठेरिया, कार्यक्रम संयोजक रामनरेश गौतम ने कहा कि विश्व के महान समाजिक राजनैतिक चिंतक न्यायविद् डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजनैतिक दलों के लिए मजबूरी और जरुरी है। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल को शाम 4 बजे विकास भवन फतेहगढ़ चौराहा, सेन्ट्रल जेल चौराहा, नलकूप कालोनी, भोलेपुर प्रीतम नगला, नेकपुर, आवास विकास होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए चांदपुर स्थित बौद्ध बिहार पहुंचेंगे। 14 अप्रैल को पुरुस्कार वितरण व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ अतिथियों का उद्बोधन होगा। आर्केस्टा पार्टी द्वारा संगीत एवं गीतों पर बाबा साहब के नाम की प्रस्तुति दी जायेगी। मुख्य अतिथि एसबी पूर्व प्रमुख सचिव होंगे। विशिष्ठ अतिथि पूर्व कस्टम कमिश्नर केके कठेरिया होंगे। साथ ही सीडीओ विनोद कुमार, पूर्व निदेशक सर्वेश चन्द्र अम्बेडकर होंगे। कार्यक्रम में एसडीएम रविन्द्र कुमार, पंकज कुमार सिंह, अनिल कुमार आदि भाग लेंगे। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष संघमित्रा भास्कर, रविन्द्र नाथ दिवाकर, कुलदीप सिंह कठेरिया आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रभुदयाल ने की एवं संचालन महामंत्री वीरेन्द्र सिंह कठेरिया ने किया।

# जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में बच्चों ने जीते मेडल



शील्ड के साथ विजेता खिलाड़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रेलवे रोड स्थित कृष्णा पैलेस में सब जूनियर कैडेट कराटे प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में 200 बच्चों ने भाग लिया। शुभारम्भ मुख्य अतिथि कायमगंज विधायक डॉ. सुरभि व वंदना द्विवेदी, उमा मिश्रा, सुमन राठौर, बबिता पाठक, अनुपम यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों ने कराटे प्रतियोगिता दिखाकर मेडल प्राप्त किये। गोल्ड मेल्डल प्राप्त करने वालों में सक्षम बाजपेई, युवराज, गर्व गुप्ता, अक्षत मिश्रा, दर्श गुप्ता, आयुष शाक्य, अनमोल यादव, वैभव भारद्वाज, अंश यादव, कस्वी रस्तोगी, राधिका वर्मा, ऋतु, समीक्षा, आर्निका बाजपेई, अभ्या गुप्ता, आनाया मिश्रा, आया गुप्ता, अनन्या भारद्वाज, यश सिंह राठौर, नैतिक यादव, सक्षम रस्तोगी ने जीते। सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले बच्चे सुबहन खान, अनमोल वर्मा, आर्यन सिंह, शौर्य, अनिरूद्ध, वीर प्रताप, आर्यन राजपूत, अर्णव कुमार, ऋषव कुमार, सानवी, अनवशा, ऑडिटरी, संवि, अंशिका शर्मा, इसीता शाक्य, शाक्षी आर्य, वैष्णवी वर्मा, आरव शुक्ला, आरव रस्तोगी, अंशुमान के नाम शामिल है। ब्रांज मेडल प्राप्त करने वाले बच्चे शेरायस, देव, आर्यन शुक्ला, अंशुमान राज, प्रभाश, आरुष, हर्षित बाथम, दिव्यांश, दक्ष कुंवर, कृष्णा सक्सेना, आरुष मिश्रा, अथर्व शुक्ला, आर्यन, आयुष, चेतन सिंह, शिवा गुप्ता, आनाया कश्यप, हानियाँ, कस्वी, वैष्णवी, यशवी यादव, आरोही, आराध्या गुप्ता, आनाया, ममता राजपूत, मनीषा, संध्या, प्रिंस, मृतुन्जय, अभिनय सिंह राठौर आदि मौजूद रहे। 22 अप्रैल से 26 अप्रैल होने वाली लखनऊ चौक स्टेडियम मे प्रतियोगिता के लिए चयन है। रेफरी की भूमिका आशीष गौतम, पुष्कर भारद्वाज, जज की भूमिका में अभ्या मिश्रा, उमंग तिवारी, आदित्य पाल मौजूद रहे।

# परशुराम शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए वितरित किये गये कार्ड



कार्ड वितरित करते समिति के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भगवान परशुराम शोभायात्रा को लेकर नगर में कार्ड वितरित किये जा रहे है। यात्रा को सफल बनाने के लिए यात्रा प्रभारी आदित्य दीक्षित व यात्रा संयोजक सौरभ मिश्रा, सह संयोजक अंकित तिवारी ने शहर के विभिन्न मोहल्लों में जन सम्पर्क कर कार्ड वितरित किये। शहर के नाला मछरट्टा, टाइप वाली गली, सेनापति, खड़ियाई, दिल्ली ख्याली कूंचा, हरभगत आदि मोहल्लों में भगवान परशुराम यात्रा के कार्ड वितरित किये। ब्राह्मण सेवा समिति द्वारा रेलवे रोड पाण्डेश्वर नाथ मंदिर से यात्रा शुरु होकर चौक, घुमना, नितगंजा होते हुए ब्राह्मण धर्मशाला पहुंचेगी, जहां समापन होगा। अध्यक्ष रमेश चन्द्र त्रिपाठी, उपाध्यक्ष डॉ. हरिदत्त द्विवेदी व श्याम बाबू दीक्षित, महामंत्री लालराम दुबे, मंत्री गिरीश के अलावा यात्रा संयोजक सौरभ मिश्रा, प्रभारी आदित्य दीक्षित आदि लोग सफल बनाने के लिए कार्ड वितरित कर रहे है। व्यवस्था सुरेन्द्र पाण्डेय, अशोक दीक्षित, विमलेश मिश्रा आदि लोगों ने कार्ड वितरित किये है। 19 अप्रैल को नगर में धूमधाम से शोभायात्रा निकाली जायेगी।

## मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे बोर्ड के विजेन्द्र सिंह अधिवक्ता हुए नियुक्त



अधिवक्ता विजेन्द्र सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत सरकार मिनिस्ट्री ऑफरेलवे बोर्ड द्वारा अधिवक्ता विजेन्द्र सिंह को पैनल एडवोकेट नियुक्त किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय द्वारा अधिवक्ता विजेन्द्र सिंह को पैनल में शामिल किया गया है। अब वह अधिवक्ता रहते हुए रेलवे संबंधित मुकदमों का प्रबंधन करेंगे और सूचीबद्ध मामलों पर निगरानी रखते हुए रेलवे प्रशासन के हितों में कार्य करेंगे। डीजीएम आलोक कुमार ने हस्ताक्षर कर अधिवक्ता विजेन्द्र सिंह को रेलवे बोर्ड द्वारा पैनल एडवोकेट नियुक्त किया है। रेलवे बोर्ड पैनल एडवोकेट बनने पर विजेन्द्र सिंह का अधिवक्ताओं ने स्वागत किया और मिष्ठान खिलाकर बधाई दी।

## प्रारंभिक मेडिकल रिपोर्ट में हार्ट अटैक की पुष्टि, फिर भी चोटों के निशानों से उठे सवाल

# मजदूरी करने गए युवक की संदिग्ध मौत, पत्नी ने पीट-पीटकर हत्या का लगाया आरोप

▸ सीओ के हस्तक्षेप के बाद जांच तेज, एफएसएल टीम ने मौके से जुटाए साक्ष्य





समृद्धि न्यूज़

**गोला (लखीमपुर खीरी)।** कोतवाली गोला क्षेत्र के ग्राम भुड़वारा में मजदूरी करने गए युवक वंशीलाल की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। एक ओर मृतक की पत्नी ने पीट-पीटकर हत्या का आरोप लगाया है, वहीं पुलिस के अनुसार प्रारंभिक मेडिकल रिपोर्ट में हार्ट अटैक की पुष्टि हुई है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज कर दी है। मृतक की पत्नी संगीता ने तहरीर देकर गांव के ही बजाज पुत्र लम्बरदार और उसके भाई कलाम पर लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शव पर हाथ, पैर और पीठ पर चोटों के निशान थे, कान फटा हुआ था और सिर पर गंभीर चोट दिखाई दे रही थी, जिससे हत्या की आशंका मजबूत होती है। तहरीर के मुताबिक, 11 अप्रैल की सुबह करीब 7 बजे बजाज वंशीलाल को अपने खेत पर मजदूरी के लिए ले गया था। शाम करीब 5:30 बजे वह घर पहुंचा और परिजनों को बताया कि वंशीलाल सुबह 9 बजे से गायब है। इस पर परिजनों को संदेह हुआ, क्योंकि वह उसी के साथ खेत पर गया था। परिजनों ने रात करीब 8 बजे गांव के लोगों के साथ खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। करीब 9 बजे दोबारा तलाश करने पर उसी खेत में वंशीलाल का शव मिला। परिजनों का कहना है कि पहली बार तलाश के दौरान शव वहां नहीं था, जिससे घटना को लेकर संदेह और गहरा गया है।

**मजदूरी के गेहूं को लेकर विवाद की बात आई सामने-**

परिजनों के अनुसार मजदूरी के बदले गेहूं को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि विपक्षी पक्ष तीन कुंतल गेहूं की मांग कर रहा था, जबकि वंशीलाल ढाई कुंतल देने की बात कह रहा था। इसी विवाद को घटना की वजह बताया जा रहा है।

**पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल, सीओ के हस्तक्षेप के बाद कार्रवाई तेज**

मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि कोतवाली पहुंचने पर उनकी बात को शुरुआत में गंभीरता से नहीं लिया गया। हालांकि, क्षेत्राधिकारी गोला रमेश कुमार तिवारी के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू की। सीओ ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया है और सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक मेडिकल रिपोर्ट में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। हालांकि, शरीर पर मिले चोट के निशानों और परिजनों के आरोपों को देखते हुए पुलिस अन्य संभावित पहलुओं की भी जांच कर रही है। अंतिम स्थिति पोस्टमार्टम की विस्तृत रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगी।

**गांव की सामाजिक पृष्ठभूमि भी चर्चा में, प्रशासन सतर्क**

घटना के बाद कुछ ग्रामीणों ने गांव की सामाजिक संरचना का भी जिक्र किया। उनके अनुसार गांव की आबादी करीब 4000 है, जिसमें लगभग 3000 मुस्लिम और 1000 हिंदू समुदाय के लोग रहते हैं। कुछ लोगों ने पूर्व में आपसी तनाव की बात कही, हालांकि प्रशासन की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

## नाबालिग के अपहरण का आरोप निकला फर्जी वीडियो जारी कर किशोर ने बताई सच्चाई

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी (गोला)।** गोला कोतवाली क्षेत्र के बरखड़ीपुर गांव से 16 वर्षीय किशोर के कथित अपहरण का मामला जांच के दौरान नया मोड़ लेता नजर आया है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में स्वयं किशोर ने सामने आकर अपहरण की घटना को सिरे से खारिज कर दिया और बताया कि वह अपनी मर्जी से घर से गया है। इसके बाद पूरे मामले को लेकर पुलिस भी सतर्क हो गई है और मामले की जांच जारी है। जानकारी के अनुसार, रहीमनगर ग्रांट ग्राम पंचायत के बरखड़ीपुर निवासी मीना देवी ने कुछ दिन पूर्व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर अपने बेटे कपिल के अपहरण का आरोप लगाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि गांव के ही पंकज, कौशल, सुधा देवी और पंकज कुमार ने उनके बेटे को जबरन कार में बैठाकर ले गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। इसी बीच मामला तब पलट गया जब कथित रूप से लापता किशोर कपिल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में कपिल ने स्पष्ट रूप से कहा कि उसका किसी ने अपहरण नहीं किया है, बल्कि वह अपनी इच्छा से एक युवती के साथ गोरखपुर गया है। उसने यह भी कहा कि उसके साथ किसी प्रकार की जबरदस्ती या दबाव नहीं है। वीडियो सामने आने के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। वहीं, ग्राम प्रधानपति पंकज कुमार ने भी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि किशोर एक युवती के साथ अपनी मर्जी से घर से गया है। उन्होंने कहा कि अपहरण जैसी कोई घटना नहीं हुई है।

## खबरें एक नजर में

### हलिया प्रीमियर लीग के पहले सेमीफाइनल में लालगंज की टीम ने हलिया को हराया

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हलिया कस्बा में चल रहे अंडर आर्म नाईट हलिया प्रीमियर लीग के पहला सेमीफइनल मैच लालगंज क्रिकेट टीम व हलिया थाना क्रिकेट टीम के बीच खेला गया जिसमें हलिया थाना टीम के कैप्टन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में 35 रन बनाकर 36 रनों का लक्ष्य लालगंज की टीम को दिया जिस पर लालगंज की टीम ने चार ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 36 रन बनाकर मैच को जीतकर फइनल में प्रवेश किया है दूसरा सेमीफइनल मैच भदोही क्रिकेट टीम व हलिया कमेटी के टीम के बीच खेला गया जिसमें हलिया कमेटी ने भदोही की टीम को हराकर फइनल में प्रवेश किया है फइनल मैच 14 अप्रैल को हलिया कमेटी की टीम व लालगंज टीम के बीच खेला जायेगा इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष सोकीम उर्फ मट्टर, जिलानी खान, कासिम खान, गोविन्द गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### स्वामी तुलसी महराज ने यथार्थ गीता का दिया उपदेश

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हथेड़ा गांव स्थित प्रतिष्ठित व्यवसायी मुकुंद लाल अग्रहरी के आवास पर शनिवार की शाम परमहंस औरा आश्रम के के स्वामी तुलसीदास महाराज ने पहुंचकर उपस्थित लोगो को यथार्थ गीता के उपदेश देते हुए यथार्थ गीता के बारे में विस्तार से जानकारी दिया स्वामी जी ने कहा की यथार्थ गीता शत मार्ग पर चलने का एक अचूक माध्यम है । प्रतिदिन यथार्थ गीता का पाठ करने से समस्त बधाएं दूर होती है और ओम राम शिव दो ढाई अक्षर के प्रतिदिन जाप करने व गुरु के स्वरूप के ध्यान करने से व्यक्ति को इस जन्म के अलावा जन्म मरण के बंधन से छुटकारा मिल जाता है बिना गुरु के ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती है समर्थ गुरु प्राप्त हो जाने पर व्यक्ति का उद्धार हो जाता है इस दौरान मुकुंद लाल अग्रहरी, युवा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रहरी समाज रजि. शिवा अग्रहरी, थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, आशीष अग्रहरी, संतोष अग्रहरी, बसंत सिंह आचार्य, अंकित अग्रहरी, वीरेंद्र अग्रहरी,मुन्ना महाराज आदि मौजूद रहे।

### भाजपा ने हलिया मंडल में गांव बस्ती संपर्क अभियान चलाया

**हलिया (मिर्जापुर)।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गांव बस्ती संपर्क अभियान अंतर्गत रविवार को मंडल हलिया के ग्राम परसिया कला में घर घर संपर्क कर देश व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को बताया गया।इस अवसर पर पंकज सिंह चंदेल जिला कार्यसमिति सदस्य भाजपा मीरजापुर,शक्ति केंद्र संयोजक राकेश मौर्य, बूथ अध्यक्ष रामशकल मौर्य, मंडल कार्यसमिति सदस्य हरिशंकर यादव, दूधनाथ मौर्य, जोगेंद्र कोल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गांव बस्ती संपर्क अभियान अंतर्गत मंडल हलिया के ग्राम परसिया कला में घर घर संपर्क कर देश व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को बताया गया।इस अवसर पर पंकज सिंह चंदेल जिला कार्यसमिति सदस्य ,शक्ति केंद्र संयोजक राकेश मौर्य, बूथ अध्यक्ष रामशकल मौर्य, मंडल कार्यसमिति सदस्य हरिशंकर यादव, दूधनाथ मौर्य, जोगेंद्र कोल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दवा कराने निकला किशोर लापता, पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के परसिया कला गांव निवासी राम नरायन ने रविवार को थाने में तहरीर देकर दवा इलाज कराने के लिए निकले पुत्र के गुम होने पर मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई गई दी गई तहरीर में बताया है की 7 अप्रैल की दोपहर पुत्र 15 वर्षीय विशाल घर से दवा इलाज कराने के लिए साइकिल से बरुआ बाजार आया था की वापस लौटकर घर नहीं आया काफी खोजबीन करने के बाद भी पुत्र का पता नहीं चलने पर सूचना दे रहा हूँ। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई गई है । इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की दवा इलाज कराने के लिए निकला किशोर लापता होने पर किशोर के पिता ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### गायिका आशा भोसले के निधन से शोक की लहर

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर )।** स्वर साम्राज्ञी आशा भोसले की 92 वर्ष में निधन की खबर मिलते ही लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीण अंचलों में विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व राजनीतिक सेवकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपनी स्मृतियां साझा कीं। बुजुर्ग ग्रामीणों का कहना है कि उनके समय में फिल्मी गीत ही मनोरंजन का प्रमुख माध्यम थे। कस्बों के सिनेमा घरों और बाद में दूरदर्शन और आकाशवाणी के जरिए उनके गीत घर-घर तक पहुंचे। उनके गीतों में जीवन के हर भाव की अभिव्यक्ति होती थी, जिससे लोग स्वयं को उनसे जुड़ा महसूस करते थे। लहंगपुर में सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष 63 वर्षीय बालेंदु मणि त्रिपाठी ने कहा कि हम लोगों ने अपनी युवावस्था उनके गीतों के साथ बिताई है। उनकी आवाज में ऐसी मिठास थी जो आज भी मन को छू जाती है।राजनीतिक सेवक 60 वर्षीय शशि भूषण दुबे ने कहा कि सिनेमा में जब उनका गीत आता था, तो पूरा माहौल बदल जाता था। उनकी आवाज में अलग ही आकर्षण था।सामाजिक कार्यकर्ता हरिशंकर मिश्रा (69 वर्ष) ने बताया कि उनके गीत हर खुशी और हर दुख के अवसर पर सुने जाते थे। आज वही गीत स्मृतियों में जीवित हैं। सामाजिक जीवनलाल दुबे 68 वर्ष ने कहा कि उन्होंने अपने गायन से संगीत को नई दिशा दी। उनकी प्रतिभा हर तरह के गीतों में दिखाई देती थी।सपा के वरिष्ठ नेता चौधरी श्याम नारायण यादव (70 वर्ष) ने कहा कि हमारे समय के गीतों की आत्मा वही थीं। उनके गीत सुनते ही पुराने दिन याद आ जाते हैं।राजनीतिक सेवक महेंद्र तिवारी (69 वर्ष) ने कहा कि ऐसे कलाकार विरले ही जन्म लेते हैं। उनका जाना अपूरणीय क्षति है।जिले के विभिन्न हिस्सों में लोगों ने महान गायिका को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके निधन को एक युग का अंत बताया।

### शारदा नदी में डूबे व्यक्ति की तलाश जारी

**ईसानगर, खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र के समदहा गांव के पास शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। समदहा निवासी मायाराम (55) पुत्र अशर्फी शारदा नदी पार करते समय गहरे पानी में डूब गए। घटना की खबर मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची खमरिया पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से देर रात तक तलाश अभियान चलाया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश राय ने रविवार को एनडीआरएफ टीम को बुलाकर सर्च ऑपरेशन शुरू कराया। परिजनों के अनुसार, मायाराम घर से बाजार जाने के लिए निकले थे और रास्ते में नदी पार करते समय यह हादसा हो गया। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश राय ने बताया कि एनडीआरएफ टीम द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, लेकिन अभी तक लापता व्यक्ति का कोई पता नहीं चल सका है।

## बांकेगंज में खनन माफियाओं के हौसले बुलंद



**समृद्धि न्यूज़, बाँकेगंज खीरी।** लखीमपुर खीरी जनपद के थाना मैलानी अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी बांकेगंज क्षेत्र में इन दिनों अवैध खनन माफियाओं का आतंक चरम पर है। क्षेत्र में मिट्टी के अवैध खनन का कारोबार इस कदर पैर पसार चुका है कि माफियाओं के मन से न तो कानून का भय रह गया है और न ही प्रशासन का खौफ। स्थिति यह है कि दिन के उजाले में पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर ट्रैक्टर-ट्रालियां धड़ल्ले से दौड़ रही हैं, लेकिन जिम्मेदार मौन साधे हुए हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफियाओं द्वारा संचालित ट्रैक्टर-ट्रालियां रिहाइशी इलाकों और संकरी सड़कों पर अत्यधिक तेज रफ्तार ओवरस्पीडिंग से गुजरती हैं। इन वाहनों की गड़गड़ाहट और उड़ती धूल ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। मिट्टी लदे वाहन न केवल सड़कों को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं, बल्कि उनसे गिरने वाली मिट्टी के कारण सड़कें फिसलन भरी हो रही हैं, जिससे आए दिन दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों के लिए यह अवैध कारोबार दोहरी मुसीबत बन गया है।

## नदी किनारे चल रही अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।** जनपद में अपराध व अवैध शस्त्र निर्माण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में स्वाट/सर्विलांस टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। मौके से दो अंतरजनपदीय अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, 11 अप्रैल 2026 को ग्राम लुधौनी के पास नदी किनारे छप्पर डालकर संचालित की जा रही अवैध फैक्ट्री पर छापेमारी की गई। यहां से जमील उर्फ भुर्जी निवासी भदमरा थाना रेउसा, जनपद सीतापुर तथा रोज अली निवासी गंगान थाना ईसानगर, जनपद खीरी को अवैध शस्त्र बनाते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 9 देशी तमंचे (315 व 12 बोर), 4 अर्द्धनिर्मित तमंचा बॉडी, 11 नाल, जिंदा व खोखा कारतूस सहित बड़ी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। इनमें बरमा मशीन, वेल्डिंग सामग्री, रेती, छेनी, हथौड़ी, ट्रिगर, स्प्रिंग व अन्य उपकरण शामिल हैं।

> स्वाट टीम की कार्रवाई से भारी मात्रा में तमंचे व उपकरण बरामद

**स्थान बदलकर करते थे निर्माण**

पूछताछ में सामने आया कि दोनों अभियुक्त सुनसान स्थानों और नदी किनारों पर जगह बदल-बदलकर असलहा बनाने का काम करते थे, जिससे पुलिस की नजर से बच सकें। गिरफ्तार अभियुक्त जमील उर्फ भुर्जी पर सीतापुर जनपद में आर्म्स एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं रोज अली के खिलाफ गौकशी, दहेज हत्या व अवैध शस्त्र से जुड़े मामले पहले से दर्ज हैं। इस संबंध में थाना खमरिया पर आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

**इनकी रही अहम भूमिका**

कार्रवाई में स्वाट टीम प्रभारी उपनिरीक्षक जयप्रकाश यादव, सर्विलांस टीम के शरद शुक्ला सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। थाना खमरिया प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश राय की टीम भी अभियान में शामिल रही।

## मिशन शक्ति अभियान में महिला थाना की पहल

▸ काउंसलिंग से 5 परिवार टूटने से बचे

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर चल रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को महिला थाना में पारिवारिक विवादों के समाधान के लिए काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक शिल्पी शुक्ला और काउंसलिंग टीम के संयुक्त प्रयास से कई परिवारों को टूटने से बचाने की पहल की गई।

महिला थाना में दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और पारिवारिक विवादों से जुड़े कुल 15 मामलों में दोनों पक्षों को बुलाकर विस्तार से बातचीत कराई गई। काउंसलर नीति गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी और कुसुम गुप्ता की मौजूदगी में शांतिपूर्ण माहौल में समझौते का प्रयास किया गया। इस प्रक्रिया में 5 दंपतियों के बीच आपसी सहमति बन गई और उनकी विदाई कराकर उन्हें पुनः साथ रहने के लिए राजी किया गया।

वहीं 4 मामलों में पति-पत्नी के बीच गंभीर मतभेद होने के चलते तत्काल समाधान नहीं निकल सका, ऐसे में दोनों पक्षों को सोचने और आपसी संवाद के लिए समय दिया गया है। इसके अलावा 2 मामले ऐसे रहे, जो पहले से न्यायालय में लंबित हैं, जिनमें पक्षकारों ने कोर्ट के माध्यम से ही सुलह की प्रक्रिया आगे बढ़ाने पर सहमति जताई।

हालांकि 4 मामलों में काउंसलिंग के बावजूद कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकल सका, जिनमें पीड़ित महिलाओं ने मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। पुलिस द्वारा इन मामलों में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान महिला थाना की टीम ने उपस्थित महिलाओं और उनके परिजनों को महिला हेल्पलाइन नंबरों के साथ-साथ कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना और निराश्रित पेंशन योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक भी किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

## मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक संपन्न



**समृद्धि न्यूज़, धौरहरा, खीरी।** आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर के 135वें जन्मदिवस के अवसर पर क्षेत्र में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नायब तहसीलदार ने की, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों अनुयायी मौजूद रहे। बैठक में क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सोनकर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अंबेडकर जयंती को हर्षोल्लास और अनुशासन के साथ मनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में कानून को हाथ में न लिया जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, हर वर्ष की भांति इस बार भी 14 अप्रैल को बाबासाहेब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा तथा भव्य बाइक रैली का आयोजन होगा। रैली थाना क्षेत्र खमरिया के बसेढिया चौराहे से प्रारंभ होकर नयागांव, ललमुन्ना, महराज नगर, लालापुरवा, सिसैया चौराहा आदि स्थानों से गुजरते हुए ज़ालिम नगर पुल पर समाप्त होगी।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



समृद्धि न्यूज़

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के रतेह चौराहा पर रविवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने महिलाओं को सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। मिशन शक्ति प्रभारी एसआइ रमेश यादव ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 112,1090, 1076, 1098,1930,108 आदि की विस्तार से जानकारी दी।कहा कि कोई भी समस्या आने पर इन हेल्प लाइन नंबरों पर फोन कर मदद ले सकती हैं।कहा कि आपात स्थिति में तत्काल वूमेन पावर लाइन 1090 और पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर फोन करें पुलिस सहायता के लिए पहुंचेगी। महिला कांस्टेबल छाया ने साइबर अपराध से संबंधित जानकारी देते हुए महिलाओं से कहा कि छोटी छोटी घटनाओं को नजर अंदाज नही करें बल्कि अपने स्वजनों और पुलिस को सूचना दें।

## पीहू पैंथर्स ने एडन क्रिकेट अकादमी को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**



रॉयल प्रूडेंस डिग्री कॉलेज मैदान पर खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए पीहू पैंथर्स ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 158 रन बनाए, श्रेष्ठ प्रताप ने 33 गेंद में 59 रन और शशि प्रकाश ने 27 गेंद में 27 रन की पारी खेली, गेंदबाजी में पवन ने चार विकेट जबकि आयुष्मान और आमिर ने दो-दो विकेट लिए, जवाब में एडन क्रिकेट अकादमी की टीम 15.1 ओवर में 132 रन पर ऑल आउट हो गई, आयुष्मान ने 20 गेंद में 31 रन और सर्वजीत ने 19 गेंद में 23 रन बनाए, पीहू पैंथर्स की ओर से तनु ने चार और श्रेष्ठ ने तीन विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई।

वहीं सातवें मैच में रॉयल क्रिकेट अकादमी ने मस्कुलर फिटनेस को हराया, मस्कुलर फिटनेस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 111 रन बनाए, अक्षत मिश्रा ने 27 गेंद में 26 रन और कृष्णा ने 30 गेंद में 18 रन बनाए, गेंदबाजी में धर्म ने दो विकेट जबकि विपिन और उत्कर्ष ने एक-एक विकेट लिया, लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल क्रिकेट अकादमी ने 10.5 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर मुकाबला जीत लिया, अधिक ने 37 गेंद में 54 रन और अभिषेक ने 22 गेंद में 27 रन बनाए, गेंदबाजी में अक्षत मिश्रा को एक विकेट मिला, मैच के दौरान श्याम मोहन श्रीवास्तव, मनीष बंसल, आदर्श पांडे, उत्कर्ष अवस्थी और पियूष अवस्थी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 194 मरीजों का हुआ उपचार

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**



उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 194 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में डॉक्टर विवेक खरे ने कुल 46मरीजों का उपचार किया इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार मे आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में आयोजित किया गया। जिसमे कुल 31 मरीजों का उपचार किया गया इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बाल कृष्ण मिश्रा के देखरेख में सम्पन्न हुआ जिसमें कुल 41 मरीजों का उपचार किया गया इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर सुरेश कनौजिया के देखरेख में आयोजित किया गया जिसमें कुल 37 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 194 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है।

## सपा की बैठक में अम्बेडकर जयंती पर जोर



**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष मुमताज अहमद की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय सत्यानगंज मासिक बैठक संपन्न हुई।जिला उपाध्यक्ष रवि प्रकाश त्रिपाठी ने बूथ अध्यक्षों को आगामी विधानसभा 2027 के चुनाव मिशन को ध्यान में रखते हुए बूथ अध्यक्ष अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाए और कहा की 14 अप्रैल को सेक्टर स्तर पर बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की जयंती मनाई जायेगी। बैठक में डॉ0 मोहम्मद इस्लाम, सदानंद यादव, रजायत खान, कमलेश श्रीवास्तव, मो.सलीम, हाफिज रौशन, रिजवान अली, रामजी त्रिपाठी, मुहम्मद अजीम, शौकत आली, शाफिक अहमद संदीप कुमार मौर्या, राजेश कुमार मौर्या, राजेश पटेल, मुहम्मद आलम, रियाज अहमद, मोहन यादव आदि मौजूद रहें।